✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✶ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अप्रत्याशित जीत पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का हुआ शानदार स्वागत

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 335 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, मंगलवार, 5 मई 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com

# गंगोत्री से गंगासागर तक लहराया भगवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी की किला ढहा दिया है। ममता के 15 साल के शासन का अंत हो चुका है। बाहर से यह भले ही यह ममता और शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधी लड़ाई लगती हो लेकिन असल में भाजपा के लिए इस जीत के मायने इससे भी बढ़कर हैं। यह भाजपा के लिए विचारधारा की धरती पर पहली बार सत्ता में आना है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर उसके लिए यह जीत अपने संस्थापक को समर्पित हो सकती है। साथ ही पूरब में अपना झंडा बुलंद करने की भी उसकी हसरत अरसे बाद ही सही, पूरी हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने असम में तीसरी बार अपनी सरकार बनाकर हैट्रिक लगाई है। बीजेपी ने साबित कर दिया कि राज्य में अब वह 'मेहमान' पार्टी नहीं, बल्कि उस घर की मुखिया है। विकास के मुद्दे और हिंदुत्व की विचारधारा के कॉकटेल से हिमंता बिस्वा सरमा ने पूरे चुनावी रण को एकतरफा रखा। हिमंता बिस्वा सरमा की लोकप्रियता को आगे रखते हुए और चुनाव प्रचार में आक्रामकता के साथ बीजेपी ने जो रणनीति अपनाई, विपक्षी दल उसके आस-पास भी नहीं थे। पश्चिम बंगाल और असम सहित पांच राज्यों के चुनावी नतीजों की झलक बता रही है कि राजनीति के बड़े-बड़े सूरमाओं के समीकरण कैसे चारों खाने चित हुए हैं। इन चुनावों में जनता ने यह साफ तौर पर बता दिया कि खामोशी के साथ दबाया गया ईवीएम के बटन का शोर बड़ी से बड़ी सत्ता को हिला सकता है। असम में बीजेपी की हैट्रिक सबूत है कि कैसे एक चेहरा दिल्ली तक गूंज मचा सकता है। केरल में सत्ता विरोधी लहर ने वामपंथ के गढ़ को हिला दिया। तमिलनाडु के चुनावी नतीजे इस बात के गवाह हैं कि सिल्वर स्क्रीन का जादू आज भी किस हद तक एक बड़ी आबादी के दिलों की धड़कन है। आइए समझते हैं कि चार मई को आए ये चुनावी परिणाम कौन से चार बड़े सबक लेकर आए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दिया है। बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।



विधानसभा चुनावों में बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी दिल्ली में स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंचे। बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनाने जा रही है, इस मौके पर पीएम मोदी बंगाली धोती-कुर्ता पहनकर पहुंचे। बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी ने कहा, 'आज का ये दिन ऐतिहासिक है। गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिल रहा है।' प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन में कहा, गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कमल खिला दिया। आज भरोसे की जीत का दिन है।' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'जीत और हार लोकतंत्र और राजनीति का एक स्वाभाविक हिस्सा हैं। लेकिन, पांच राज्यों की जनता ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि हमारा देश 'लोकतंत्र की जननी' क्यों है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति है। आज न केवल लोकतंत्र की जीत हुई है, बल्कि हमारे संविधान की भी जीत हुई है। हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की जीत हुई है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल और असम की जीत पर अपने संबोधन में कहा, 'गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा को आज शांति मिली। 2021 में हमने पुडुचेरी के लोगों के सामने 'बेस्ट पुडुचेरी' का विजन पेश किया था। पुडुचेरी के लोगों ने उस विजन पर अपना भरोसा जताया और हमें आशीर्वाद दिया। पिछले पांच सालों में, हमारी एनडीए सरकार ने इस विजन को आगे बढ़ाने के लिए पूरे समर्पण और कमिटमेंट के साथ काम किया है। आगे कहा, 'आज अलग-अलग उपचुनावों के नतीजे भी बहुत उत्साह बढ़ाने वाले थे। महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड और त्रिपुरा में हुए उपचुनावों में हमारे उम्मीदवारों को लोगों का आशीर्वाद मिला और इन राज्यों में भी हम जीते। एनडीए नेता और महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने भी जबरदस्त जीत हासिल की।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'एक पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर, मैं हर बीजेपी कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हूं। आज का दिन कई मायनों में खास है। यह देश के उज्ज्वल भविष्य की घोषणा का दिन है। यह भरोसे का दिन है। भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसा। परफॉर्मेंस की राजनीति पर भरोसा। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना पर भरोसा।' पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैं चुनाव आयोग और सुरक्षाबलों का अभिनंदन करता हूं।' पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं चुनाव आयोग को, चुनाव आयोग के सभी कर्मचारी भाई-बहनों को, मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी कर्मियों को और विशेष रूप से सुरक्षा बलों को भी अपनी हार्दिक बधाई देता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो बच्चों को कुचला

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरांव के मुरार थाना क्षेत्र के बैदा गांव में रविवार की रात सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को गहरे मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रोहतास जिले के नटवार थाना क्षेत्र के मुसवट गांव निवासी 12 वर्षीय आनंद शर्मा (पिता जय कुमार शर्मा) और अरियांव निवासी 6 वर्षीय अरबी शर्मा (पिता विकास शर्मा) के रूप में हुई है। दोनों बच्चे अपने मामा दुर्गेश शर्मा की शादी में शामिल होने बैदा गांव आए हुए थे।

### बिहार के 2.45 लाख लोगों को नहीं मिलेगा पीएम किसान योजना का लाभ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभुकों की जांच में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। केंद्र सरकार के जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) और पीएम-किसान के आधार डाटाबेस के मिलान में 2.45 लाख ऐसे लाभुक चिह्नित किए गए हैं जिनके परिवार के एक से अधिक सदस्य योजना का लाभ ले रहे हैं। इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए केंद्र ने ऐसे सभी लाभुकों का भुगतान तुरंत रोकने और राज्य सरकार को इसका फिज़िकल वेरीफिकेशन कराने का सख्त निर्देश दिया है। जांच के लिए सूची जिलों को भेज दी गयी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली-मालदा फरक्का एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। बताया जाता है कि सोमवार को दो महिलाएं रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म की ओर आ रही थी तभी सामने थ्रू गाड़ी आता देख प्लेटफार्म पर लोग उसे बचाने के लिए दौड़े। दोनों महिलाओं को हाथ दिया कि किसी तरह दोनों को प्लेटफार्म पर खींच लेंगे लेकिन तभी पूर्वी छोड़ पर डाउन थ्रू गाड़ी संख्या 14004 दिल्ली-मालदा फरक्का एक्सप्रेस अचानक आ गई और दोनों महिलाओं को रौंदते हुए आगे निकल गयी। इस दर्दनाक हादसे को देख प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों के रोंगते खड़े हो गये। लोगों ने दोनों महिलाओं को बचाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली जिसका लोगों को काफी अफसोस था। दोनों महिलाओं की प्लेटफार्म चढ़ने से पहले ही रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक मौत हो गयी।

## तिलक से लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को ट्रक ने रौंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के मठिया गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने बस और पिकअप वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। तिलक समारोह से लौट रहे ये लोग बस से उतरकर सड़क पार कर रहे थे, तभी दुर्घटना हो गई। मृतकों में मठिया गांव निवासी अशोक सिंह (लड़की के पिता), पिंटू सिंह, रजनीश कुमार और करगहर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी रामव्रत सिंह शामिल हैं। सभी रिश्तेदार थे और चेनारी थाना क्षेत्र के लोधी में तिलक चढ़ाने के बाद अपने गांव लौट रहे थे। हादसा इतना भयावह था कि पांचों व्यक्ति वाहनों के नीचे दब गए और मौके पर ही उनकी जान चली गई। सुबह करीब तीन बजे हुई इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही पूरे मठिया गांव में कोहराम मच गया। शादी की तैयारियों में व्यस्त परिवार अचानक मातम में डूब गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन नंदेश्वर सिंह ने बताया कि वे वाहनों से उतर ही रहे थे कि तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रक की अनियंत्रित और तेज रफ्तार इस हादसे की मुख्य वजह बनी। ट्रक ने पहले पिकअप वैन को टक्कर मारी और फिर बस को रौंदते हुए पैदल यात्रियों को कुचल दिया। पुलिस ट्रक ड्राइवर की तलाश में जुटी हुई है। मृतकों के परिजन हादसे की जगह पर पहुंचकर रो-रोकर बिलख रहे हैं। अशोक सिंह की बेटी का विवाह तय था और पूरा परिवार खुशी मनाने चेनारी गया था। घर के पास ही यह त्रासदी हो जाना परिवार के लिए दोहरा झटका बना है। स्थानीय लोगों ने बेहतर सड़क सुरक्षा की मांग की है। दिनारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बस, पिकअप वैन और ट्रक को सड़क से हटाया गया तथा सभी वाहनों को जब्त कर लिया गया है। हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रोहतास जिला के दिनारा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की हुयी असामयिक मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस सड़क हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का भी निर्देश दिया है एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## जहां पैदा हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वो बंगाल हमारा है : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी ने पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद सोशल मीडिया कई ट्वीट किए हैं। पश्चिम बंगाल में बीजेपी को मिले ऐतिहासिक जनादेश से उत्साहित सम्राट चौधरी ने राज्य की जनता को राष्ट्रवाद और जागरूकता का प्रतीक बताया। उन्होंने अपने ट्वीट में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को याद किया। सम्राट चौधरी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि जहां पैदा हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वो बंगाल हमारा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जागरूक और राष्ट्रनिष्ठ जनता का वह हृदय से कोटि-कोटि अभिनंदन करते हैं जिन्होंने बीजेपी को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। सीएम सम्राट के इस बयान को कार्यकर्ताओं में जोश भरने वाले बयान के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के साथ-साथ अन्य तीन राज्यों में भी भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर सम्राट चौधरी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने अलग-अलग पोस्ट के माध्यम से असम, और पुद्दुचेरी के मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होने कहा कि यह प्रचंड जनादेश प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन के सशक्त संगठनात्मक मार्गदर्शन में जनसेवा, सुशासन और विकास के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है।

## वज्रपात से तीन किशोरों सहित चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में तीन किशोर सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पहली घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के घटराईन भुइयां बिगहा की है जहां बधार में आम चुनने गए दो किशोर वज्रपात की चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान उस गांव निवासी राम प्यारे भुइयां के 11 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार एवं गणेश भुइयां के 10 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक संतोष कुमार के पिता रामप्यारे भुइयां का पहले किसी घटना में पैर टूट गया था और मां शकुंती देवी हरिहरगंज में मजदूरी करने गई हुई थी। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दूसरी घटना जम्होर थाना क्षेत्र के पासी मोहल्ला की है जहां विजय कुमार चौधरी के 8 वर्षीय पुत्र बजरंगी की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बजरंगी घर के सामने पड़ोस के बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान अचानक बादलों की गरज के साथ तेज बारिश हुई। तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से वह हादसे का शिकार हो गया। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि बजरंगी कब घर से निकल गया किसी को इसकी जानकारी नहीं हुई। वहीं तीसरी घटना गोह थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव की है जहां वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो जख्मी हो गए। उनका नजदीकी अस्पताल में इलाज़ चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों खतरे से बाहर है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही उदयपुरा गांव निवासी राजू सिंह के 30 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतकों के शव को कब्जे में लेकर जरूरी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## भागलपुर का विक्रमशिला गंगा सेतु ध्वस्त

**पुष्पांकर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** बिहार में पुल गिरने की कई घटनाएं चुकी हैं लेकिन इस तरह यह पहली बार हुआ है कि भागलपुर को शेष बिहार से जोड़ने के कारण लाइफलाइन कहा जाने वाला विक्रमशिला सेतु बीच से टूटकर गंगा नदी में समा गया। 25 साल से यह सेतु चल रहा था। भागलपुर जिले के विक्रमशिला सेतु का 133 नंबर पिलर रविवार की देर रात ध्वस्त होकर गंगा नदी में समा गया जिसके बाद पुल पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। इस घटना से बिहार की लाइफ लाइन माने जाने वाले इस पुल पर संकट आ गया है। यह घटना रविवार देर रात की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात्रि 12:35 बजे पिलर धंसना शुरू हुआ और रात 1:00 बजे पूरी पुल का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गंगा नदी में गिर गया। पिलर में गड़बड़ी की जानकारी मिलते ही सेतु पर तैनात पुलिस कर्मियों ने तुरंत वरीय अधिकारियों को इस बात की सूचना दी। भागलपुर और नवगछिया को जोड़ने वाला विक्रमशिला सेतु के भागलपुर की ओर शुरुआती हिस्से में धंसाव होने के बाद करीब 33 मीटर हिस्सा गंगा नदी में समा गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गयी और यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे एक युवक गिरधारी कुमार ने आंखों देखी बताया कि हम लोग झारखंड से अंतिम संस्कार करने आए थे। लाश जलाने के बाद पुल के नीचे गंगा स्नान करने पहुंचे तो देखा कि पुल पर से पहले छोटा-छोटा टुकड़ा गिरा। उसके बाद पुल का बड़ा हिस्सा गंगा नदी में समा गया। हम लोग डर कर वापस यहां से भाग निकले। हम लोगों को ऐसा प्रतीत हुआ कि पुल के साथ-साथ गाड़ी भी गंगा में समा गई है जिसमें कुछ यात्री भी सवार थे। हालांकि घटना के बाद भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव भी वहां पहुंचे। जिलाधिकारी ने बताया कि पुल का पिलर संख्या 133 का एक स्लैब टूट कर गंगा नदी में गिर गया है जिससे आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक एवं पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

## भाजपा नेता अरविंद शर्मा निर्विरोध बने एमएलसी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद की एक सीट पर हुए उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। उप चुनाव में सिर्फ एक उम्मीदवार का नामांकन होने और नाम वापसी की समय सीमा समाप्ति के साथ ही निर्वाची पदाधिकारी ने भाजपा कैंडिडेट अरविंद शर्मा को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा की जीत पर सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खुशी जताया है। उन्होंने कहा कि बिहार विधान परिषद की विधानसभा कोटे की सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा (अरविंद शर्मा) का निर्विरोध निर्वाचित होना उनके संपूर्ण, सतत जनसेवा और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनकी मेहनत, निष्ठा और जनहित के प्रति लगन सराहनीय है।

## बंगाल विजय के बीच खासी चर्चा में है नितिन नवीन की भूमिका

### जमीनी पकड़, सटीक समन्वय और अनुशासित अभियान प्रबंधन बना सफलता का आधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चुनावी परिणामों ने जहां राजनीतिक समीकरणों को नया रूप दिया है वहीं भारतीय जनता पार्टी की रणनीतिक सफलता के केंद्र में संगठनात्मक दक्षता और मजबूत नेतृत्व की भूमिका विशेष चर्चा में है। इस पूरे अभियान में नितिन नवीन का योगदान एक प्रभावी कारक के रूप में उभरकर सामने आया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह चुनावी अभियान महज जीत-हार का मुकाबला नहीं था बल्कि यह जमीनी स्तर पर संगठन निर्माण, कार्यकर्ताओं के सशक्तिकरण और प्रभावी समन्वय का एक सफल मॉडल भी साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित रहे नितिन नवीन ने जिस तरह से बंगाल के युवाओं, विशेषकर बुद्धिजीवी वर्ग के बीच संवाद स्थापित किया, उसने पार्टी के लिए एक नया आधार तैयार किया। उनकी सामाजिक और जातीय समीकरणों पर पकड़ ने भी चुनावी रणनीति को मजबूती दी जिससे पार्टी को कई क्षेत्रों में अपेक्षित बढ़त मिली। भाजपा नेतृत्व द्वारा उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना एक सुनियोजित रणनीतिक निर्णय माना जा रहा है, जो इस चुनाव में ट्रंप कार्ड साबित हुआ। अभियान के दौरान बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने और पूरे अभियान को अनुशासित तरीके से संचालित करने में नितिन नवीन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस मजबूत संरचना ने पूरे चुनावी दौर में ऊर्जा और निरंतरता बनाए रखी। संचार रणनीति भी इस अभियान की खासियत रही। राष्ट्रीय स्तर के संदेशों को स्थानीय संदर्भों के साथ जोड़कर आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया। विकास, सुशासन और जवाबदेही जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर व्यापक



जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिससे पार्टी की स्वीकार्यता में विस्तार हुआ। विशेष रूप से दक्षिण बंगाल में केंद्रित रणनीति के तहत बौद्धिक संवाद, जनसंवाद कार्यक्रमों और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया। इससे नीति निर्माताओं और आम जनता के बीच संवाद का दायरा बढ़ा और विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की पहुंच मजबूत हुई। अभियान प्रबंधन में फीडबैक प्रणाली को भी विशेष महत्व दिया गया। जमीनी स्तर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर रणनीतियों में समय-समय पर बदलाव किए गए जिससे अभियान परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी बना रहा। नितिन नवीन के मार्गदर्शन में बिहार, छत्तीसगढ़ और ओड़िसा के भारतीय जनता युवा मोर्चा सहित संगठन से जुड़े हज़ारों युवा कार्यकर्ता, जो कि ख़ुफ़िया रूप से महीनों से पश्चिम बंगाल में कैम्प कर स्थानीय मुद्दों पर बारीकी से नज़र रख रहे थे तथा राष्ट्रीय नेतृत्व को पल-पल की जानकारी साझा कर रहे थे। साथ ही स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ताओं को संभावित सत्ता परिवर्तन का आस जगा उनका हिम्मत बढ़ा रहे थे। नितिन नवीन ने बिहार, छत्तीसगढ़ और ओड़िसा के भाजपा के संगठन से जुड़े चिन्हित युवा नेताओं को डायरेक्ट एक्शन के लिए पश्चिम बंगाल में लगाया और इसकी सीधी निगरानी ख़ुद करते रहे। नितिन नवीन द्वारा यहां तैनात किये गये ये कार्यकर्ता ख़ुफ़िया रूप से महीनों से पश्चिम बंगाल में कैम्प कर स्थानीय मुद्दों पर बारीकी से नज़र रख रहे थे तथा राष्ट्रीय नेतृत्व को पल-पल की जानकारी साझा कर रहे थे। साथ ही स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ताओं को संभावित सत्ता परिवर्तन की आस जगा उनकी हिम्मत बढ़ा रहे थे। इस तरह से नितिन नवीन ग्राउंड ज़ीरो के डायरेक्ट फीडबैक चैनल के माध्यम से सीधे जुड़े हुए थे। इसके साथ ही नितिन नवीन की फ्रंट से नेतृत्व की शैली ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरा। उनकी निरंतर क्षेत्रीय उपस्थिति, संवाद और सक्रिय भागीदारी ने संगठन के भीतर विश्वास और एकजुटता को मजबूत किया। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल का यह चुनाव न केवल राजनीतिक परिणामों के लिए बल्कि एक सशक्त और अनुशासित अभियान प्रबंधन के उदाहरण के रूप में भी याद किया जाएगा-जहां नितिन नवीन की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

C M Y K

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत विपक्ष के लिए सबक

## मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति विपक्ष पर पड़ रही भारी

**त्वरित विश्लेषण**

उपेंद्र कश्य

**कोलकाता/पटना।** पश्चिम बंगाल में बीजेपी जीत गई। यह जीत होना बीजेपी के लिए कम, देश की राजनीति और लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक था। इसके कारण स्पष्ट हैं। बंगाल की पारंपरिक राजनीति को अगर देखें तो 30 साल लगातार कांग्रेस, 34 साल लगातार वामपंथी और अब 15 साल लगातार तृणमूल कांग्रेस की सत्ता रही। राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों की प्रवृत्तियां वामपंथी शासन के जमाने में जो आरंभ हुई थी वह रूढ़ होती हुई तृणमूल कांग्रेस तक चली आयी। नतीजा जनता को विकल्प चुनने के अलावा कोई रास्ता नहीं बच गया था और वह विकल्प बनी भाजपा। इससे तृणमूल कांग्रेस एवं कांग्रेस हाशिये पर चली गई जिस वामपंथ का गढ़ था पश्चिम बंगाल, वहां से वह लगभग खत्म हो गयी साथ ही इसी दुर्दशा को कांग्रेस प्राप्त हो गयी। ऐसा उनकी नीतियों के कारण हुआ। सत्ता के अहंकार में तृणमूल वामपंथियों की दुर्गति के फलस्वरूप प्राप्त अपनी सत्ता से सबक नहीं ले सकी। वामपंथियों के राज्य में भी कोलकाता में जीना आसान नहीं था और वही हाल तृणमूल ने कर रखी थी। बंगाल में यह आम बात थी कि अगर आपको घर बनाना है तो ईट, सीमेंट के लिए भी तृणमूल के नेताओं को कट मनी देनी होगी। जमीन खरीदनी है तो भी। यानी विकास का छोटा सा भी काम अगर कोई नागरिक कर रहा है तो उसे एक हिस्सा तृणमूल के नेताओं को संतुष्ट करने के लिए खर्च करना पड़ता था। इतना ही नहीं लोकतंत्र की दुहाई देने वाला विपक्ष सेलेक्टिव था और तृणमूल के आतंक के आगे खामोश था। वोट देने से रोका जा रहा था। तृणमूल वोट न देने वालों की हत्याएं की गई। घर जलाए गए। यही सब तो वामपंथी भी करते थे। याद करिए बिहार का वह दौर जब हर चुनाव में हत्याएं होती थी और एक दौर वह आया जब हत्या तो छोड़िए वोट देने से रोकने की घटनाएं तक खत्म हो गई। बिहार में सामाजिक परिवर्तन हुआ। राजनीतिक परिवर्तन हुआ। टीएन शेषण की सख्ती के बीच 1995 में चुनाव हुआ, तब भी लालू यादव ने चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन 167 सीट लाकर लालू प्रसाद यादव पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल रहे। वरना बूथ लूट लिए जाते थे। हत्याएं होती थी। यही हाल पश्चिम बंगाल में था। वोट देना है तो पहले वामपंथियों के लिए दो और उनकी सत्ता चली गई तो फिर तृणमूल के लिए दो अन्यथा जीना मुहाल हो जाएगा। ऐसे में भाजपा ने रणनीति बनाई। लोहे को लोहा काटता है। ठीक उसी तर्ज पर अमित शाह ने कहा- अन्याय करने वालों को उल्टा लटका दिया जाएगा। चुनाव का परिणाम जो हो लंबे समय तक यहां केंद्रीय पुलिस बल तैनात रहेगी। इसने लोगों को भरोसा दिया। हिम्मत दी। नतीजा लोगों ने वोट दिया। उनको यह विश्वास हुआ कि चुनाव बाद होने वाली हिंसा से बच सकेंगे और सत्ता का परिवर्तन बड़ी आसानी से हो गया। विपक्ष के लिए यह सबक है। सबक कई है और जब तक विपक्ष सबक नहीं सीखेगा उसकी दुर्दशा जारी रहेगी। राज्यों के स्तर पर भी और लोकसभा चुनाव के स्तर पर भी। हर बार जनता को बेवकूफ समझने और बताना विपक्ष के लिए अब भारी पड़ता जाएगा। भारत में विपक्ष के साथ आजादी के समय से चली आ रही मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति को अब छोड़ना होगा। इस पर लंबी बातें कही और लिखी जा सकती है। यहां ठोस में बस इतना ही कहना चाहूंगा कि मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए जब आप बहु संख्यक आबादी की निष्ठा उसकी आस्था पर सवाल उठाते हैं, उसको अपमानित करते हैं, हिंदू देवी-देवताओं को आप गाली देते हैं और दूसरी तरफ ठीक उलट मुस्लिम अपराधियों व गुंडों के खिलाफ इसलिए सख्त नहीं होते कि मुस्लिम वोट बैंक गड़बड़ा जाएगा तो आप बहुसंख्यकों को ध्रुवीकृत कर रहे होते हैं। जब हिंदू देवी-देवताओं और सनातन संस्कृति की बात करते हुए उसकी आलोचना करते हैं जब उसकी कमियों को सामने रखते हैं तो आप यह भूल जाते हैं कि जनता यह भी अपेक्षा करेगी कि आप इस्लाम की परंपरा में जो खामियां हैं, उनकी त्रुटियों को भी रखें।

## बिहार विधानसभा परिसर में भाजपा की जीत पर जश्न, डॉ. प्रेम कुमार ने बांटी मिठाइयां



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/गया।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के बाद बिहार विधानसभा परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह जीत देश के नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की मजबूत कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सभी राज्यों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संगठन से लेकर बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी तक कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण, परिश्रम और प्रतिबद्धता के साथ काम किया, वह सराहनीय और प्रेरणादायक है। यह जीत केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, विकास के प्रति आस्था और सुशासन के समर्थन का प्रतीक है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस विजय के साथ इन राज्यों में विकास, समृद्धि और जनसेवा के नए आयाम स्थापित होंगे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सह महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष धर्मशिला गुप्ता, रणविजय रौशन, मनोज चंद्रवंशी, अधिवक्ता सत्यप्रकाश सिन्हा, सुबोध तुरहा, अखिलेश विद्यार्थी, मनोज कापरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा की जीत पर पटना में जश्न, मिठाइयां बांट खुशी का इजहार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के अवसर पर पटना में भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया जिसमें कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती का परिणाम है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व को इस जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह विजय लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास की जीत है। जनता ने विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में अपना जनादेश दिया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर भी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बिरेंद्र चंद्रवंशी, पवन ठाकुर, अभय सिंह, इंदल सिंह चंद्रवंशी, अनिल कुमार चंद्रवंशी, कमलेश चंद्रवंशी, संजय चौहान, निविदा देवी, उपेंद्र कुमार चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पटाखे छोड़कर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया।

**पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में अभूतपूर्व विजय पर बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में जमकर मना जश्न**

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर खिला कमल : संजय सरावगी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा, एनडीए की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में जमकर जश्न मनाया गया। इस जीत की खुशी में प्रदेश कार्यालय में मिठाइयां और झालमुड़ी बांटी गईं और कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई। मतगणना में इन राज्यों में भाजपा की बढ़त की खबर मिलते ही बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुट गए और जश्न मनाया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित भाजपा के कई एमएलए, विधान पार्षद भी जश्न में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं में इस जीत को लेकर उत्साह देखा गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इन राज्यों में मिली सफलता का जमकर जश्न मनाया। बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और 'भारत माता की जय' 'जय श्रीराम' के नारे लगाए। इस जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी खिलाकर भी एक दूसरे को बधाई दी। कार्यकर्ताओं में इस दौरान जोश चरम पर रहा।

बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी जश्न में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई। उन्होंने आज के दिन को ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि राज्य की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक 'विकसित बंगाल' चाहती है। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल संगठनात्मक मार्गदर्शन और हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का सजीव प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और समर्पण की परिणति है। यह विजय स्पष्ट संदेश देती है कि जनता का विश्वास केवल भाषणों और नारों से नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, सत्यनिष्ठा और कर्मठता से अर्जित होता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति को देखा है, वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संगठनात्मक कौशल ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, नई दिशा और नया आत्मविश्वास संचारित किया है। इसी नेतृत्व और परिश्रम के समन्वय ने बंगाल की धरती पर परिवर्तन के कमल को खिलाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह अब तुष्टिकरण, भय और भ्रम की राजनीति से ऊपर उठकर विकास, विश्वास और परिवर्तन के पथ पर आगे बढ़ना चाहती है।

**जैविक खेती के विकास के लिए मीठापुर स्थित कृषि भवन में एक दिवसीय कार्यशाला**

# बेहतर जीवन के लिए जैविक उत्पाद जरूरी : नर्मदेश्वर लाल




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल की अध्यक्षता में कृषि भवन, पटना के आडिटोरियम में बिहार राज्य में जैविक उत्पादन की संभावना, समस्याएं एवं समाधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कृषि प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक तरीके से उगाए गए अनाज और फल-सब्जियों के माध्यम से हम जहर खा रहे हैं। इससे कैंसर जैसी घातक बीमारियां हो रही हैं। सरकार का प्रयास है कि प्राकृतिक तरीके से खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि लोगों को शुद्ध उत्पाद मिल सके। हमें समझना होगा कि जैविक उत्पाद हमारे बेहतर जीवन के लिए जरूरी है। प्रधान सचिव ने कहा कि बाजार में जैविक उत्पाद मिल नहीं पा रहे हैं। यदि मिल भी रहे हैं तो उन पर भरोसा करना मुश्किल है। इसे देखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जैविक उत्पाद महंगे होने के बावजूद स्वास्थ्य के लिए जरूरी है और फायदेमंद साबित होते हैं। जैविक उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। साथ ही सही प्रमाणित (सर्टिफाइड) जैविक उत्पाद उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों और जैविक खेती करने वाले किसानों ने अपनी उपलब्धियों और सुझावों को साझा किया। इस दौरान कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ. बीरेंद्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव, अपर सचिव कल्पना कुमारी सहित विभाग के वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# बंगाल में टीएमसी का हुआ विसर्जन : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की शानदार व ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृहमंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व और भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने बंगाल की जनता के प्रति आभार जताया है जिन्होंने टीएमसी के भय की जगह मोदी पर भरोसा कर शानदार जनादेश दिया है। असम में भाजपा और पुड्डुचेरी में एनडीए की जीत का भी उन्होंने स्वागत किया। श्री पांडेय ने कहा कि जैसे ही पश्चिम बंगाल इस बार लोकतंत्र का डंडा चला और हिंसा का खेल थमा, तो टीएमसी की नींदें उड़ गईं क्योंकि बिना 'बूथ कैप्चरिंग' और आतंक के इनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया। एसआईआर से वोटों की गिनती तक को लेकर टीएमसी ने जिस तरह से हंगामा किया। उससे यह साफ हो गया था कि वह पूरी तरह से हताश व निराश है। श्री पाण्डेय ने कहा कि हार के खौफ ने टीएमसी के नेताओं के मानसिक संतुलन को इस कदर झकझोर दिया था कि उनके बयानों में दूसरे चरण के मतदान के बाद से ही केवल हताशा और अनर्गल प्रलाप ही दिख रहा था। उन्होंने कहा कि बंगाल के रण में टीएमसी का अहंकार अब इतिहास बन चुका है। कट मनी सिंडिकेट, हफ्ता वसूली, गुंडागर्दी, महिलाओं के उत्पीड़न, तुष्टिकरण और चुनावी रंजिश में हिंसा से बंगाल मुक्त हुआ है। बंगाल की जीत जनसंघ के संस्थापक स्व.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# बंगाल ने तुष्टिकरण को ठुकराया, सनातन और राष्ट्रवाद पर लगाई मुहर : प्रो. रणबीर नंदन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया है कि झूठ, तुष्टिकरण और डर की राजनीति की उम्र अब समाप्त हो चुकी है। यह जीत केवल सीटों की नहीं, बल्कि बंगाल की जनता के स्वाभिमान, सनातन आस्था और राष्ट्रवादी चेतना की निर्णायक विजय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की चाणक्य नीति, दिन-रात की मेहनत और लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक संघर्ष ने यह जनादेश रचा है। शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि बंगाल की जनता ने उन ताकतों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने वर्षों तक सत्ता के अहंकार में हिंदू त्योहारों, रामनवमी यात्राओं, दुर्गा पूजा और सनातन परंपराओं को बाधित करने की कोशिश की जो लोग वोट बैंक के लिए सनातन संस्कृति को अपमानित करते रहे, उन्हें अब जनता ने लोकतंत्र के रास्ते सबक सिखा दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल लंबे समय से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का अड्डा बनता जा रहा था। सीमाओं से लगातार हो रही घुसपैठ ने राष्ट्रीय सुरक्षा, स्थानीय रोजगार, सामाजिक संतुलन और कानून व्यवस्था पर गंभीर संकट खड़ा किया, लेकिन सत्ता में बैठे लोग वोट बैंक की राजनीति में इतने डूबे रहे कि उन्होंने आंखें मूंद लीं। अब जनता ने साफ कर दिया है कि बंगाल को घुसपैठियों का सुरक्षित ठिकाना नहीं बनने दिया जाएगा। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि यह परिणाम उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो मोदी जी को रोकने के लिए हर दिन झूठ और भ्रम फैलाते रहे। जनता ने बता दिया है कि देश विकास चाहता है, सुरक्षा चाहता है, सांस्कृतिक गौरव चाहता है और निर्णायक नेतृत्व चाहता है। अमित शाह की रणनीति और संगठन क्षमता ने एक बार फिर विपक्ष की राजनीति को धराशायी कर दिया है। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि बंगाल का यह जनादेश आने वाले समय में पूरे देश की राजनीति की दिशा तय करेगा। अब तुष्टिकरण नहीं, विकास होगा। अब अराजकता नहीं, सुशासन होगा। अब सनातन का अपमान नहीं, सम्मान होगा। यही बंगाल की जनता का संदेश है।

# तुष्टिकरण का किला ढहा, विकास का भगवा लहराया : ऋतुराज सिन्हा

**बंगाल का रिजल्ट-अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की ताबूत का आखरी कील साबित होगा**




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने पश्चिम बंगाल सहित चार राज्यों के चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज भारत की राजनीति से 'वोट बैंक' और 'तुष्टिकरण' का दौर हमेशा के लिए समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सत्ता से विदाई इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जनता अब उस मॉडल को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी जहां अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के नाम पर बहुसंख्यक समाज के साथ दोहरा व्यवहार किया जाता है। बंगाल की माताओं-बहनों ने अपनी असुरक्षा और युवाओं ने अपने भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ का पाई-पाई का हिसाब आज 'वोट की चोट' से चुकता कर दिया है।

श्री सिन्हा ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि तमिलनाडु और केरल में जो लोग 'सनातन धर्म' और भारतीय संस्कृति को अपमानित कर अपनी राजनीति चमका रहे थे, उन्हें जनता ने कड़ा सबक सिखाया है। दक्षिण भारत अब परिवारवाद और छद्म-धर्मनिरपेक्षता के चंगुल से आजाद होकर राष्ट्रवाद की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज आया यह प्रचंड जनादेश 'इंडी गठबंधन' के उन दलों के मुंह पर करारा तमाचा है, जो जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का मुगालता पाले हुए थे। भारत की जनता ने साफ संदेश दे दिया है कि उन्हें विभाजनकारी राजनीति नहीं, बल्कि सुरक्षित माहौल और सुशासन चाहिए जो दल आज भी 'वोट जिहाद' जैसे हथकंडों के भरोसे बैठे हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि अब देश में केवल वही टिकेगा जो सबका साथ, सबका विकास के पथ पर चलेगा। तुष्टिकरण की राजनीति का चैप्टर अब इस देश में हमेशा के लिए क्लोज हो चुका है।

# दरभंगा, मधुबनी व समस्तीपुर में दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बीते 1 अप्रैल 2026 से लागू द सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट रुल्स 2026 को ले जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से राज्य के सभी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में जनित ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए नियमावली के विभिन्न प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि प्रशिक्षण कई चरणों में नगर निकाय से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक किया जा रहा है। 15 अप्रैल से प्रारंभ इस प्रशिक्षण के आठ चरणों में 29 अप्रैल 2026 तक 25 जिलों पटना, जहानाबाद, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, नालंदा, कैमूर, गयाजी, नवादा, औरंगाबाद, अरवल, सारण, सिवान, गोपालगंज, भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, शेखपुरा, सहरसा, मधेपुरा और सुपौल के लिए आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 17 हजार से ज्यादा प्रक्षिशुओं ने भाग लिया। 04 मई 2026 को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के 9 वें सत्र में दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों के मुखिया, पंचायत स्तर के पदाधिकारी व प्रखंड स्तर के पंचायती राज पदाधिकारियों एवं अन्य ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के सदस्य सचिव नीरज नारायण भावसे ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 2016 की नियमावली के स्थान पर करीब 10 वर्षों के बाद नयी नियमावली को बीते 27 जनवरी 2026 को अधिसूचित किया गया है जिसका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। उपुर्यक्त जारी आदेश में कहा गया है कि इन नियमों का पालन न करना केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं माना जाएगा बल्कि तीन स्तरों पर प्रवर्तन हेतु किए गए प्रावधान में जो पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगे उन पर मुकदमा भी चलाया जा सकता है।

# सावित्री पूजा के लिए फैबइंडिया का खास कलेक्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** फैबइंडिया ने सावित्री पूजा के अवसर पर एक खास क्यूरेशन पेश किया है जिसमें ट्रेडिशनल कपड़े, ज्वेलरी और पूजा से जुड़ी आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। यह कलेक्शन त्योहार के भाव और उत्सव को और खास बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस कलेक्शन में रेड कॉटन सिल्क ब्लेंड साड़ी (रूपये 11,999) और येलो सिल्क ब्लेंड वॉवन साड़ी (रूपये 13,999) जैसे पारंपरिक परिधान शामिल हैं जो उत्सव के लिए आकर्षक और आरामदायक विकल्प प्रदान करते हैं। साथ ही मेटल शॉर्ट नेकलेस (रूपये 1,899) और मेटल झुमका ईयररिंग्स (रूपये 1,499) जैसे ज्वेलरी पीस लुक को पूरा करते हैं। पूजा की तैयारियों के लिए गोल्ड मेह्नूर मेटल गद्दी दिया गिफ्ट सेट (रूपये 2,530) और मेटल कास्टेड मेह्नूर थाली सेट (रूपये 3,749) जैसे हैंडक्राफ्टेड प्रोडक्ट्स भी शामिल हैं जिनमें दीया, थाली और घंटी जैसी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हैं। यह कलेक्शन पारंपरिक डिजाइन, कारीगरी और उपयोगिता का संतुलन प्रस्तुत करता है जिससे सावित्री पूजा की तैयारी

# प्रो. शिवनारायण के दोहों में है मानवोत्थान का भाव : कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद

**प्रो शिवनारायण के दूसरे दोहा-संग्रह 'मंदार पर चांद' का पटना संग्रहालय में भव्य लोकार्पण**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार संग्रहालय एवं अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में चर्चित कवि संपादक प्रो. शिवनारायण के छह सौ से अधिक दोहों के संग्रह 'मंदार पर चांद' का लोकार्पण संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर उपेन्द्र प्रसाद सिंह, अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, पीपीयू के रजिस्ट्रार प्रो. अबु बकर रिजवी, म्यूजियम के अपर निदेशक अशोक कुमार सिंह एवं लेखक-पत्रकार डॉ ध्रुव कुमार ने समवेत रूप से किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रो. शिवनारायण के दोहों में मानवोत्थान का भाव है। पूर्व कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि शिवनारायण के दोहे कथ्य और कहन भंगिमा दोनों ही स्तरों पर प्रभावित करते हैं। कुलसचिव प्रो. अबु बकर रिजवी ने कहा कि प्रो. शिवनारायण अपने समय का प्रतिरोध रचते हुए जन सामान्य की करुणा से वाकिफ कराते हैं। अध्यक्षीय भाषण में अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि कवि शिवनारायण के दोहों में प्रतिरोध के साथ-साथ मानव मन की ऋजुता भी है। अध्यक्षीय भाषण में बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि कवि शिवनारायण के दोहे सहज-सरल भाषा में पूरी संवेदना के साथ देश-समाज के यथार्थ को पकड़ पाठकों में पैठ जाते हैं। प्रतिरोध के साथ-साथ इनके दोहों में मानव मन की ऋजुता भी है। लेखक-पत्रकार डॉ. ध्रुव कुमार ने कहा कि शिवनारायण के कविता-कर्म में श्रम चेतना और प्रतिरोध का भाव ही मुखर रहता है। कवि का मानना सही है कि है कठिन नहीं जिन्दगी, कठिन बनाते आप/ हंसते मुसकाते रहें, सरल जिन्दगी आप।' पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. मंगला रानी एवं प्रसिद्ध लेखक भगवती प्रसाद द्विवेदी ने भी शिवनारायण के दोहों की प्रशंसा करते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्ष समरस समाज की संकल्पना में जीते शिवनारायण के दोहे इसकी तसदीक करते हैं।

# गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की जीत देश में एक नए राजनीतिक अध्याय का संकेत : मृत्युंजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गंगोत्री से गंगासागर तक भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती जनस्वीकृति देश में एक नए राजनीतिक अध्याय का संकेत है। यह बात संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की विभिन्न राज्यों में मिली जीत अभूतपूर्व है और यह देश की जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है और सबका साथ, सबका विकास की नीति को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रही है। श्री झा ने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में हालिया राजनीतिक परिस्थितियों और चुनावी परिणामों ने यह स्पष्ट किया है कि जनता विकास, सुशासन और स्थिरता को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इन राज्यों में विकास की नई दिशा स्थापित होगी और जनहित के कार्यों को गति मिलेगी। असम में भी मोदी जी के नेतृत्व में मिली सफलता को उन्होंने ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह निरंतर प्रगति और जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने बिहार की ओर से पश्चिम बंगाल, असम सहित देश के विभिन्न राज्यों में मिली इस सफलता पर सभी कार्यकर्ताओं और जनता को हार्दिक बधाई दी। साथ ही कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समग्र विकास के प्रति जनता की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# गंगोत्री से गंगासागर तक 'मोदीमय भारत' डिहरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय जनता पार्टी डिहरी इकाई द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली जीत के उपलक्ष्य में नगर स्थित हनुमान मंदिर में हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना कर जश्न मनाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ कार्यक्रम आयोजित कर प्रसाद वितरण किया। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने कहा कि 'गंगोत्री से गंगासागर तक मोदीमय भारत' का वातावरण बन चुका है। उन्होंने जीत का श्रेय जनता को देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के कार्यों से परेशान थी और बदलाव चाहती थी जिसके चलते भाजपा को प्रचंड समर्थन मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति को इस सफलता का प्रमुख कारण बताया। भाजपा नेता संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर और अबीर लगाकर बधाई दी। वहीं युवा नेता अमित कुमार पटेल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा की सरकार बनना ऐतिहासिक उपलब्धि है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर से जुलूस निकालकर कर्पूरी चौक तक पहुंचकर वहां स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर प्यारेलाल ओझा, संजय गुप्ता, कन्हैया सिंह, परमहंस सिंह, अशोक सोनी, रविशंकर राय, कुंवर सिंह, अमित गुप्ता, वीर बसंत लाल, सुनील पाठक, प्रभात शेखर सिंह, धनंजय शर्मा, संतोष कुमार, मो. अब्दुल कलाम आजाद, मुन्नालाल कसेरा, शिव शंकर प्रजापति, दिनेश गुप्ता, सुरेंद्र सेठ, रामगोपाल यादव, धनजी यादव, सोनू कसेरा, गंगा कुमारी, शकुंतला देवी, मीरा देवी, तारा देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



# फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में आम जनों की समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध समाधान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जन-सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी रोशन कुमार ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार करें तथा प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी रोशन कुमार प्रतिदिन आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं जिसकी चर्चा पूरे जिले में हो रही है। सोमवार को भी करीब तीन दर्जन से अधिक मामलों की सुनवाई की गई और अधिकांश मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए। जन-सुनवाई की इस पहल से आम लोगों में भरोसा बढ़ा है और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है।



# दहेज की वेदी पर चढ़ी विवाहिता, खिलाया जहर, हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भालूबुढ़न गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां ससुराल वालों पर एक 28 वर्षीय विवाहिता को जहर देकर हत्या करने और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसे जहर खिलाने का आरोप लगा है। मृतका की पहचान धर्मेंद्र राजभर की पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। मृतका की बहन संगीता देवी ने बताया कि रविवार शाम उन्हें सुनीता की मौत की खबर मिली जब मायके वाले भालूबुढ़न पहुंचे तो सुनीता के शरीर पर चोट के निशान थे जिससे मारपीट की पुष्टि हो रही थी। परिजनों का आरोप है कि उसे बेरहमी से पीटने के बाद जबरन जहर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मृतका के पिता गुड्डू राजभर की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी पति धर्मेंद्र राजभर को गिरफ्तार कर लिया है। चैनपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और संलिप्त अन्य लोगों के विरुद्ध साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। इस घटना के बाद से गांव में मातम और आक्रोश का माहौल है।

# डीसीएलआर ने लगाया जनता दरबार, 43 परिवादियों की समस्याएं सुनी गईं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विक्रमगंज अनुमंडल में सोमवार को 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार का संचालन भूमि सुधार उप समाहर्ता, विक्रमगंज द्वारा किया गया। सोमवार को अनुमंडल में आयोजित जनता दरबार की जिम्मेदारी डीसीएलआर बिक्रमगंज के द्वारा लगाई गई थी। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से कुल 43 परिवादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। प्रस्तुत मामलों में भूमि विवाद से संबंधित 08 मामले सबसे जटिल रहे जबकि राशन कार्ड से जुड़े 31 मामले सर्वाधिक संख्या में दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित 04 शिकायतें भी परिवादियों द्वारा रखी गईं। डीसीएलआर ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और उनके आवेदन पत्र प्राप्त किए। उपस्थित लोगों ने जमीन की मापी, दाखिल-खारिज, ऑनलाइन रसीद, राशन कार्ड में नाम जोड़ने-हटाने तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। डीसीएलआर ने मौके पर ही कई मामलों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए। साथ ही शेष सभी आवेदन पत्रों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादित करने हेतु संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को अनुमंडल स्तर पर ही त्वरित न्याय दिलाना है, इसलिए किसी भी आवेदन को लंबित नहीं रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि एसडीओ की अनुपस्थिति में भी जनसुनवाई बाधित न हो, इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। जनता दरबार में आए लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

# जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के द्वारा 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। उक्त जिला जनता दरबार में कुल 8 व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र / शिकायत पत्र दिया गया जिसमें आवेदिका-रामदासी देवी, पति रघुनाथ राम, निवासी ग्राम-भतौरा, जिला - गाजीपुर के द्वारा मौजा- कोचस, हल्का कोचस थाना-कोचस थाना नं.- 285, खाता सं-528, खेसरा संख्या 110, रकबा 3डी. भूमि है। उक्त भूमि का दखल कब्जा दिलाने के संबंध में आवेदन पत्र दिया गया। आवेदिका बिगनी कुंवर, ग्राम पेनार, थाना-नोखा के द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया।

# पिकअप की टक्कर से शिक्षिका की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत रुइयां गांव के पास एक भीषण सड़क हादसे में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका हसीना बानो की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब हसीना बानो अपने पति रियासत अंसारी के साथ बाइक पर सवार होकर जनगणना संबंधी कार्य के लिए भभुआ जा रही थीं। उनके पति रियासत अंसारी ने बताया कि वे रुइयां से भभुआ की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर गए। हसीना बानो को गंभीर चोटें आईं जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हसीना बानो साल 2006 से उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रुइयां में कार्यरत थीं। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही स्कूल और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अस्लम अंसारी ने अस्पताल पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन को बेलगाम वाहनों पर नियंत्रण लगाना चाहिए। मृतक शिक्षिका के पीछे दो बेटे और एक बेटी है। बिलखते हुए पति रियासत अंसारी ने सरकार और जिला प्रशासन से उचित मुआवजे और बच्चों के भविष्य के लिए सहायता की गुहार लगाई है।

# योद्धा बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में तिलौथू के नफीस अहमद ने पटना में जीता खिताब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिले के तिलौथू स्थित पेट्रोल पंप के मालिक नफीस अहमद ने पटना में आयोजित 'योद्धा बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता' में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने जिले का नाम रोशन किया है। 3 मई 2026 को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उन्होंने बॉडीबिल्डिंग कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने ओवरऑल कैटेगरी में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। वहीं क्लासिक कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नफीस अहमद की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए गर्व की बात बताते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की है। अपनी सफलता पर नफीस अहमद ने अपने सभी सहयोगियों, परिवार और अपने उस्ताद दानिश भाई का विशेष रूप से आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक उमेश सिंह और शोबित भाई का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है।



# बंगाल में बीजेपी की जीत पर भभुआ में जश्न, आतिशबाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** पश्चिम बंगाल के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन और ऐतिहासिक बढ़त को देखते हुए कैमूर जिले के भभुआ शहर में जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा। भभुआ के मुख्य एकता चौक पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए और जीत का जश्न मनाया। भगवा टोपी पहने और हाथों में भाजपा का झंडा लिए कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और राहगीरों के बीच मिठाइयां बांटीं। जश्न का नेतृत्व कर रहे स्थानीय नेताओं ने इसे जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों की जीत बताया। जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे और कार्यकर्ता संतोष कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा, आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और अब बंगाल तक कमल खिल रहा है। यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने बंगाल को सींचा था। कैमूर की जनता की ओर से हम बंगाल के निवासियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हैं। इस दौरान चौक पर महिला कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। जीत के इस जश्न ने आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार किया है। उत्सव के चलते एकता चौक पर काफी देर तक गहमागहमी बनी रही और लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड बहुमत की जीत का जश्न सोमवार को काराकाट एवं दिनारा विधानसभा क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। विधानसभा के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडा-बैनर लहराकर और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। दिनारा में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ता मुख्य चौक पर एकत्र हुए। ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। मौके पर मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और विकास की नीति पर जनता के विश्वास की जीत है। तीन राज्यों के जनादेश ने भाजपा के हाथ को मजबूत करने के लिए स्पष्ट संकेत दे दिया है। काराकाट विधानसभा के विभिन्न मंडलों में भी जश्न का माहौल रहा। प्रखंड कार्यालयों पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा लहराया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कार्यकर्ताओं के काम और मोदी जी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों ने जनता का दिल जीता है। इस अवसर पर दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह, पूर्व विधायक काराकाट राजेश्वर राज, मदन प्रसाद वैश्य, प्रो. बलिराम मिश्रा, डा. मनीष कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री किरण प्रभाकर, अरुणा सिंह सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दिया। सभी ने एकजुट होकर आगामी चुनाव में भी भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। क्षेत्र में भाजपा की इस जीत को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।



# दिल्ली में बिहारी युवक की हत्या मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने की दोषी को सजा दिलाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक संरक्षण कैंप कार्यालय, डिहरी डालमियानगर से राष्ट्रीय मुख्य सचिव मनीष कुमार शरण द्वारा एक गंभीर मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के अनुसार 25 अप्रैल की रात करीब 2:00 बजे दिल्ली में पुलिस सेल के हेड कांस्टेबल नीरज द्वारा खगड़िया (बिहार) निवासी पांडव नामक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई। मनीष कुमार शरण ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह न केवल एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या है, बल्कि मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन भी है। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां हर नागरिक को किसी भी राज्य में जाकर रोजगार करने का अधिकार है। ऐसे में किसी व्यक्ति को उसकी पहचान या 'बिहारी' कहकर अपमानित करना और फिर उसकी हत्या कर देना समाज में बढ़ती असहिष्णुता और मानसिक गिरावट को दर्शाता है। बताया गया कि मृतक युवक एक साधारण परिवार से था और जोमैटो में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। उसके साथ पहले गाली-गलौज की गई और फिर गोली मार दी गई जो अत्यंत निंदनीय है। शरण ने कहा कि यदि पुलिसकर्मी ही इस तरह की घटनाओं में शामिल होंगे तो आम जनता की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी को कठोर सजा दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# ध्वजारोहण के साथ टड़वां में शिव महायज्ञ का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गया जी।** प्रखंड क्षेत्र के कुशाबिजा पंचायत अंतर्गत टड़वां गांव में ध्वजारोहण के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ का ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य नगर भ्रमण यात्रा के साथ हुई जिसमें श्रद्धालुओं ने ध्वज लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम एवं हर-हर महादेव के जयघोष के साथ लोगों को महायज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण दिया। भ्रमण के बाद विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि 11 जून से 17 जून 2026 तक चलने वाले इस महायज्ञ में प्रतिदिन वेदपूजन, हवन, कथा, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक मुक्तमणि शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को संगीतमय श्री राम कथा का रसपान कराया जाएगा।

# रोहतास नगर पंचायत में अव्यवस्थाओं पर जनता का विरोध, प्रशासन के आश्वासन के बाद धरना समाप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नगर पंचायत में व्याप्त अनियमितताओं और विकास कार्यों में लापरवाही के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाएं, पुरुष और बच्चे अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। आंदोलन का नेतृत्व युवा समाजसेवी जीशान अहमद खान ने किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी है और पंचायत प्रशासन जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इसी नाराजगी के चलते लोगों ने एकजुट होकर विरोध जताया और अपनी मांगों को पूरा करने की आवाज बुलंद की। धरना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। उनके आश्वासन के बाद काफी देर तक चली बातचीत के उपरांत ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। बीडीओ ने बताया कि वे एसडीएम निलेश कुमार के निर्देश पर स्थल पर पहुंचे थे। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सभी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी। कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण रही, लेकिन प्रशासन की पहल से माहौल जल्द ही सामान्य हो गया।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर तिलौथू में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा के प्रचंड जीत पर सोमवार को तिलौथू में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़ा और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। वही कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित साह जिंदाबाद, सम्राट चौधरी जिंदाबाद का नारा लगाया। भाजपा के इस जीत पर कार्यकर्ताओं में काफी जोश और उत्साह देखने को मिला। ज्ञात हो कि पांच राज्यों में हुए चुनाव का मतगणना का नतीजा सोमवार को आया जिसमें पांच राज्यों में से तीन राज्यों असम, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में भाजपा ने पूर्ण बहुमत से जीत दर्ज की। मौके पर भाजपा के तिलौथू पूर्वी मंडल अध्यक्ष ऋतुराज उपाध्याय, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अभय कुशवाहा, दिलीप राज, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, बबल कश्यप, शशिभूषण प्रसाद, देवकुमार मिश्र सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग लड़कियों की शादी कराने के लिए ले जाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर शादी करने के लिए ले जाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह डालमियानगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि वादिनि (पीड़िता की माता) रिंकी देवी (पति- मुकेश्वर गोस्वामी, ग्राम- मथुरी) के आवेदन पर अंतरराज्यीय विवाह गिरोह का खुलासा करते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरोह नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर राजस्थान ले जाकर जबरन शादी कराकर यौन शोषण करने का कार्य करता था। गिरफ्तार अभियुक्तों में सूरजमुखी कुंवर, पति-विजय ठाकुर (प्राथमिकी अभियुक्त) बबीता देवी, पति- अशोक सिंह (अप्राथमिकी अभियुक्त) (निवासीः ग्राम- पतलूका, थाना- तिलौथू) चैना देवी, पति- मुकेश्वर गोस्वामी (प्राथमिकी अभियुक्त) को गिरफ्तार कर धारा 87/64/303(2)/3(5) बीएनएस एवं 4/6 पौक्सो एक्ट के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।


**शपथ-पत्र**

मैं जगेश्वर राम उर्फ राजेश्वर राम पिता राम किशुन राम उम्र-68 वर्ष, ग्राम - घोड़वच, पो.- पुहुपी, थाना-दिनारा, जिला-रोहतास (बिहार) का निवासी हूं तथा शपथपूर्वक निम्नांकित बयान करता हूं कि मैं उक्त पते का स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार नं.- 4718 5304 9694 है जिस पर मेरा नाम जगेश्वर राम (JAGESHWAR RAM) दर्ज है।
भारतीय जीवन बीमा निगम का मेरे नाम से एक बीमा है जिसका बीमा नं.-517211856 है तथा उक्त बीमा के कागज में मेरा नाम राजेश्वर राम (RAJESHWAR RAM) दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम जगेश्वर राम (JAGESHWAR RAM) राजेश्वर राम (RAJESHWAR RAM) मेरा ही नाम है। मैं उपरोक्त दोनों नामों से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूं। मैं अपने उपरोक्त दोनों नामों के सत्यापन वास्ते यह शपथ बना रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 5571 दिनांक 25.2.26

शपथकर्ता
जगेश्वर राम उर्फ राजेश्वर राम



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन सं.- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/03 दिनांक- 04.05.2026

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION (BCECE)-2026**
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026**

**नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण एवं बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 14.04.2026 के अनुसार दिनांक BCECE-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 05.05.2026 निर्धारित है। **छात्रहित में BCECE-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Closing Date | : **10.05.2026 (10.00 p.m.)** |
| (ii) | Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : **10.05.2026 (11.59 p.m.)** |
| (iii) | Online Editing of Application Form | : **11.05.2026 to 12.05.2026** |
| (iv) | Uploading of Online Admit Card | : **22.05.2026** |
| (v) | **Proposed date of Examination** | : **30.05.2026 एवं 31.05.2026** |

(2) दिनांक 10.05.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में **यदि किसी अभ्यर्थी के Registered आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि हो गयी हो तो वे अपने भरे हुए Data को** (Email पता, Mobile No. एवं Identity type को छोड़ कर) **दिनांक 11.05.2026 से 12.05.2026 तक** "Online Application Portal of BCECE-2026" Link पर Click कर अपने **Registration No. एवं Password से login करते हुए त्रुटि सुधार कर सकते हैं।** इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी ।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

# मानव तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय मानव तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में चार तस्करों की गिरफ्तार की है। इस दौरान पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद किया है।




सदर डीएसपी-2 संजय जायसवाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि 9 अप्रैल को रहुई थाना क्षेत्र के बेसमक गांव निवासी ने अपनी 14 वर्षीया पुत्री और 13 वर्षीया भतीजी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान के दौरान पता चला कि दोनों नाबालिग लड़कियों को राजस्थान के बीकानेर में रखा गया है। इसके बाद पुलिस टीम को तत्काल राजस्थान भेजा गया। जहां नया शहर थाना क्षेत्र से दोनों लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया गया। इस दौरान पुलिस ने चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला थाना क्षेत्र के बिलोदा गांव से आरोपी राजेश कुमार उर्फ राजू और उसकी पत्नी अंजली कुमारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि नालंदा के नूरसराय थाना क्षेत्र के बलचंद बिगहा निवासी धनवंती देवी उर्फ शोभा ने इन लड़कियों को राजस्थान लाकर 3 लाख रुपये में बेच दिया था। इसके बाद पुलिस ने राजगीर के ब्रह्मकुंड के पास छापेमारी कर धनवंती देवी उर्फ शोभा और उसके सहयोगी पुरुषोत्तम कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले की एक अन्य नाबालिग लड़की को भी बरामद किया गया, जिसे पहले अपहरण कर लाया गया था। बरामद सभी लड़कियों को सुरक्षित बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के सुपुर्द कर दिया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ की पीड़िता के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## 10 वर्षों से फरार नक्सली गिरफ्तार

**नवादा**। जिले की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। लगभग 10 वर्षों से फरार चल रहे एक वांछित नक्सली को एसटीएफ के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार नक्सली की पहचान बिहारी रवानी उर्फ श्याम बिहारी चंद्रवंशी, पिता स्वर्गीय शंकर रवानी, निवासी जुझारपुर, थाना गोह, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2016 में सिरदला थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन खारौंध रेलवे पुल को क्षतिग्रस्त करने और पुलिस बल पर फायरिंग करने की घटना में उसकी संलिप्तता पाई गई थी। इस गंभीर कांड के बाद से ही वह फरार चल रहा था और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

गोपनीय सूचना के आधार पर नवादा पुलिस ने एसटीएफ के साथ संयुक्त अभियान चलाया। योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर उसे धर दबोचा गया। गिरफ्तारी के दौरान उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम की सतर्कता के कारण वह सफल नहीं हो सका।

# पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया विजयोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय एवं बिहारशरीफ के श्रम कल्याण केन्द्र मैदान में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में इस महाविजय को राष्ट्रवाद की जीत बताते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हुए मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि ममता बनर्जी के कुशासन को समाप्त कर पं. बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को स्वीकार कर प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार को चुना है। अब डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में पं . बंगाल सरकार सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर होगा। आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं के लिए ऐतिहासिक है। जब आज़ादी के बाद पहली बार बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद,जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल डॉ. आशुतोष कुमार तेजस्विता राधा, जिला मंत्री राजू माहुरी, सोनू कुमार हिंदू, अमित शान, बबीता कुमारी, गोपी सिंह, रोशन कुमार यादव, राजीव कुमार, राजेश कुमार सिसोदिया, अमरकांत भारती, धीरेंद्र रंजन, अभिनंदन पांडे, संजीव कुमार, नागमणि कुशवाहा, ओणम कुमार, प्रिंस कुमार, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**कौआकोल**। पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनने तथा असम में भाजपा एवं पुडुचेरी में एनडीए सरकार की वापसी पर प्रखंड भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। कौआकोल पूर्वी मंडल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा के नेतृत्व में एनडीए कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

## एक नजर

### टी.एस.कॉलेज हिसुआ में किया गया शिक्षकेतर कर्मचारी संघ का गठन



**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। मगध विश्वविद्यालय बोधगया के अंगीभूत इकाई टी. एस कॉलेज हिसुआ में महाविद्यालय के वरिष्ठ कर्मचारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में महाविद्यालय कर्मचारी संघ का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से सेवानिवृत कर्मचारी सच्चिदानंद मिश्रा को संरक्षक बनाया गया,भौतिक विज्ञान विभाग के भंडारपाल मनोज कुमार को अध्यक्ष महाविद्यालय के पीटीआई मुकेश कुमार को सचिव, राधारणम को उपाध्यक्ष रौशन कुमार को कोषाध्यक्ष, अमरजीत कुमार को संयुक्त सचिव निर्वाचित किया गया गया। पुस्तकालय सहायक अमरनाथ गुप्ता, प्रवीण कुमार, संगीता देवी को कार्यसमिति सदस्य निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ गठन उपरांत संरक्षक सच्चिदानंद मिश्रा के नेतृत्व में सभी कर्मी प्राचार्य कक्ष में जाकर प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा को निर्वाचित पदाधिकारी का सूची सौंपा गया, प्राचार्य द्वारा सभी निर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर बधाई दिया गया।

### पाण्डुलिपि संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को किया सम्मानित



**नवादा**। ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को आज जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओमकार शर्मा 'निराला', महंत स्वामी दयानंद मुनि, सैयद ऐन उद्दीन चिश्ती एवं निखत अंजुम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त सभी सम्मानित व्यक्तियों द्वारा अपने पूर्वजों के द्वारा लिखित प्राचीन पाण्डुलिपियों एवं ग्रंथों का संरक्षण वर्षों से किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत इन महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियों को डिजिटाइजेशन हेतु उपलब्ध कराने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिससे हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू, सहायक समाहर्ता नवादा प्रिंस राज (भा.प्र.से.) तथा कला-संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल नवादा का औचक निरीक्षण

**विधायक विभा देवी ने व्यवस्था सुधार के दिए सख्त निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सदर विधायक विभा देवी सोमवार को अचानक अपना इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंच गईं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और सीएस कार्यालय में लगभग आधा घंटे तक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं उप चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बैठक कर अस्पताल की व्यवस्था में व्यापक सुधार के निर्देश दिए।



विधायक ने खासतौर पर अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मेडिकल उपकरणों के रख-रखाव और स्वास्थ्य सेवाओं की नियमितता पर जोर दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उनका पुत्र निजी अस्पताल की लापरवाही का शिकार हो चुका है, इसलिए अब किसी अन्य मां को ऐसा दुख न झेलना पड़े, इसके लिए सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था मजबूत होना बेहद जरूरी है।

उन्होंने चिकित्सकों की रोस्टर के अनुसार तैनाती, दवाइयों के नियमित वितरण, शल्य चिकित्सा एवं प्रसूति वार्ड में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही हाल में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का हवाला देते हुए अवैध निजी एंबुलेंस पर रोक, बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई, भ्रष्टाचार पर सख्ती, गार्ड की नियमित तैनाती और वार्डों में कुत्तों के आतंक पर नियंत्रण जैसे मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने सीटी स्कैन सेंटर, एक्स-रे सेंटर, इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, शिशु विभाग एवं डायलिसिस सेंटर का भी दौरा किया और बेहतर सेवा की अपेक्षा जताई।

इस दौरान सीएस कार्यालय के पास अपनी बारी का इंतजार कर रही महिलाओं ने विधायक से बैठने की समुचित व्यवस्था और पेयजल की कमी की शिकायत की। मौके पर अमित सरकार, सुरेन्द्र यादव, अजय यादव, राकेश सिन्हा, पंकज साव, केशव कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नगर थाना क्षेत्र के महुली गांव के पास पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी के रूप में की जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गए। हादसे से आक्रोशित लोगों ने मुआवजे और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। जाम के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है

# राज्यपाल ने किया नालन्दा विश्वविद्यालय का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने सोमवार को नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा किया, जहां उनके आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इसके उपरांत उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक पहलों और परिसर अवसंरचना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



नालन्दा विश्वविद्यालय की टीम के साथ संवाद के दौरान राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन नालंदा की दार्शनिक परंपरा को आज के विद्यार्थियों की आकांक्षाओं से सार्थक रूप से जोड़ा जा सकता है, जिससे बौद्धिक विकास और समग्र शिक्षा को बल मिलेगा। परिसर से बाहर अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने नालन्दा विश्वविद्यालय के छात्रों को बिहार लोक भवन के आगामी कार्यक्रमों में शामिल होने का न्योता दिया, जिससे बौद्धिक और नागरिक सहयोग बढ़ेगा। विश्वविद्यालय के अग्रणी नेट-जीरो परिसर मॉडल से प्रभावित होकर राज्यपाल ने सततता एवं नवाचार के प्रति इसकी दृढ़ प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि नालन्दा विश्वविद्यालय के इन दूरदर्शी अभ्यासों एवं पहलों को बिहार के अन्य विश्वविद्यालयों में भी अपनाया जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने विकास योजनाओं का किया निरीक्षण, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। 4 मई 2026 को जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा एनएच-20 स्थित बाइपास के निकट निर्माणाधीन ककोलत जलप्रपात के प्रतिरूप (रेप्लिका) एवं नवादा सदर प्रखंड के भगवानपुर में ठोस अवशिष्ट प्रबंधन के तहत निर्माणाधीन एमआरएफ प्लांट एवं कम्पोस्ट प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नवादा को निर्देश दिया कि ककोलत जलप्रपात के प्रतिरूप का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा इसे सुसज्जित ढंग से विकसित किया जाए। इसके अतिरिक्त, भगवानपुर में ठोस अवशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत निर्माणाधीन एमआरएफ प्लांट एवं कम्पोस्ट प्लांट का निरीक्षण करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे नगर क्षेत्र में उत्पन्न कूड़े-कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

## नवल किशोर यादव ने शिक्षकों से मांगा समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। शिक्षक राजनीति ने जोर पकड़ लिया है। विधान परिषद सदस्य और शिक्षक नेता नवल किशोर यादव ने सोमवार को पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रचार का आगाज़ सोगरा कॉलेज से किया। इस दौरान उन्होंने सोगरा कॉलेज, अल्लामा इकबाल कॉलेज और महात्मा बुद्ध हीरामन कॉलेज, पातुआना सहित कई शिक्षण संस्थानों का दौरा किया, जहां शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में नवल किशोर यादव ने कहा कि वे हमेशा शिक्षकों के मान-सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी, उसे उन्होंने पूरी ईमानदारी से निभाया है और अब वे अपने कार्यों के आधार पर समर्थन मांगने आए हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार के प्रलोभन के झांसे में न आएं, बल्कि उम्मीदवारों से उनके काम और संघर्ष के बारे में सवाल करें।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, प0नि0वि0

**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, औरंगाबाद**

Mobile No.-9470001322, E-mail id.-eenhaurangabad@gmail.com

पुर्न–अल्पकालीन Re-Quotation–आमंत्रण–सूचना संख्या–02 वर्ष 2026–27

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के सरकारी कार्यो के निष्पादन हेतु वाहन आपूर्तिकर्ताओं/वाहन मालिकों/रजिस्टर्ड फर्म से किराये पर वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए वातानुकूलित व्यवसायिक (Scorpio, Innova) वाहन, चालक सहित एवं इंधन रहित उपलब्ध कराने हेतु मुहरबंद कोटेशन दिनांक–18.05.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त कोटेशन स्वीकार्य नहीं होगी।

2. इच्छुक वाहन मालिक संलग्न प्रारूप में आवेदन के माध्यम से वाहन संबंधित कागजात (यथा वाहन निबंधन, वाहन का अद्यतन रोड टैक्स, अद्यतन बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदूषण फिटनेस इत्यादि), वाहन चालक के संबंध में विवरण (यथा वैद्य ड्राईविंग लाईसेन्स, चालक का आधार कार्ड आदि) एवं वाहन आपूर्तिकर्ताओं/वाहन मालिकों के पैन कार्ड तथा रजिस्टर्ड फर्म के पैन कार्ड एवं जी०एस०टी० निबंधन प्रमाण–पत्र को संलग्न कर प्रतिमाह वाहन का भाड़ा चालक एवं सभी कर सहित (अंक एवं शब्द दोनो में) उद्धृत कर निर्धारित तिथि एवं समय तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रमंण्डल, औरंगाबाद

PR- 002262 (RCD) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# राजगीर की बेटी को मिला स्वर्ण पदक, राज्यपाल ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नालंदा**। राजगीर की रहने वाली साक्षी सिन्हा को स्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने साक्षी की अकादमिक उत्कृष्टता के लिए उन्हें गोल्ड मेडल दिया। यह सम्मान उन्हें भोपाल स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में मिला। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद रवि किशन और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। साक्षी ने पत्रकारिता एवं जनसंचार में अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की है, जिसमें उन्हें सर्वोच्च अंक प्राप्त हुए हैं। साक्षी अपने परिवार में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली पहली महिला हैं। साक्षी के पिता एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर हैं और उनकी माता गृहणी हैं। इस खास मौके पर साक्षी ने अपने स्वर्गीय बड़े पिता जी अशोक कुमार को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि भले ही वे आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका सपना आज उनकी बेटी पूरा कर रही है। उन्हें याद करते हुए साक्षी थोड़ी भावुक हो गईं।



# उर्वरक विक्रेताओं को प्रशिक्षण उपरांत दिया गया प्रमाणपत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड के सोखोदेवरा स्थित जेपी आश्रम परिसर के राजेंद्र भवन में सोमवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को केवल विक्रेता की भूमिका तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें कृषि तकनीकी सलाहकार के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को किसानों तक पहुंचाने तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया। वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं उपयोगिताओं पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिक उर्वरक प्रबंधन को खेत स्तर पर लागू करने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।



Govt. of Bihar

**SOUTH BIHAR POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD., PATNA**
(A Govt. of Bihar undertaking)
(Regd. office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
email-cecivilsbpdcl@gmail.com
(Department of civil of SBPDCL)
**SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**NIT No. 39 /PR/SBPDCL/2026**

Sealed percentage rate short tender on prescribed bill of quantity super scribing short tender notice no, date and time of receiving and opening of tender etc on the cover to be eventually drawn on F-2 form of contract is invited from the resourceful & experienced contractors registered in class IV in any Govt. dept. /PSU of civil works for the work detailed below:-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | E.M.D. | Cost of BOQ with GST | Date of start of sale of B.O.Q. | Date & Time of receiving Tender | Date & Time of opening Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Special Repair & Maintenance work of CRB & Switchyard area including gravel filling and provision of height rising of east side of boundary wall at 33/11 KV PSS Daudnagar. | Rs. 9,84,864/- | Rs. 19,697/- | Rs.1475/- | 18.05.26 | 3:00PM on 22.05.2026 | 3:30 PM on 22.05.2026 |

The tender documents related to the above work containing BOQ as well as term & condition may be obtained from Senior Manager (F&A), on payment of cost of BOQ (non-refundable) in the shape of DD( Drawn in the favour of Senior Manager (F&A), SBPDCL one day before the date of opening of tender.

Tenderers are required to submit Contractor Registration certificate, Character Certificate (if any), PAN No, GST No., required earnest money, experience certificate etc along with tender paper failing which their tender may not be considered valid.

Tender shall be received in the office of the undersigned on due date and time as mentioned above. The authority reserves the right to reject any or all tender or distribute the work among more than one tenderer without assigning any reason thereof.

Chief Engineer(Civil)
SBPDCL

This information is available on www.state.bihar.gov.in/prdbihar also

PR. No. 002242 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2026–27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – **कब्रिस्तान धेराबन्दी योजना।**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत महुआँव के ग्राम बेलाढ़ी में कब्रिस्तान धेराबन्दी का निर्माण कार्य। | 66.80 | 1,33,600.00 | 10,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| | कुल योग :– | 66.80 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 27.04.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 14.05.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 19.05.2026 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.05.2026 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर


कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 002259 (Planning) 2026-27

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

# गया में शिक्षा सुधार को लेकर प्रेम कुमार ने की उच्चस्तरीय बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जिला में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जी जिला अतिथि गृह सभागार में शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, प्रोफेसरों और कुलपतियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस संवाद का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गया जिला के बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और यहां के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, संसाधनों की उपलब्धता और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों, जैसे मतदान और मतगणना में अनावश्यक रूप से नहीं लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनका कहना था कि इससे शिक्षकों का ध्यान बच्चों के चरित्र निर्माण और नियमित पढ़ाई से भटकता है। साथ ही शिक्षकों और छात्रों के बीच बेहतर संबंध तथा विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वविद्यालयों में परीक्षा के दौरान कदाचार पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने गया में एक अध्ययन केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा जहां जिले की पौराणिक धरोहर, सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के विषयों पर शोध को बढ़ावा दिया जा सके। इसके अतिरिक्त गया जी राजकीय पुस्तकालय परिसर में एक अत्याधुनिक और पृथक पुस्तकालय के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा गया जिससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बेहतर अध्ययन सुविधाएं मिल सकें। बैठक में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा के समग्र विकास के लिए एक समन्वित समिति का गठन किया गया। इस समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार बनाए गए। संयोजक के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर रंजीत कुमार वर्मा को जिम्मेदारी दी गई। सचिव के रूप में डॉक्टर जितेंद्र कुमार सिंह और डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह को शामिल किया गया। समिति में शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में प्रोफेसर उपेंद्रनाथ वर्मा, प्रोफेसर मनोरंजन सिंह, प्रोफेसर डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह और प्रोफेसर विकास मोहन सहाय को स्थान दिया गया। वहीं छात्र प्रतिनिधि के रूप में विक्की शर्मा, विराज कुमार और विकास कुमार को समिति में शामिल किया गया। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षाविदों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अपने सुझाव दिए और इस दिशा में सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## ठनका गिरने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत धानु बिगहा गांव के बधार में सोमवार शाम करीब 4 बजे ठनका (आकाशीय बिजली) गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी श्रीकांत कुमार (31 वर्ष), पिता राज कुमार यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह खेत में मवेशी चरा रहा था, तभी अचानक मौसम खराब हुआ और ठनका गिरने से वह इसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उसे तत्काल उपचार के लिए ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर कोंच थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# पेंशनरों के जीवन प्रमाणीकरण के लिए गया जिले में विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के निर्देशन में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के जीवन प्रमाणीकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में 1,54,449 लगभग पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण लंबित है जिसके कारण पेंशन भुगतान प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि 30 अप्रैल से 30 मई तक जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में पंचायत/वार्ड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए पेंशनधारियों का निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभिन्न पंचायतों में शिविर की जिम्मेदारी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की होगी। शिविरों में जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होगी तथा जिन पेंशनधारियों का प्रमाणीकरण बायोमेट्रिक के माध्यम से संभव नहीं हो पाता है, उनके लिए भौतिक सत्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए शिविरों का आयोजन पंचायत सरकार भवन अथवा अन्य सरकारी भवनों में किया जाएगा जहां पंखा, पेयजल सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान चिन्हित मृत पेंशनधारियों का विवरण ई-लाभार्थी पोर्टल पर किया जाएगा ताकि अनावश्यक भुगतान पर रोक लगाई जा सके।

## भाजपा की जीत पर गया में जश्न, मनीष पंकज ने बांटी मिठाइयां



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी सहित विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद गया की पावन धरती पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, गोपाल यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा नेतृत्व को जीत की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और संकल्प की ऐतिहासिक विजय है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और सुरक्षा के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है और उनकी जनकल्याणकारी नीतियों के कारण भाजपा के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती को भी इस जीत का महत्वपूर्ण कारण बताया गया। इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार, दीपक पांडेय, राजू मिश्रा, राणा रणजीत सिंह, विजय प्रसाद गुप्ता (काला नाग), संजय कुमार (मुन्ना यादव), सुनील मिश्रा, हीरा यादव, अभिषेक कुमार, सुधीर कुमार, कुंदन कुमार, शिव कुमार, पूनम कुमारी, रिंकू कुमारी, कंगन कुमारी, महेंद्र प्रसाद सिंह अधिवक्ता, एस. राजेश आनंद अधिवक्ता, नागेंद्र प्रसाद शर्मा अधिवक्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एक-दूसरे को बधाई दी।

## स्कॉर्पियो के चकमा से बाइक सवार युवक की गिरकर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के दौरमा-सिमरहुआ पथ स्थित दौरमा अहरा के पास सोमवार सुबह करीब 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चकमा देने से बाइक सवार संतुलन खो बैठा और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को इलाज के लिए गया एम्स पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दौरमा गांव निवासी अमित रजक (30 वर्ष), पिता विशु रजक के रूप में हुई है। पंचायत समिति सदस्य के पति ध्रुवेश यादव ने बताया कि अमित रजक अपने रिश्तेदार के घर चौथईया गांव से लौट रहे थे और अकेले ही बाइक से घर जा रहे थे।

# प्रपत्र 1 का किया गया प्रकाशन : बीडीओ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** पंचायत आम निर्वाचन 2026 की तैयारी को लेकर टिकारी बीडीओ योगेंद्र पासवान ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी पंचायत सह जिला पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देश के आलोक में सोमवार को प्रपत्र 1 का प्रकाशन किया गया। प्रपत्र एक का प्रकाशन वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर किया गया है। जानकारी हो कि प्रखंड में गठित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रपत्र-1 का प्रकाशन सोमवार को सभी निर्धारित एवं विनिर्दिष्ट स्थान पर कर दिया गया है। प्रपत्र में संबंधित क्षेत्र की जनसंख्या का विवरण शामिल होगा। निर्वाचन क्षेत्रों में निर्धारण और आरक्षण प्रक्रिया में आधार का काम करेगा। बीडीओ श्री पासवान ने बताया कि यह प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की जा रही है। प्रपत्र एक के माध्यम से आम नागरिकों को अपने क्षेत्र की जनसंख्या संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। प्रखंड प्रशासन ने सभी संबंधित पंचायत में प्रपत्र-1 को सार्वजनिक स्थलों जैसे पंचायत भवन, प्रखंड कार्यालय एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर चस्पा किया गया। श्री पासवान ने बताया कि यदि किसी को इसमें कोई आपत्ति या सुझाव देना है तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करने की भी व्यवस्था की गई है। यहां यह भी बता दें कि वर्ष 2011 की जनगणना के आलोक में प्रपत्र-1 का प्रारूप प्रकाशन 4 मई से 18 मई तक, आपत्तियां दाखिल किए जाने की अवधि 4 मई से 22 मई तक, आपत्तियां का निष्पादन 4 मई से 22 मई तक, अपील वादों का निष्पादन 11 मई से 29 मई तक, प्रपत्र -1 का अंतिम प्रकाशन 5 जून एवं प्रपत्र-1 के आंकड़ों का जिला गजट में प्रकाशन 9 जून को किया जाना है।

## ऑक्सीजन पाइप की चोरी करते रंगेहाथ चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** अनुमण्डल अस्पताल में लगातार हो रही ऑक्सीजन पाइप की चोरी का मामला में अस्पताल में तैनात रात्रि सुरक्षा प्रहरियों ने रविवार के रात चोर को रंगेहाथ दबोच पुलिस को सुपुर्द कर दिया। चोर की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र के छावनी मुहल्ला के रहने वाले अरविंद राम के पुत्र विष्णु कुमार के रूप में हुई। जानकारी हो कि विगत दो माह से अस्पताल में लगातार चोरी की घटना घटित हो रही थी। चोरों के निशाने पर अस्पताल में लगे तांबे का ऑक्सीजन पाइप था। अब तक अस्पताल से लाखों रुपये की लागत का ऑक्सीजन पाइप चोरी की गई थी। रविवार की रात्रि अस्पताल के कमरा संख्या 44 में रात्रि प्रहरियों ने हलचल सुनी जिसके बाद कमरा की जांच की गई तो कमरा से एक युवक पाइप को तोड़ता हुआ दिखा।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिले में हुए ट्रेन चेन पुलिंग कर युवती को उतारकार सामूहिक दुष्कर्म मामले में गया पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के महज 24 घंटे के अंदर पुलिस ने इस जघन्य अपराध में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि 1 मई की देर शाम गया-पटना पैसेंजर ट्रेन में बेलागंज स्टेशन से और नियामतपुर हाल्ट के 1 किमी पहले ही 3 युवकों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका। इसके बाद एक युवती को यह कहकर ट्रेन से नीचे उतार लिया कि उसका स्टेशन नियामतपुर आ गया है। युवकों ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए और फिर अपने 2 अन्य साथी को बुलाकर पांचों ने मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गया पुलिस ने तुरंत एसआईटी का गठन किया। बेलागंज थाना पुलिस को भी जांच में शामिल किया गया। तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में चार बेलागंज थाना क्षेत्र के 4 आरोपी है जबकि एक आरोपी जहानाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं जिनके जरिए वे एक-दूसरे के संपर्क में थे। गिरफ्तार आरोपियों में अंकित कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, अमरेंद्र कुमार उर्फ मथुरा यादव और उपेंद्र कुमार उर्फ भूटा शामिल है।

नगर पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पुलिस ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस केस के खुलासे में शामिल पुलिस टीम को पुरस्कृत किया जाएगा, वही सभी पुलिसकर्मियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा, एसपी ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से तेजी से अनुसंधान कर आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा ताकि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाई जा सके।

## हाइवा की टक्कर से महिला की मौत, एक ही परिवार के छह सदस्य घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग सोमवार सुबह 4 बजे सड़क हादसे का शिकार हो गए। धनबाद के झरिया के पास पीछे से आ रहे हाइवा ने उनके निजी वाहन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि परिवार के छह सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच प्रखंड के निघईं गांव निवासी परमेश्वर ठाकुर, जो अमलाबाद (बोकारो कोलियरी) में फोरमैन पद से सेवानिवृत्त हुए थे, अपने परिवार के साथ भतीजे अभिषेक की शादी में शामिल होने के लिए निजी वाहन से गांव आ रहे थे। इसी दौरान धनबाद के झरिया के पास पीछे से आ रहे हाइवा ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में परमेश्वर ठाकुर (65), उनके पुत्र कृष्ण ठाकुर (30), पुत्रवधू मौसम कुमारी (29), नतनी सोनम कुमारी (17) तथा दो वर्ष की पौत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनकी पत्नी राजमनी देवी (60) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए डीएमसीएच, धनबाद में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार कृष्ण ठाकुर का दाहिना हाथ और पैर टूट गया है जबकि अन्य घायलों का भी इलाज जारी है। बेहतर उपचार के लिए कुछ को अन्य अस्पताल में रेफर किया गया है। घटना की पुष्टि करते हुए मृतका के बड़े पुत्र दीपक ठाकुर ने बताया कि उनकी माता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि परिवार के अन्य सदस्य अस्पताल में भर्ती हैं।

## पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा को मिली जीत पर भाजपा नेताओं ने निकाला विजय जुलूस




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा को मिली जीत पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने विजय जुलूस निकाला। क्षेत्र स्थित बुढ़वा महादेव स्थान से निकली विजय जुलूस शहर के मुख्य मार्ग का भ्रमण की। नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा चौरसिया के नेतृत्व में निकली विजय जुलूस में नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला जीत की बधाई दी। साथ ही साथ आमजनों को भी मिठाई खिलाई गई। जिला उपाध्यक्ष श्रीमती चौरसिया ने कहा कि यह जीत भाजपा के प्रत्येक निष्ठावान कार्यकर्ता की मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास की जीत है। हम विकास की इस गति को और तेज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं मंडल अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने नकरात्मक राजनीति को पूरी तरह नकार विकासवाद पर अपनी मुहर लगाई है। विजय जुलूस के दौरान नेताओं ने जय श्री राम व भारत माता की जय के जयकारे लगाये। विजय जुलूस के दौरान गणेश प्रसाद, संजय जैन, प्रभात चन्द्र, विजय गुप्ता, राजीव सिन्हा, आदित्य गुप्ता, सुशील कुमार, शम्भू गुप्ता, मोहित चौरसिया, शिवबल्लभ मिश्र, धीरज अम्बष्ट सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एससी-एसटी एक्ट के तीन फरार आरोपित गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी थाना की पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। आरोपियों की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र के रामनगर ग्राम निवासी कुलेश्वर साव के पुत्र रंजन कुमार, दिनेश साव के पुत्र सौरव कुमार व संजय साव के पुत्र करण कुमार के रूप में हुई। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सभी आरोपी टिकारी थाना में दर्ज कांड संख्या 92/26 के आरोपी थे। जानकारी हो कि विगत पांच मार्च को रामनगर ग्राम निवासी श्रीधर राम के फर्द बयान पर चौदह लोगों के विरुद्ध जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर जान मारने की नीयत से मारपीट करने का मामला दर्ज कराया था। मारपीट की घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना को लेकर सभी आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेवारी हिमांशु पप्पू को दी थी।

## तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर गया जिला पूर्वी के कार्यकर्ताओं में उत्साह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर गया जिला पूर्वी के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस अवसर पर गया टाउन स्थित टावर चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर खुशी का इजहार किया और विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा पटाखे फोड़कर अपनी खुशी व्यक्त की। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया।

पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी भारतीय जनता पार्टी इसी तरह जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर पार्टी की सफलता का जश्न मनाया। वहीं मौके पर अधिवक्ता मुकेश शर्मा, महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, प्रेम सागर, धीरू, राजेश मस्तान, सोनू कुमार, हरि यादव, कुंजन मिश्रा, नागेन्द्र चंद्रवंशी, रौनक सेठ, अमर शेखर, मुकेश चंद्रवंशी, करुणा सिंह, पम्मी सिंह, शिवनारायण, मनोज कुमार, दीनानाथ सहित अन्य मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/2026–27

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.05.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 16.05.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 16.05.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी :–

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 08 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from durga mandir to transformer(august pathak land) at ward-08 | 655400 | 5000 | 13200 | 45 दिन |
| 02 | 08 | नागरिक सुविधा | RCC drain from main road to durga mandir at ward - 08 | 655400 | 5000 | 13200 | 45 दिन |
| 03 | 12 | शहरी परिवहन | Repair of pcc road from kunjbihari house to pareva river at ward-12 | 624300 | 5000 | 12500 | 45 दिन |
| 04 | 12 | शहरी परिवहन | Repair of pcc road from subhash mehta house to kunjbihari house at ward-12 | 624300 | 5000 | 12500 | 45 दिन |
| 05 | 11 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from rajesh ram house to rajdev ra m house at ward-11 | 805900 | 5000 | 16200 | 45 दिन |
| 06 | 11 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from rajdev ram house to transformer (via abhay kumar)at ward-11 | 805900 | 5000 | 16200 | 45 दिन |
| 07 | 10 | शहरी परिवहन | Pcc road from binod pal house to jamshid khan house at ward-10 | 722500 | 5000 | 14500 | 45 दिन |
| 08 | 10 | शहरी परिवहन | Pcc road from kalok pal house to binod pal house at ward-10 | 722500 | 5000 | 14500 | 45 दिन |
| 09 | 08 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from muslim khan house to nasruddin khan at ward-08 | 359500 | 1000 | 7200 | 45 दिन |
| 10 | 08 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from main road (muneshwar pathak land) to late shankar chaubey house via pipal tree at ward - 08 | 611000 | 5000 | 12300 | 45 दिन |
| 11 | 08 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from main road to parmeshwar pathak house at ward-08 | 371800 | 1000 | 7500 | 45 दिन |
| 12 | 07 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from main road to sudhir chandravanshi house at ward-07 | 326900 | 1000 | 6600 | 45 दिन |
| 13 | 12 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from ravidas temple to shiv mandir(jalimar) at ward-12 | 845800 | 5000 | 17000 | 45 दिन |
| 14 | 12 | शहरी परिवहन | Pcc road from ravidas mandir to balmukund mehta house(jalminar) at ward-12 | 820100 | 5000 | 16500 | 45 दिन |
| 15 | 08 | शहरी परिवहन | Pcc road from jubair khan land(pcc raod) to kabristan at ward-08 | 693700 | 5000 | 13900 | 45 दिन |
| 16 | 08 | शहरी परिवहन | Pcc road with paver block from main road to parmeshwar pathak house at ward-08 | 346100 | 1000 | 7000 | 45 दिन |
| 17 | 01 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with Slab from Devi Dham via Pradip Ram house to Badalu Rajwar house at ward no 01 (Part-1) | 651700 | 5000 | 13100 | 45 दिन |
| 18 | 01 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with Slab from Devi Dham via Pradip Ram house to Badalu Rajwar house at ward no 01 (Part-2) | 659200 | 5000 | 19500 | 45 दिन |
| 19 | 01 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Krishna Ram house to Jagarnath Chandrawanshi Land at ward no 01 | 732000 | 5000 | 14700 | 45 दिन |
| 20 | 01 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with Slab from Satendra Ram house to Krishna Ram house at ward no 01 | 732000 | 5000 | 14700 | 45 दिन |
| 21 | 03 | शहरी परिवहन | Construction of Grade-1 from Surendra Singh Land to main road Bakari Bazar at ward no 03 | 897500 | 5000 | 18000 | 45 दिन |
| 22 | 03 | शहरी परिवहन | Repairing of PCC road from Vijay Singh house to Jawala Prasad house at ward no 03 | 843500 | 5000 | 16900 | 45 दिन |
| 23 | 05 | शहरी परिवहन | Construction of Grade-01 from Dumariya Baba to Raja Anant Pratap Dev land at ward no 05 | 547100 | 5000 | 11000 | 45 दिन |
| 24 | 05 | नागरिक सुविधा | Repair of RCC drain from Bus Stand to old Hospital at ward no 05 | 574100 | 5000 | 11000 | 45 दिन |
| 25 | 05 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab From Chandravanshi Tola main road to Rauph A nsari house at ward no 05 | 596200 | 5000 | 12000 | 45 दिन |
| 26 | 05 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Vanshi Chandravanshi house to MD Ali house at ward no 05 (Part-1) | 699800 | 5000 | 14000 | 45 दिन |
| 27 | 05 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Vanshi Chandravanshi house to MD Ali house at ward no 05 (Part-2) | 714400 | 5000 | 14300 | 45 दिन |
| 28 | 06 | शहरी परिवहन | Construction of PCC road from Resua Primary School to Kaushal Ram & Nath Ram land at ward no 06 | 353200 | 1000 | 7100 | 45 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

PR 378969 Urban Development(26-27)#D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

संपादकीय


# यूएई : भारत के लिए अच्छी खबर

खाड़ी के देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक से 1 मई को बाहर हो जाना जहां पश्चिम एशिया की राजनीति को खासा प्रभावित करेगा, वहीं भारत के लिए यह अच्छी खबर हो सकती है, क्योंकि हम अपनी जरूरत का 91 फीसदी तेल आयात करते हैं। इनमें से 54 प्रतिशत आयात मध्य पूर्व के देशों से होता है। यूएई लगातार भारत के प्रमुख कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं में रहा है। भारत के कुल कच्चे तेल आयात का लगभग 10 प्रतिशत वहीं से आता है। गौरतलब है कि ओपेक एक स्थायी अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका मुख्यालय ऑस्ट्रिया के वियना में है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों की पेट्रोलियम नीतियों को एकजुट करना और तेल बाजार को स्थिर बनाए रखना है। इसकी स्थापना ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला ने सितंबर 1960 में बग़दाद में की थी। इसके बाद यह 12 देशों का समूह बन गया। ओपेक देश दुनिया के 35 प्रतिशत कच्चे तेल का उत्पादन करते हैं। यह कार्टेल उस समय बना था जब वैश्विक बाज़ार पर 'सेवन सिस्टर्स' नाम की ताकतवर पश्चिमी कंपनियों का दबदबा था। 2016 में ओपेक प्लस का गठन हुआ, जिसमें रूस और बहरीन सहित 10 अतिरिक्त देश शामिल हैं। हालांकि यूएई इस गठबंधन से बाहर होने वाला पहला देश नहीं है। इससे पहले कतर, इंडोनेशिया, इक्वाडोर, अंगोला और गैबॉन भी बाहर हो चुके हैं। ओपेक में यूएई चौथा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है और 2024 में वह प्रतिदिन 29.2 लाख बैरल तेल उत्पादन कर रहा था। अब यूएई का संगठन से बाहर होने का अर्थ है कि अब वह तेल उत्पादन पर लगाए गए इस गठबंधन के कोटा सिस्टम से बंधा नहीं रहेगा। साथ ही यूएई 2016 में बने ओपेक प्लस गठबंधन से भी बाहर हो जाएगा। इसमें ओपेक के सभी सदस्य देशों के साथ 10 अतिरिक्त देश शामिल हैं। यूएई के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक उसने यह फ़ैसला 'राष्ट्रीय हितों की जरूरतों को देखते हुए' लिया है। अहम बात यह है कि यूएई ने यह क़दम ऐसे समय उठाया है जब ईरान के साथ युद्ध के कारण तेल का व्यापार ख़ासा प्रभावित हुआ है। जबकि यूएई उसे हर क्षेत्र में चुनौती दे रहा है। विशेषज्ञों के अनुनसार ऊर्जा की बड़ी जरूरत वाले देश भारत के लिए यूएई का इस गठबंधन से बाहर होना 'अच्छी ख़बर' हो सकती है, हालांकि इस पर अंतिम निष्कर्ष निकालना अभी जल्दबाज़ी होगी। संयुक्त अरब अमीरात भारत का मज़बूत साझेदार है। उम्मीद है कि वह अपने कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाकर 50 से 60 लाख बैरल प्रतिदिन तक ले जाएगा। यह हमारे लिए सकारात्मक है, क्योंकि हम रणनीतिक साझेदार भी हैं और कच्चे तेल के उपभोक्ता भी। अब यूएई अपना तेल उत्पादन बढ़ाता है तो दुनिया में कच्चे तेल के दाम गिरेंगे। भारत यदि बल्क मे तेल खरीदता है तो यूएई उसे तगड़ा डिस्काउंट भी दे सकता है। जानकारों के मुताबिक यूएई को वास्तविक लाभ होर्मुज स्ट्रेट खुलने पर ही मिलेगा। इसमें संदेह नहीं कि पश्चिम एशियां में दो माह से चल रहे युद्ध की आंच भारत पर ऊर्जा संकट के रूप में पड़ रही है। विश्व बाजार में क्रूड ऑइल के दाम आसमान छू रहे हैं। भारत ने भी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पेट्रॅल डीजल के भाव नहीं बढ़ाए थे, लेकिन अब वो कभी भी बढ़ सकते हैं। आरती खोसला ने कहा, 'यह बदलाव भारत को राहत दे सकता है क्योंकि यूएई के साथ हमारी एक व्यापक व्यापारिक साझेदारी है. स्थिर आपूर्ति और कीमतों में कमी के अलावा, यह फिलहाल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंताओं में भी राहत दे सकता है।

# लैंगिक समानता से भारत में आएगा बदलाव

**लैंगिक समानता एक मूलभूत मानवाधिकार होने के साथ-साथ शांतिपूर्ण समाजों, पूर्ण मानवीय क्षमता और सतत विकास के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, यह सिद्ध हो चुका है कि महिलाओं को सशक्त बनाने से उत्पादकता और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। इसलिए कल्याणकारी देश यह चाहते हैं कि वे अपनी वेलफेयर पॉलिसीज में महिलाओं को केंद्र में रखकर अपने आर्थिक उन्नति को सुनिश्चित करें. संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन-यूएन विमेन की चेतावनी आती रही है कि दुर्भाग्यवश, पुरुषों और महिलाओं के बीच अधिकारों और अवसरों की पूर्ण समानता प्राप्त करने में अभी लंबा सफर तय करना है। इसलिए, लैंगिक हिंसा के विभिन्न रूपों को समाप्त करना होगा और महिलाओं व लड़कियों तथा पुरुषों व लड़कों दोनों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य, आर्थिक संसाधनों और राजनीतिक जीवन में समान भागीदारी सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। रोजगार, नेतृत्व तथा निर्णय लेने के लिए भी सभी स्तरों पर समान अवसर प्राप्त करना भी आवश्यक है।**

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर 1948 को अपनाई गई मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के माध्यम से लैंगिक समानता को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का हिस्सा बनाया गया था। मानवाधिकारों के इतिहास में इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ ने यह स्वीकार किया गया। इसमें कहा गया कि सभी मनुष्य गरिमा और अधिकारों में स्वतंत्र और समान पैदा होते हैं। हर कोई इस घोषणा पत्र में बिना किसी भी प्रकार के भेदभाव के निर्धारित सभी अधिकारों और स्वतंत्रताओं का हकदार है। विश्व की आधी आबादी महिलाओं और लड़कियों की है। इसलिए यह मानकर चलें कि उनकी क्षमता भी संपूर्ण क्षमता की आधी अवश्य है। लैंगिक समानता एक मूलभूत मानवाधिकार होने के साथ-साथ शांतिपूर्ण समाजों, पूर्ण मानवीय क्षमता और सतत विकास के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, यह सिद्ध हो चुका है कि महिलाओं को सशक्त बनाने से उत्पादकता और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। इसलिए कल्याणकारी देश यह चाहते हैं कि वे अपनी वेलफेयर पॉलिसीज में महिलाओं को केंद्र में रखकर अपने आर्थिक उन्नति को सुनिश्चित करें. संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन-यूएन विमेन की चेतावनी आती रही है कि दुर्भाग्यवश, पुरुषों और महिलाओं के बीच अधिकारों और अवसरों की पूर्ण समानता प्राप्त करने में अभी लंबा सफर तय करना है। इसलिए, लैंगिक हिंसा के विभिन्न रूपों को समाप्त करना होगा और महिलाओं व लड़कियों तथा पुरुषों व लड़कों दोनों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य, आर्थिक संसाधनों और राजनीतिक जीवन में समान भागीदारी सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। रोजगार, नेतृत्व तथा निर्णय लेने के लिए भी सभी स्तरों पर समान अवसर प्राप्त करना भी आवश्यक है। अब अगर वैश्विक लैंगिक समानता पर बात करें तो ऐसे कई आंकड़े और शोध सामने आये हैं जो हमें चिंता में डाल देते हैं। शोध बताते हैं कि इस दिशा में प्रगति बहुत धीमी है. कुछ शोध के निष्कर्ष में ऐसा भी निकल कर आया है कि विश्व में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है। लेकिन सतत विकास लक्ष्य-2030 के हिसाब से देखें तो




2030 तक पूर्ण समानता हासिल करने का लक्ष्य अभी दूर है। वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 के अनुसार भी वर्तमान गति से समानता पाने में 132 साल लग सकते हैं. भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है। भारत में लैंगिक समानता की दिशा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। महिला एवं पुरुष 2025 रिपोर्ट का अवलोकन करें तो अप्रैल 2026 तक के विश्लेषण के अनुसार, 2021-23 में जन्म के समय लिंगानुपात 904 से बढ़कर 917 हो गया है। उच्च शिक्षा में महिलाओं का सकल नामांकन अनुपात बढ़कर 30.2% हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता सूचकांक-जीआईआई 2022 में 14 पायदान की छलांग लगाकर 108वां स्थान हासिल किया है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि महिला सशक्तिकरण भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं को गृहिणी के रूप में देखने के दिन लद गए, हमें महिलाओं को राष्ट्र निर्माता के रूप में देखना होगा। यह भारत के प्रधान मंत्री की संवेदनशील अभिव्यक्ति भारतीय लैंगिक समानता और उनके समान गरिमा के प्रति बहुत महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है। वैसे तो हमारे देश की गृहणी भी बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। घर नहीं होंगे। गृहणी नहीं होंगी तो भारतीय सभ्यता उलट-पुलट हो जाएगी जिस पर भारत गर्व करता है। सच तो यह है कि भारत बचा हुआ है अपने गाँव व अपने देसज सभ्यता में तो इसकी वजह हैं हमारे देश की गृहणियां लेकिन प्रधान मंत्री का कहना शायद यह है कि हमारी प्रतिस्पर्धा जिस प्रकार से बदल रही है उसको देखते हुए महिलाएं अगर भारत राष्ट्र के निर्माण में अन्य महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल हों, तो देश की उन्नति बहुत तेजी से होगी। इसलिए प्रधान मंत्री का सन्देश इस दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में लैंगिक समानता के लिए उचित प्रतिभागिता भी स्त्रियों की ज़रूरी है. बिना उन्हें पर्याप्त अवसर दिए, भारत कोई उन्नति कर ही नहीं सकता। भारत ने तो डिजिटल संसार में लैंगिक अंतर को समाप्त करने की बात कर रहा है। डिजिटल लैंगिक अंतर को समाप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता जी20 सम्मेलन में दिखी और तब से भारतीय नेतृत्व डिजिटल लैंगिक समानता की दिशा में काफी काम किया है। वित्तीय समावेशन को सक्षम करने वाले एक मजबूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के साथ, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिए, भारत डिजिटल क्षेत्र में लैंगिक समानता को आगे बढ़ा रहा है। दूरसंचार क्षेत्र विकास प्रत्येक दिन भारत में आधुनिक स्वरूप पा रहा है. ऐसे में, महिलाओं के लिए डिजिटल समावेशन सुनिश्चित करना लैंगिक समानता प्राप्त करने और डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनकी पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है। अच्छी बात यह है कि भारत में निति आयोग, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग व विभिन्न मंत्रालयों से अब विशेष पहल हो रही है कि डिजिटल संसार में लैंगिक अंतर शून्य करने की विशेष कोशिश हो। अब ऐसा देखने को मिल भी रहा है कि विभिन्न राज्यों के महिला समुदाय के प्रमुखों, कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, कॉरपोरेट्स तथा व्यावसायिक संस्थाओं में डिजिटल साक्षरता का ग्राफ्स बढ़ा है और हर बाधाओं को दूर करके तेजी से आगे बढ़ने के लिए सभी मन बना चुके हैं।

आज पूरा देश महसूस कर रहा है कि लखपति दीदी पहल एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है। सच तो यह है कि सच्ची सशक्तीकरण की स्थिति गरिमा की सुरक्षा से शुरू होती है। एक सुरक्षित घर, स्वच्छ ईंधन, निजी शौचालय और घर के दरवाजे पर पानी न हो, पढने को स्कूल न हो, सोने के लिए छत न हो, आगे बढ़ने के लिए अवसर न हो तो कोई गरिमा महसूस ही नहीं की जा सकती। गरिमा केवल इन्हीं चीजों से नहीं बनती बल्कि सम्मानजनक जीवन स्तर से बनती है. नरेंद्र मोदी सरकार ने महिलाओं को भारत की विकास यात्रा के केंद्र में रखा है, जिससे दैनंदिन संघर्षों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसरों में बदला जा सके। आवास से लेकर स्वच्छता तक, प्रत्येक पहल ने जीवन को ऊपर उठाया है और ग्रामीण भारत में नारी शक्ति की नींव को मजबूत किया है। हमारे देश में सहकारिता से भी बहुत सी महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा है. इस प्रकार अनेक स्तर से सर्कार तो कोशिश कर रही है कि लैंगिक समानता कायम हो। हाल ही में मेरे द्वारा तिन राज्यों का दौरा किया गया जहाँ मानव अधिकार शिक्षा व लैंगिक समानता के लिए जमीन तैयार की गयी है। बतौर स्पेशल मॉनिटर, ह्यूमन राइट्स एडवोकेसी-ह्युमन राइट्स एजुकेशन एंड जेंडर इक्वैलिटी, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (इंडिया) जिन राज्यों का दौरा मैंने किया। बहुत संतोष है कि आने वाले समय में देश के इन राज्यों में मानव अधिकार शिक्षा व लैंगिक समानता को आकार मिलेगा। सभी विजिटेड संस्थानों ने आश्वस्त किया है कि लैंगिक समानता के लिए, मानव अधिकार शिक्षा के लिए विविध प्रयास करेंगे। यह एक बदलाव है. यह एक विशेष परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र की पहल में भी शामिल हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र महिला संस्था-यूएन विमेन ने केन्द्र और प्रान्तीय सरकारों के साथ मिलकर, लैंगिक उत्तरदाई बजट व्यवस्था पर लगातार काम किया है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक व्यय को लैंगिक दृष्टि से बेहतर ढंग से समझना और परखना है।

अध्यात्म

# मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



सेठ अमीरचंद के पास अपार धन दौलत थी। उसे हर तरह का आराम था, लेकिन उसके मन को शांति नहीं मिल पाती थी। हर पल उसे कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी।

एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया।

प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वहीँ बैठा रहा। उसे देखकर संत बोले: कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है।

**इस पर अमीरचंद बोला:** बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है।

**यह सुनकर संत बोले:** घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी।

तुम आंखे बन्द करके ध्यान की मुद्रा में बैठो। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया।

**सेठ बोला:** चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं

इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया।

**कुछ देर बाद वह सेठ से बोले:** तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए।

सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया। उसके बाद सेठ अमीरचंद ने कभी भी ईर्ष्या नहीं की, क्रोध का भी त्याग कर दिया।

ईर्ष्या, घृणा, द्वेष ये सभी बुराईयां मनुष्य को नरकगामी बनाती हैं। इनसे हमेशा दूर रहें।

# वेतन से आगे, सामाजिक न्याय की लड़ाई

**मज़दूर दिवस पर श्रमिक आंदोलनों की चर्चा अक्सर फ़ैक्टरी गेट पर विरोध, नारेबाज़ी, अतिआवश्यक सेवाओं को ठप कर देने या हड़तालों की हिंसक छवियों, शहरों के उद्योग बंद होने की कहानियों तक सीमित रह जाती है। यह दृष्टि उस बड़े सत्य को अनदेखा कर देती है कि दुनिया के मजदूर केवल अपने अधिकारों के लिए ही नहीं, बल्कि देशहित, लोकतंत्र और मानव गरिमा की रक्षा के लिए भी निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। भारत में भी श्रमिक वर्ग ने यह भूमिका निभाई।**

चम्पारण सत्याग्रह में खेतिहर मजदूर नील किसानों के साथ खड़े रहे; 1918 में अहमदाबाद, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई की मिल हड़ताल और दांडी यात्रा में कारीगरों, नमकनिर्माताओं और तटीय मजदूरों ने औपनिवेशिक अन्याय के विरुद्ध व्यापक जनशक्ति खड़ी कर मजदूरों की सामूहिक शक्ति प्रदर्शित की। डॉ. आंबेडकर के नेतृत्व में महाड़ के चवदार तालाब सत्याग्रह में दलित श्रमिकों ने सामाजिक समानता की लड़ाई को नई दिशा दी।

इसी वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अमेरिका का नागरिक अधिकार आंदोलन एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। 'जिमक्रो नियमों के तहत अमेरिका में अश्वेत नागरिकों को 'अलग लेकिन समान' के नाम पर अपमानजनक भेदभाव का सामना करना पड़ता था। सार्वजनिक सुविधाएँ—जैसे बस, ट्रेन, पार्क, स्कूल में व्यवस्थाएँ अलग-अलग थीं, और मतदान में बाधा डालने के लिए साक्षरता परीक्षण व 'पोल टैक्स' जैसे उपाय थे। इन असमानताओं के विरुद्ध 1950-60 के मध्य व्यापक जनांदोलन उभरे, जिनमें श्वेत और अश्वेत सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अश्वेत श्रमिकों ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर संघर्ष को दिशा दी।'

इन आंदोलनों की रीढ़ घरेलू कामगार, औद्योगिक श्रमिक और उनके संगठन थे, जिन्होंने हर स्तर पर संघर्ष को जीवित रखा। ग्रामीण इलाकों में हिंसा और दमन के बावजूद खेतिहर मजदूरों व बटाईदार कृषकों ने यूनियनें बनाईं और 'फ्रीडम समर' जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई। इन सबके बीच पादरी मार्टिन लूथर किंग जूनियर इस आंदोलन के सबसे प्रेरक और नैतिक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे। उन्होंने महात्मा गांधी की अहिंसा, सविनय अवज्ञाभंग आंदोलन व सत्याग्रह से प्रेरित होकर श्रमिक वर्ग की शक्ति को संगठित कर संघर्ष को राष्ट्रीय स्वरूप दिया।

1 दिसंबर 1955 को एक साधारण कामकाजी महिला, रोज़ा पार्क्स द्वारा मॉन्टगोमरी की बस में श्वेत अमेरकी नागरिक के लिए अपनी सीट छोड़ने से इनकार करना अचानक उपजा विद्रोह नहीं था। यह वर्षों से सहते आ रहे अपमान के विरुद्ध एक शांत, पर निर्णायक प्रतिकार था। उनकी गिरफ्तारी ने अश्वेत समाज को झकझोर दिया और 381 दिनों तक चलने वाले मॉन्टगोमरी बस बहिष्कार की शुरुआत हुई। इस बहिष्कार की असली ताकत घरेलू कामगार महिलाएँ, औद्योगिक श्रमिक, खेतिहर मजदूर और निम्नआय वर्ग के वे लोग थे, जो रोज़मर्रा के आवागमन के लिए इन्हीं बसों पर निर्भर थे—और बहिष्कार का सबसे बड़ा बोझ भी इन्हीं ने अपने कंधों पर उठाया। लोग मीलों पैदल चले, चर्चों की वैनें चलीं, कारपूल बने, टैक्सी चालकों ने कम किराए पर यात्राएँ कराईं। सुबह अँधेरे में निकलने वाली घरेलू कामगार महिलाएँ और मजदूर, लंबी दूरी पैदल चलने की कठिनाइयों के बावजूद डटे रहे।

दूसरी ओर श्वेत प्रतिरोध लगातार हिंसक होता गया— किंग के घर पर बम फेंके गए, कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेलों में प्रताड़ित किया गया, और आंदोलनकारियों को निरंतर धमकियाँ दी गईं। इसके बावजूद आंदोलन की आत्मा गांधी जी की अहिंसा के अनुरूप ही रही; जेल की कोठरियों और सड़कों पर 'वी शैल ओवरकम' जैसे आशाभरे गीत गूँजते रहे। मनुष्य की गरिमा और समानता का प्रतीक यह गीत आगे चलकर भारत में 'हम होंगे कामयाब एक दिन' के रूप में लोकप्रिय हुआ।

मॉन्टगोमरी बस आंदोलन की श्रमिकआधारित नैतिक शक्ति ने विद्यार्थियों में भी प्रतिरोध की नई चेतना जगाई। इसी प्रेरणा से 1960 का सिटइन मूवमेंट जन्मा, जब ग्रीन्सबोरो के चार छात्रों ने श्वेतआरक्षित लंच काउंटर पर बैठकर अलगाव को चुनौती दी। कुछ ही महीनों में हजारों छात्रों ने इस अहिंसक सत्याग्रह के माध्यम से नस्लीय भेदभाव के खिलाफ बिगुल फूंक दिया। 1961 का फ्रीडम राइड आंदोलन—जिसकी रीढ़ श्रमिक और छात्र थे—अमेरिकी लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा बन गया। बसों में सवार शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों पर श्वेत भीड़ की क्रूर हिंसा और गिरफ्तार अश्वेत यात्रियों को प्रताड़ित किये जाने की ख़बरों ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय छवि को गहरा आघात पहुँचाया।

1963 का 'मार्च ऑन वॉशिंगटन' आज भले ही किंग के 'आई हैव अ ड्रीम' भाषण से पहचाना जाता हो, पर इसकी नींव श्रमिक नेता ए. फिलिप रैंडोल्फ और ब्रदरहुड ऑफ स्लीपिंग कार पोर्टर्स यूनियन ने रखी थी। इस मार्च का आधिकारिक नाम—'नौकरियों और स्वतंत्रता के लिए वॉशिंगटन मार्च'—स्पष्ट करता है कि यह आंदोलन मूलतः श्वेत और अश्वेत मजदूरों के बीच समानता, आर्थिक न्याय और श्रमिक अधिकारों की माँग से उपजा था। वॉशिंगटन मार्च ने न केवल नस्लीय भेदभाव के खिलाफ एक सशक्त आवाज उठाई, और सिद्ध किया कि श्रमिक आंदोलन, अहिंसा और शांतिपूर्ण अनुशासन के द्वारा व्यापक सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

मार्टिन लूथर किंग द्वारा आंदोलन की जननी कही जाने वाली सेप्टिमा क्लार्क का योगदान नस्लीय भेदभाव के इतिहास में अद्वितीय है। उनके सिटीजनशिप स्कूलों ने—अश्वेत श्रमिकों को साक्षर बनाया, उन्हें मतदान के लिए पंजीकरण कराने में सक्षम किया ,यूनियनों और आंदोलनों में नेतृत्व विकसित किया। उनके प्रयासों का ही सुखद परिणाम है कि आज अमेरिकी कांग्रेस में अश्वेत प्रतिनिधित्व अपने ऐतिहासिक उच्च स्तर पर है—और यह सब बिना किसी आरक्षण के संभव हुआ।

इन आन्दोलनों से बढ़ते दबाव के कारण राष्ट्रपति कैनेडी को हस्तक्षेप करना पड़ा; उन्होंने आंदोलन को टकराव और हिंसा से हटाकर मतदातापंजीकरण जैसे लोकतांत्रिक कदमों की ओर मोड़ा, अंतरराज्यीय परिवहन में नस्लीय भेदभाव समाप्त करने के लिए संघीय आदेश लागू किए और नागरिक अधिकारों पर व्यापक कानून लाने की घोषणा की। दुर्भाग्य से 22 नवम्बर 1963 को कैनेडी की हत्या हो गई, और उनके बाद 1964 में सिविल राइट्स एक्ट पारित हुआ।

चाहे भारत हो या अमेरिका, इतिहास बताता है कि श्रमिक वर्ग केवल वेतन और सुविधाओं की लड़ाई नहीं लड़ता, बल्कि लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के आंदोलनों का प्रमुख वाहक रहा है। परिवर्तन की सबसे सशक्त पटकथा अक्सर उन्हीं हाथों से लिखी जाती है, जिनमें मेहनत के निशान होते हैं।

अमेरिका में सामाजिक कार्यकर्ताओं को कई बार कम्युनिस्ट, विध्वंसक या व्यवस्था के लिए खतरा बताकर आरोपित किया गया। भारत में भी सामाजिक आंदोलनों पर ऐसे आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं और उन्हें राजनीतिक द्वेष व वित्तीय पाबंदियों का सामना करना पड़ता है। फिर भी, श्रमिक आंदोलनों की लौ आरोपों से नहीं बुझती—वह हर चुनौती के साथ और प्रखर होती जाती है। वर्तमान में, गिग और असंगठित अर्थव्यवस्था के दौर में श्रमिक अधिकार और गरिमा की यह लड़ाई पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप हर काम जल्दी खत्म करने के मूड में रहेंगे, बस यही जल्दबाजी गलती करा सकती है। ऑफिस में कोई छोटी बात बड़ी बन सकती है इसलिए रिएक्ट करने से पहले सोचें।

**वृषभ**
आज के राशिफल अनुसार ग्रहों का प्रभाव कुछ सजग रहने की बात कहता है क्योंकि आज आपका ध्यान थोड़ा भटक सकता है। जरूरी काम पहले निपटाएं, वरना बाद में तनाव हो सकता है।

**मिथुन**
आज आपको अपने सोचे हुए कामों या कहें कि टारगेट्स को लेकर स्पष्टता मिलेगी। काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप उसे व्यवस्थित तरीके से संभाल लेंगे।

**कर्क**
आज थोड़ा ब्रेक लेने का मन करेगा और लेना भी चाहिए। हर समय दौड़ते रहने से बेहतर है कि आप खुद को रीचार्ज करें। काम में नई ऊर्जा शाम के बाद आएगी।

**सिंह**
ग्रह गोचर की स्थिति आज के राशिफल में आप को अधिक प्रभवैत कर सकती है। चीजों को बहुत गहराई से महसूस करेंगे। इंट्यूशन या कहें की आभास होने वाली स्थिति आप के लिए मजबूत होगी।

**कन्या**
आज आपके लिए दिन थोड़ा भागदौड़ से भरा हो सकता है। पिछले दिनों की मेहनत का असर दिखने लगेगा। कोई अच्छी खबर या अवसर मिल सकता है।

**तुला**
आज थोड़ा धीमे चलना ही समझदारी है। हर चीज तुरंत आपके अनुसार नहीं होगी और यही आज की सीख है। ऑफिस में सहयोग मिलेगा, लेकिन खुद को साबित करने में समय लगेगा।

**वृश्चिक**
आज आप अंदर से काफी मजबूत महसूस करेंगे। कोई पुरानी चिंता आज हल होती नजर आएगी। करियर में धीरे-धीरे चीजें आपके पक्ष में जा रही हैं।

**धनु**
आज आप अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सोच में रह सकते हैं। ये सोच आपको दिशा भी देगी। करियर में कोई नया आइडिया आएगा, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है। आध्यात्मिक या शांत माहौल में समय बिताने से अच्छा महसूस होगा।

**मकर**
आज आप स्थिर रहकर जीत हासिल करेंगे। दूसरों की तुलना में आप कम बोलकर ज्यादा समझेंगे। नौकरी में भरोसा बढ़ेगा कोई जिम्मेदारी आपके पक्ष में जा सकती है।

**कुंभ**
आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है। काम को टुकड़ों में बांटकर करें। किसी दोस्त या सहकर्मी की सलाह आज काम आ सकती है।

**मीन**
आज आप उन चीजों पर अधिक ध्यान देंगे जिन्हें काफी समय से नहीं कर पा रहे थे। आप की एकाग्रता ही आपको दूसरों से आगे रखेगा। कोई रुका हुआ काम अचानक पूरा हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दानापुर शिक्षण संस्था आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में सोमवार को नए सत्र 2026 - 27 के लिए शपथ ग्रहण समारोह में निर्वाचित छात्रों को विद्यालय सभापति (सदस्य बिहार विधानसभा) डॉ कुमार पुष्पांजय द्वारा कैप्टन , वाइस कैप्टन, हेड गर्ल , वाइस हेड गर्ल




एवं हाउस कैप्टन को सैश और बैच पहनाकर सम्मानित किया गयो इस दौरान छात्रों ने प्रतिज्ञा ली की वह अपनी जिम्मेदारियों को पूर्णनिष्ठा अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगी सभापति ने कहा कि छात्र जीवन में जिम्मेदारियां निभाने से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है तथा यही क्षमता आगे जाकर राष्ट्र निर्माण के कार्यों के लिए उपयोगी होती है प्रधानाचार्य श्रीमती मधु ठाकुर ने भी छात्राओं को उनके कर्तव्य से अवगत कराया` साथ ही विद्यालय सभापति ने बाल वाटिका से कक्षा ग्यारहवीं तक के कक्षा टॉपर और दसवीं के स्कूल टॉपर को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया ` विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्रीमती मधु ठाकुर ने सभी छात्रों को बधाइयां दी।

### तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत : केशरी

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने झाल मुड़ी और मिरजई खाकर बधाई दी**

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बंगाल-असम और पुडुचेरी में भाजपा के प्रचंड जीत भाजपा की ऐतिहासिक जीत है उक्त बाते भाजपा फतुहा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने कहा और बताया की इस ऐतिहासिक जीत से सनातन धर्म मजबूत होगा।इस दौरान भाजपा नेत्री अंजु मिश्रा के अवास पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुट होकर जीत का जश्न मनाते हुए झालमुड़ी और मिरजई मिठाई खाकर कर एक



दुसरे को बधाई दी और इस जीत पर बंगाल, असाम और पुडुचेरी की जनता के साथ -साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी,गृह मंत्री अमित शाह जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीन नवीन जी को बधाई दी है। मौके पर भाजपा अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी,जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा, जिला उपाध्यक्ष सूर्यकांत पासवान, भाजपा नेत्री अंजु मिश्रा, आईटीसेल प्रभारी विनय प्रताप सिंह फतुहा भाजयुमो अध्यक्ष ई. सौरभ आनंद, महामंत्री राहुल सिंह,अरुण कुमार समेत कई मौजूद थे।

### भाजपा पर जनता का भरोसा कायम: रवीन्द्र रंजन

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी के अध्यक्ष सह बिहार भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी रवीन्द्र रंजन ने पश्चिम बंगाल, असम और पाण्डेचेरी मे भाजपा की भारी जीत और स्पष्ट बहुमत मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है की इस जनादेश से स्पष्ट हो गया है कि आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बरकरार है. भाजपा की इस देशव्यापी जीत से यह साबित हो गया है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व देश के विकास से जनता संतुष्ट है. रवीन्द्र रंजन ने जोर देकर कहा कि भारत विश्व गुरु बनने की दिशा मे आगे बढ़ रहा है.

### शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने अथमलगोला पहुंचे नीरज कुमार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र अधीन करजान गांव निवासी भाजपा नेता सह राष्ट्र सेवा मिशन बिहार प्रदेश के संयोजक घनश्याम सिंह मंटू की माता मालती देवी के निधन के उपरान्त आयोजित ब्रह्मभोज में शामिल होने एवं शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने जदयू प्रवक्ता सह विधान पार्षद नीरज कुमार अथमलगोला पहुंचे। जहां उन्होंने दिवंगत के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि दिवंगत मालती देवी धर्मपरायण महिला थी। और सामाजिक कार्यों में भी रुचि रखती थी। उनका



निधन परिवार के लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी अपूर्णीय क्षति है।इस मौके पर जितेंद्र नीरज, संजय कुमार सिंह,राणा उदय सिंह, राज किशोर सिंह, विजय सिंह चौहान, जे पी सिंह, राकेश सिंह,कपिल सिंह, सदन सिंह ,भोला सिंह, अनंत कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, प्रणव कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित दर्जनों गणमान्य एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।ज्ञात हो कि अचानक बीमार होने पर पटना के एक निजी अस्पताल में उन्हें (मालती देवी) भर्ती कराया गया था।जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

### लहसुना पुलिस ने 500 किलो जावा महुआ गुड किया नष्ट, 40 लीटर शराब बरामद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोमवार को लहसुना थाने की पुलिस ने गुरपतिचक गांव में सघन छापेमारी चलाते हुए दो दर्जन से अधिक शराब की अवैध भठ्ठीयों को तोड़ते हुए तकरीबन 500 किलो जावा महुआ घोल को नष्ट किया है ।वही तकरीबन आठ गैलन में 40 लीटर शराब को बरामद किया गया है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिल रही थी कि गुरपतिचक गांव में लगातार शराब की भठ्ठीयां से शराब को चुलाई की जा



रही है और शराब बनाने के लिए पहले महुआ को सडाया जाता है। जिसे ड्रम में रखकर जमीन के अंदर छुपा कर रखे जा रहे थे, सूचना को सत्यापन करते हुए गांव के चारों तरफ पुलिस घेर का छापेमारी की गई हालांकि सभी शराब बनाने वाले धंधेबाज भागने में सफल रहे, थानाध्यक्ष ने कहा है इस सबों को चिन्हित करते हुए उनसे ऊपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### धनरूआ में छापेमारी: जांच के दौरान पांच डीलर की दुकानें मिलीं बंद, सभी से मांगा स्पष्टीकरण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी के औचक निरीक्षण में धनरूआ प्रखंड की पांच जन वितरण प्रणाली की दुकानें निर्धारित समय पर बंद मिलीं। एडीएसओ रंजीत राणा ने सभी पांच डीलरों से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल बिते शुक्रवार को एडीएसओ रंजीत राणा ने टीम के साथ सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक धनरूआ के विभिन्न 10 पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जांच में सभी दुकानें बंद पाई गईं। दुकानों पर लाभुक राशन लेने के लिए इंतजार कर रहे थे।सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी रणजीत राणा रंजीत कुमार ने बताया की सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि सभी पीडीएस दुकानें सुबह 7 से दोपहर 12 बजे और शाम 3 से 6 बजे तक खुली रहेंगी। बंद मिलने वाले सभी डीलरों को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। अगर 24 घंटे में जवाब नहीं मिला या जवाब गलत पाया गया तो डीएम के निर्देश पर लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने मई माह से ह्यजीरो टॉलरेंसह्ल अभियान शुरू किया है। इसके तहत हर सप्ताह औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

# फतुहा के कोऑपरेटिव कॉलोनी में दिनदहाड़े डकैती

## दंपति को बंधक बनाकर पांच लाख के गहने लूटे

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा थाना क्षेत्र के कोऑपरेटिव कॉलोनी में सोमवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने एक घर में घुसकर बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। करीब आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने गृहस्वामी और उनकी पत्नी को हथियार के बल पर बंधक बना लिया और घर में रखे नगद व कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे छह की संख्या में आए अपराधी अचानक घर में घुस गए। सभी बदमाशों के हाथ में देशी कट्टा था। उन्होंने घर में मौजूद दंपति को कब्जे में लेकर डराया-धमकाया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद



बदमाशों ने आराम से घर की तलाशी ली और गोदरेज अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 20 हजार रुपये नकद तथा लगभग पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। बताया जाता है कि अपराधी काफी सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे और पूरे घर को खंगालने के बाद आसानी से फरार हो गए। घटना के दौरान आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। वारदात के बाद पीड़ित परिवार ने शोर मचाया, तब जाकर आसपास के लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फतुहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्धों की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की घटना से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों ने पुलिस गश्ती बढ़ाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## गुड़िया देवी हत्याकांड मामले में पुलिसिया दबिश में तीन आरोपित ने किया सरेंडर

**मृतक के पति ने अपने दो भाई समेत तीन पर हत्या का लगाया था आरोप**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुडिया देवी हत्याकांड मामले मे धनरूआ पुलिस की दबिश मे आकर तिन आरोपीयों ने सोमवार को मसौढी सिविल कोर्ट मे सरेंडर कर दिया है। जिसमें लवकुश कुमार, मदन कुमार दोनों पिता कमलेश पासवान एवं अमन कुमार पिता देवेंद्र पासवान ने सरेंडर कर दिया है। दरअसल बिते तिन अप्रैल को धनरूआ थाना क्षेत्र के चालिसकोरवा गांव में 30 वर्षीय महिला गुडिया देवी पति सत्येंद्र पासवान की गला दबाकर हत्या कर देने की घटना प्रकाश में आई थी, इस घटना के बाद मृतक महिला के पति सतेंद्र पासवान पिता कमलेश पासवान ने अपने ही भाई पर हत्या का आरोप लगाकर शुक्रवार को धनरूआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, दरअसल मृतक महिला के पति सत्येंद्र पासवान हैदराबाद में काम करता है, जहां फोन पर जानकारी मिली उसकी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। घटना के संबंध में मृतक के बेटे अंकुश कुमार अपने पिता को बताया की दोनो चाचा और दो और लोग दिवाल फांदकर घर में घुस आया था,, जिसमें चाचा लवकुश कुमार ने मुंह दबाया, उसके बाद मदन कुमार ने गला दबाया और अमन कुमार ने पैर पकड कर रखा था, इस तरह से यह घटना कारित किया था। इस संबंध में धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सतेन्द्र ने अपने दो भाई लवकुश और मदन के द्वारा पत्नी पर गलत नियत का विरोध करने पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही थी,उसी दबिश मे आकर सोमवार को मसौढ़ी सिविल कोर्ट मे सरेंडर किया है।

## नीट 2026 का पेपर रहा अपेक्षाकृत आसान, कटऑफ में बढ़ोतरी की संभावना

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोल इंस्टीच्यूट द्वारा नीट 2026 प्रश्नपत्र का विस्तृत विश्लेषण जारी किया गया। संस्थान के फाउंडर एवं डायरेक्टर बिपिन सिंह ने विशेषज्ञ राय देते हुए कहा कि इस वर्ष नीट 2026 का प्रश्नपत्र पिछले वर्ष की तुलना में अपेक्षाकृत आसान रहा, जिसके कारण इस बार प्रतियोगिता और अधिक कड़ी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पेपर का स्तर संतुलित था, लेकिन आसान प्रश्नों की संख्या अधिक होने से उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि रसायन शास्त्र विषय में कुल 45 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 18 प्रश्न कक्षा 11वीं तथा 27 प्रश्न कक्षा 12वीं से थे। प्रश्नों के स्तर की बात करें तो 11 प्रश्न आसान, 32 प्रश्न मध्यम स्तर के तथा 2 प्रश्न कठिन स्तर



के थे। विद्यार्थियों के लिए Numerical EUa Conceptual आधारित प्रश्नों का संतुलन बेहतर देखने को मिला। केमैस्ट्री विषय में कुल 45 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 21 प्रश्न कक्षा 11वीं तथा 24 प्रश्न कक्षा 12वीं से थे। Organic Chemistry से 15, Physical Chemistry से 17 तथा Inorganic Chemistry से 13 प्रश्न पूछे 18 प्रश्न आसान, 16 मध्यम तथा 11 प्रश्न कठिन स्तर के रहे।

Biology विषय में कुल 90 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 46 प्रश्न कक्षा 11वीं तथा 44 प्रश्न कक्षा 12वीं से थे। Biology सेक्शन अपेक्षाकृत अधिक स्कोरिंग रहा। इसमें 52 प्रश्न आसान, 32 प्रश्न मध्यम तथा 6 प्रश्न कठिन स्तर के रहे। अधिकांश प्रश्न ठउएफ्ळ आधारित थे, जिससे नियमित ठउएफ्ळ अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है। बिपिन सिंह ने आगे कहा कि इस वर्ष अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक हो सकती है, जिससे टॉप सरकारी मेडिकल कॉले में एडमिशन के लिए प्रतिस्पर्धा और अधिक बढ़ेगी।

## हीलवेल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन, शहर को मिली अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी पटना के रुकनपुरा, बेली रोड स्थित हीलवेल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन आज 4 मई 2026 को हुआ । उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक (चीफ पैट्रन) के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अजय कुमार उपस्थित थे। हीलवेल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. विजय शंकर प्रसाद सिंह ने बताया कि अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। अस्पताल का उद्देश्य लोगों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। पी.के. कॉम्प्लेक्स, सेंट्रल बैंक के पास, रुकनपुरा, बेली रोड स्थित यह अस्पताल "Nurturing Kidneys, Enhancing Lives" के उद्देश्य के साथ विशेष रूप से किडनी, प्रोस्टेट



एवं मूत्र रोगों के उपचार में विशेषज्ञता प्रदान कर रहा है। हीलवेल हॉस्पिटल में हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर, अपेंडिक्स, आंत से जुड़ी समस्याएं, पित्त की थैली में पथरी तथा पेशाब की नली में पथरी जैसे रोगों का सफल इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा किडनी रोग, यौन रोग, थायराइड, खून की कमी, खांसी-बुखार एवं पेट से जुड़ी सभी बीमारियों उपलब्ध भी यहां समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में अनुभवी चिकित्सक डॉ. विजय शंकर प्रसाद सिंह गोल्ड मेडलिस्ट ( डीएनबी जनरल सर्जरी, एफएमएएस, डीएनबी यूरोलॉजी) के नेतृत्व में मरीजों का इलाज किया जाता है। वे गुर्दा, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोगों के विशेषज्ञ हैं और जटिल सर्जरी में भी दक्ष माने जाते हैं। अस्पताल में सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक तथा शाम 7:00 बजे से 9:00 बजे तक ओपीडी सेवाएं उपलब्ध हैं।

## बंगाल चुनाव में जीत पर मसौढी में बीजेपी का जश्न, मिठाई बांटी, फोड़े पटाखे

**कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी, 'जय श्री राम' और 'मोदी है तो मुमकिन है' के लगे नारे**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल,पांडेचेरी और आसाम केरलम,तामिलनाडु विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली बढ़त के रुझानों के बाद बिहार में भी जश्न का माहौल दिखा। मसौढ़ी नगर में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में मिठाई बांटी और पटाखे फोड़े। जैसे ही बंगाल से रुझान आने शुरू हुए, मसौढ़ी स्थित भाजप कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटने लगी। नगर अध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान 'जय श्री राम', 'भारत माता की जय' और 'मोदी है तो मुमकिन है' के नारे गूंजते रहे।बंगाल की जनता ने



तुष्टिकरण को नकार कर विकास को चुना है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की नीतियों की जीत है। बंगाल से परिवर्तन की लहर अब पूरे देश में जाएगी। 2029 में बिहार में भी हम 40 की 40 सीट जीतेंगे। कार्यकर्ताओं ने स्टेशन रोड, मेन मार्केट और रेलवे गुमटी चौक पर भी पटाखे फोड़े और लोगों में मिठाई बांटी। कार्यक्रम में राकेश कुमार, अजय कुमार शर्मा, आशिष देव,संजय केसरी, विश्वनाथ केसरी, विजय यादव, नीरज शर्मा, अभय वर्मा, उमेश निषाद, पिंटू रजक, मुन्ना मांझी, उपेंद्र केसरी, आशा किरण सिंह, शोभा कुमारी आदी शामिल रहे।

### आंधी-पानी में 33 केवी लाइन पर गिरी पेड़ की टहनी, शहर की बिजली व्यवस्था चरमराई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में सोमवार को तेज आंधी और बारिश के कारण मसौढी जेल परीसर में 33 केवी मेन लाइन पर पेड़ की बड़ी टहनी टूटकर गिर गई। इससे मसौढ़ी शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लगभग दो घंटे बाद बिजली बहाल हो सकी।बिजली एसडीओ ने बताया कि सोमवार की शाम तकरीबन छह बजे बजे मसौढी ग्रीड से निकलने वाली 33 केवी लाइन के पोल के पास शिशम के पेड़ की मोटी टहनी टूटकर गिर गई। इससे तार टूट गया और इंसुलेटर भी क्षतिग्रस्त हो गया। जहाँ पुरे शहर की बिजली गुल हो गई, सूचना मिलते ही विभाग की टीम मरम्मत में जुट गई। गैंगमैन, लाइनमैन और तकनीशियनों की टीम ने करीब घंटो की मशक्कत के बाद तार जोड़ा और नया इंसुलेटर लगाया। इसके बाद बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी गई।

## एस.यू. कॉलेज हिलसा के शिक्षकेतर कर्मचारी 6-7 मई को रहेंगे कलमबंद हड़ताल पर

**अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन एवं सचिव शैलेश कुमार ने प्राचार्य को सौंपा पत्र, राज्यव्यापी आंदोलन का हिस्सा**

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एस.यू. कॉलेज, हिलसा के शिक्षकेतर कर्मचारी संघ ने 6 मई एवं 7 मई 2026 को सामूहिक धरना व कलमबंद हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन एवं सचिव शैलेश कुमार ने सोमवार 4 मई को प्रभारी प्राचार्य को इस संबंध में पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पत्रांक 338-637/26 दिनांक 30.03.2026 एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पत्रांक P-276, दिनांक 02.05.2026 के आलोक में यह हड़ताल राज्यव्यापी स्तर पर आयोजित की जा रही है।

**क्या है मांग?**

हालांकि पत्र में विस्तृत मांगों का उल्लेख नहीं है, पर महासंघ का यह आंदोलन मुख्यतः सातवें वेतनमान की विसंगतियों, प्रोन्नति, पेंशन योजना एवं संविदा कर्मियों के नियमितीकरण जैसे मुद्दों को लेकर है। डॉ. नयन ने कहा कि शिक्षकेतर कर्मचारी विश्वविद्यालय की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी हो रही है।

**'संघे शक्ति कलियुगे'**

संघ के लेटरहेड पर अंकित 'संघे शक्ति कलियुगे' के मंत्र के साथ डॉ. नयन ने कहा कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, कलम की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से 6-7 मई को पूर्ण हड़ताल सफल बनाने की अपील की।मौके पर कोषाध्यक्ष रोनित रॉय,उपाध्यक्ष जलेंद्र कुमार, कार्यकारणी सदस्य कुमार पवन,सुभद्रा सिन्हा, पूर्व जिलासचिव आलोक कुमार सिंह,प्रदीप कुमार चिंटू, मधुसूदन, मुनील कुमार, राजा, बीरेंद्र, गुड्डू,रंजीत कुमार, सुनीति देवी व दर्जनों कई उपस्थित रहे।

## रेलवे ट्रैक पार करते समय हादसा : रिटायर्ड इंजीनियर की ट्रेन से कटकर मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेलखंड के मसौढ़ी कोर्ट हॉल्ट स्टेशन पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। मॉर्निंग वॉक के दौरान रेलवे ट्रैक पार कर रहे रिटायर्ड इंजीनियर की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जगदीश प्रसाद उम्र 78 वर्ष पे. स्व. महेश प्रसाद यादव सा. मसौढी कोर्ट के रूप मे हूई है। वे इंजीनियर के पद से रिटायर्ड हुए थे। रोज की तरह सोमवार सुबह भी वे प्लेटफॉर्म पर टहलने आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महेंद्र प्रसाद प्लेटफॉर्म-1 से प्लेटफॉर्म-2 की तरफ जाने के लिए ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान पटना की ओर से आ रही 63241 पैसेंजर ट्रेन आ गई। ट्रेन की रफ्तार तेज थी और हॉर्न की आवाज सुनने के बावजूद वे ट्रैक से नहीं हट सके। ट्रेन की चपेट में आने से उनका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। जीआरपी प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रथम दृष्टया लापरवाही से ट्रैक पार करना हादसे की वजह लग रही है। वहीं मृतक के बेटे राजीव कांत कुमार ने बताया कि रोजाना मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकलते थे उसी दौरान यह हादसा हुआ है।

### युवाओं के बीच जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के कॉन्फ्रेंस हॉल में एनएसएस यूनिट, ए.एन. कॉलेज पटना, यूनिसेफ एवं CIMP के संयुक्त तत्वावधान में 'बिहार में युवा सहभागिता, ज्ञान प्रबंधन और जलवायु-प्रतिरोधी WASH प्रणालियों पर सहयोगात्मक कार्रवाई' विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

### सड़क के किनारे बसों की होती है अवैध पार्किंग

**चैन की नींद सोए रहते हैं परिवहन विभाग के अधिकारी**

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** औरंगाबाद से हरिहरगंज जाने वाला मुख्य मार्ग बसों का पार्किंग स्थल बन गया है। रामाबांध बस स्टैंड के पास इसी सड़क पर बस संचालक अपनी बसों को खड़ी करते हैं। करोड़ों की लागत से बने स्टैंड में कोई बस खड़ी नहीं करना चाहता है। स्थिति यह है कि सड़क पर जाम लग रहा है। इससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। बस स्टैंड के बाहर रांची, हरीहरगंज, नवीनगर, हजारीबाग, वाराणसी, पटना, गया, जहानाबाद, पलामू समेत अन्य जगहों के लिए बसें खुलती हैं। अत्यधिक बसें सड़क के दोनों तरफ ही खड़ी रहती है। इसको न तो कोई रोकने वाला है और न कार्रवाई करने वाला। जब कभी अधिकारी एक्शन में आते हैं तो कार्रवाई करते हुए वाहनों से जुर्माना वसूलते हैं।

## अग्नि सुरक्षा जागरूकता को लेकर मसौढी एवं पुनपुन अस्पताल मे मॉक ड्रील कर फायर सेफ्टी के बतलाये गये गुर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ते आगजनी की घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग के द्वारा सोमवार को मसौढी अनुमंडल अस्पताल और पुनपुन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फायर सेफ्टी जागरूकता अभियान चलाया गया।जहाँ मॉक ड्रिल और आगलगी के द्वारा जख्मी व्यक्ति को प्राथमिक इलाज और अस्पताल पहुंचाने का ट्रिक के जरिए लोगों को आग से बचाव की जानकारियां दी गई,इसके अलावा अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीणों को आपदा से बचाव एवं सावधानी के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उढफ फायरमैन लिफ्ट तथा क्रॉलिंग जैसी



महत्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।इसके अतिरिक्त इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के दिशा-निर्देशों के आलोक में गैस एजेंसियों एवं भंडारण स्थलों पर गैस से लगने वाली आग की घटनाओं से बचाव हेतु ह्नक्या करें एवं क्या न करेंह्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम परी० जिला अग्निशमन



पदाधिकारी मंजीत सिंह एवं अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय के समस्त पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर आमजन से अपील की गई कि वे अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकेश बने कोटवा के नए थानाध्यक्ष



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मुकेश कुमार को कोटवा का नया थानाध्यक्ष पद पर तैनात किया है। बतादे कि श्री मुकेश 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर है। वे पहले बंजरिया थाना में दरोगा पद पर कार्यरत थे। अपने कार्यकाल में कई जटिल मामलो का निष्पादन और अपराधियों पर लगाम लगा। कोटवा में पद भार लेने के बाद मुकेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना और अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाना मेरा मुख उद्देश्य है । शराब बंदी कानून को सख्ती से लागू करना और लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। मालूम हो कि पूर्व थानाध्यक्ष करण सिंह को शनिवार को एसपी ने लाइन क्लोज कर दिया था।

### बंगाल, असम की जनता की जीत है : यमुना सिकरिया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा नेता उद्योगपति यमुना सीकरीया, बिहार किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता के साथ बंगाल, असम, पुडुचेरी में बहुमत का आंकड़ा पार करने पर मोदी मिमेंटो संग्रहालय परिषर में पटाखे फोड़े गए, मिठाइयां बांटी गई। इस अवसर पर यमुना सीकारीया ने कहा यह जीत बंगाल असम की जनता की जीत है। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के मेहनत की जीत है। प्रधानमंत्री मोदी जी के विकास की जीत है। आने वाले समय में बंगाल विकास की नई गाथा लिखेगा। अखिलेश सिंह ने कहा भाजपा का सपना था हमारे संस्थापक श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं स्वामी विवेकानंद जी के राज्य में भाजपा की सरकार बने गंगोत्री से गंगासागर तक विकास की रफ्तार होगी आज ऐतिहासिक दिन है हम सभी को हमारे मेहनत और ईमानदारी का परिणाम जनता ने बहुमत के आशीर्वाद के रूप में दिया है।



### विभिन्न औद्योगिक परिसर का लिया फीडबैक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल के द्वारा उद्योग विभाग के पदाधिकारी के साथ रक्सौल एवं रामगढ़वा स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण किया गया एवं वहां चल रहे कार्यों का विस्तृत रूप से जानकारी ली गई। इस अवसर पर औद्योगिक इकाई के संचालक से भी बात की गई एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचित करने की बात कही गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन उद्योगों के विस्तार एवं विकास के लिए हर संभव सहयोग करने के लिए कृत संकल्पित है। इस दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी जाए ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके ' निरीक्षण किए गए उद्यम स्थलों में रक्सौल अवस्थित नाजिर शॉ मिल, रंजन स्टील फर्नीचर एवं रामगढ़वा का आर एन आयरन इंडस्ट्री रघुनाथपुर शामिल है।



### सद्भाव यात्रा के दूसरे दिन वाल्मीकिनगर पहुंचे निशांत कुमार

**वाल्मिकीनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका की शुरूआत कर चुके निशांत कुमार की 'सद्भाव यात्रा' का दूसरा दिन भी उत्साह और जनसंपर्क से भरपूर रहा। यात्रा के क्रम में सोमवार को वे वाल्मीकिनगर पहुंचे, जहां उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर निशांत कुमार ने स्थानीय लोगों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और क्षेत्र की जनभावनाओं को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे पूरे इलाके में उत्साह और अपनापन का माहौल देखने को मिला। यात्रा के दौरान जगह-जगह कार्यकताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और संवाद का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया। निशांत कुमार की यह यात्रा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और आपसी विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है। स्थानीय स्तर पर भी इस यात्रा को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, जो आने वाले समय में राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है।



### बारिश से शहर हुआ पानी-पानी, आमजन परेशान

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की दोपहर हुई बारिश के बाद शहर के कई मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जलजमाव से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि बारिश होने से शहर के लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। शहर के कर्मा रोड में जलजमाव से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। सत्येंद्र नगर में जलजमाव से आवागमन प्रभावित हुआ है। घुटना भर पानी सड़क पर जमा हो गया है। जलजमाव के कारण लोग पानी से बचने का मार्ग ढूंढते नजर आए। शहर के क्लब रोड में भी बीच सड़क पर पानी जमा हो जाता है। जलजमाव होने से वाहन तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। मदरसा रोड में भी सड़कों पर कीचड़ जमा होने से पैदल चलना भी मुश्किल है। अब सोचा जा सकता है कि जब थोड़ी बारिश में ही शहर की यह हाल हो गई है तो बाकी बरसात में क्या होता होगा। बता दें कि नगर परिषद द्वारा समय समय पर नाली का निर्माण तो कराया जाता रहा हैं लेकिन बिना जल निकासी व बिना योजना के ये नालियां बनने के बाद भी सफे द हाथी सिद्ध हो रहीं हैं। जल निकासी नहीं होने के कारण सालों भर इन नालियों में गंदा पानी सड़ता रहता हैं। बारिश के दौरान तो गंदा पानी सड़क पर बहता ही हैं। हद तो यह की सूखे के मौसम में भी कहीं-कहीं नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता हैं।



# पश्चिम बंगाल, असम, पांडिचेरी के विस चुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी

## यह जीत केवल पार्टी की नहीं प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और समर्पण का परिणाम है : प्रमोद कुमार



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भाजपा गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने की खबर से शहर में उत्साह का माहौल देखा गया। इसी क्रम में सोमवार को मोतिहारी के गांधी कॉम्प्लेक्स में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और जय श्री राम के नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया।कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जीत की खुशी मनाई तथा पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक प्रमोद कुमार एवं सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह जीत केवल पार्टी की नहीं,बल्कि वहां के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी नेतृत्व के प्रभावी मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो पाई है। साथ ही राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इन राज्यों में भाजपा सरकार का गठन निश्चित है। वही भाजपा जिला अध्यक्ष पवन राज ने बताया कि गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भागवामय हो गया एवं उन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकताओं को बधाई और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत पूरे देश की जीत है और इससे पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा। वहीं नगर निगम के उपमेयर डॉ. लाल बाबू प्रसाद एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह ने विभिन्न राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी समर्थकों और कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जनसमर्थन पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के विश्वास का प्रतीक है तथा सभी का आभार जताया। मौके पर उपाध्यक्ष मीना मिश्रा,महिला मोर्चा अध्यक्ष नीता शर्मा,डॉ हेना चंद्रा,उषा गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा,आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा, सह मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता,वार्ड पार्षद पति रोचक झाँ,अति पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर,अनुसूचित मोर्चा प्रभारी विजय राम, कार्यालय प्रभारी सियावर सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री सन्नी सिंह सिंह,चंदन सिंह, उत्तरी मंडल महामंत्री उत्तम मिश्रा,दक्षिणी मंडल महामंत्री ओमप्रकाश ठाकुर, कला संस्कृति संयोजक सुदीप कुमार,महिला मंत्री गोपू सिंह, दिव्यांशु कुमार, संजय कुमार,सत्यम कुमार सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी सह मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने दी।

### पश्चिम बंगाल असम पुडुचेरी की विधान सभा चुनाव में जनता की जीत हुई हैः यमुना सिकरिया

**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष सह भाजपा नेता अखिलेश सिंह ने बंगाल,



असम, पुडुचेरी में बहुमत का आंकड़ा पार करने पर मोदी मिमेंटो संग्रहालय परिषर में पटाखे फोड़े एवम मिठाइयां बांटी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यमुना सीकारीया ने कहा कि यह जीत बंगाल असम की जनता की जीत है। सभी भाजपा कार्यकताओं के मेहनत की जीत है। प्रधानमंत्री मोदी जी के विकास की जीत है। आने वाले समय में बंगाल विकास की नई गाथा लिखेगा। अखिलेश सिंह ने कहा भाजपा का सपना था हमारे संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं स्वामी विवेकानंद जी के राज्य में भाजपा की सरकार बने गंगोत्री से गंगासागर तक विकास की रफ्तार होगी । आज ऐतिहासिक दिन है हम सभी को हमारे मेहनत और ईमानदारी का परिणाम जनता ने बहुमत के आशीर्वाद के रूप में दिया है। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जनविप्र की पारदर्शिता पर जोर, अनुश्रवण समिति की बैठक



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सोमवार को अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) मनीष कुमार ने की। बैठक में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जन वितरण प्रणाली (ढऊ्र) के संचालन को पूरी तरह पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। एसडीएम मनीष कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाभुकों तक राशन सामग्री समय पर और सही मात्रा में पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान आपूर्ति विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राशन उठाव, वितरण व्यवस्था, ई-केवाईसी (ीङउ), आधार सीडिंग तथा संदिग्ध राशन कार्डों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही इन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव और परामर्श भी लिए गए। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, ळढऊ्र गोदामों के सहायक गोदाम प्रबंधक तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

# गर्मी से आम लोगों को राहत के लिए नगर निगम के 13 प्रमुख स्थानों पर पेयजल स्टेशन किया गया स्थापित : गरिमा

## तेज गर्मी पड़ने और न्यूनतम तापमान में ज्यादा वृद्धि होने से राहगीरों और शहर वासियों को सुविधा के लिए नगर निगम प्रशासन ने की है पहल




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि न्यूनतम तापमान में असामान्य वृद्धि होने और तेज गर्मी पड़ने की मौसम विज्ञान विभाग की भविष्यवाणी के आधार राहगीरों और शहर की आम जनता को जगह जगह पेयजल मुहैया कराने की शुरूआत नगर निगम प्रशासन द्वारा कर दी गई है। नगर निगम क्षेत्र में गर्मी बढ़ने और संभावित लू के खतरे को लेकर लोगों को राहत देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना शुरू कर दी है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि उनके प्रस्ताव पर नगर निगम बोर्ड ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर प्याऊ/पेयजल स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया है। इसके आलोक में नगर आयुक्त द्वारा तत्काल प्रभाव से व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्रवाई की गई है। महापौर ने बताया कि पारित प्रस्ताव के आधार पर नगर निगम क्षेत्र के 13 प्रमुख स्थानों पर पेयजल स्टेशन की व्यवस्था कर दी गई है। अनेक स्थानों का निरीक्षण करने के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि समाहरणालय चौक, रजिस्ट्री ऑफिस, मुख्य सड़क (पथ निर्माण विभाग ऑफिस के पास), नगरबाग पार्क, स्टेशन चौक, बस स्टैंड, टांगा स्टैंड, छावनी चौक, इमली चौक, जीएमसीएच परिसर, रेड क्रॉस के सामने, रैन बसेरा (बस स्टैंड) तथा रैन बसेरा (स्टेशन चौक) पर आम जनता के लिए पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि निर्देश दिया गया है कि सभी स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की पूरे दिन उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नियमित आपूर्ति के लिए निगम कर्मियों दल गठित किया जाए। साथ ही गर्मी और बढ़ने पर जनता की मांग के आधार पर सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में जरूरत के अनुसार ऐसे प्याऊ/पेयजल स्टेशन और स्थापित किया जाए। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया इन पेयजल आपूर्ति केंद्रों को सक्रिय बनाए रखने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। महापौर ने बताया कि आगे के दिनों में भी भीषण गर्मी में आम लोगों, खासकर राहगीरों और मजदूर वर्ग को राहत पहुंचाना निगम प्रशासन की प्राथमिकता बनी रहेगी।

# लूट, डकैती की योजना बनाते चार अपराधकर्मी गिरफ्तार

## व्यवसायिक बिजय कुमार गुप्ता को पैर में मारी थी गोली, पिस्टल और गोली बरामद

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के श्याम पुर बाजार में व्यवसायियों से रंगदारी मांगने व लूट, डकैती की योजना बनाते अपराधियों पर पुलिस ने गुप्त सूचना पाकर चार अपराधियों को धरदबोचा,और अन्य आधे दर्जन अपराधी भागने में सफल रहे,विगत कई दिनों से मार्केट के व्यवसायिकों में बीस लाख रुपए रंगदारी मांगने को लेकर चर्चा चारों ओर थी,बार बार भोला किराना स्टोर से रंगदारी मांगना पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी, रविवार के दिन लूट की योजना बनाते अपराधियों को हथियार कारतूस सहित पकड़ा गया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद के नेतृत्व में एसटीएफ गठन कर हरपुर थाना और आदापुर थाना के संयुक्त कार्रवाई में अपराधी पकड़ा गया,इन लोगों ने श्याम पुर बाजार निवासी बिजय कुमार गुप्ता किराना व्यवसाई को पिछले सप्ताह पैर में गोली मारकर एक लाख पच्चीस हजार रुपए ले भागे थे,उसी दिन से आदापुर थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने चुप्पी साधे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी,की रविवार के दिन गुप्त सूचना मिली की अपराधी लूट की योजना बना रहे हैं इसी दौरान पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, आदापुर थाना प्रभारी, हरपुर थाना प्रभारी प्रियंका सिंह सहित दोनों थाना के जवान घेराबंदी की, चारों अपराधियों के पास से एक पिस्टल, जिन्दा कारतूस,दो मोबाइल बरामद किए गए,कौल डिटेल निकालने पर अनेकों व्यवसाई का नम्बर निकला जिनको रंगदारी के लिए कौल किया था,नूर आलम उर्फ सिबुल पिता कादिर मियां श्याम पुर बाजार,सहजाद अंसारी पिता समसुदिन अंसारी श्यामपुर समीर अंसारी पिता रहीमुद्दीन अंसारी श्यामपुर,अनवर आलम पिता तसलिम अंसारी कचुरवारी गांव का बताया गया है जो आदापुर थाना काण्ड संख्या 143/26 लूट आर्म्स एक्ट के आरोपी, काण्ड संख्या 145/26 रंगदारी मांगने के आरोपी हैं,एक तो नेपाल के बीरगंज में जेल काट चुका है।



### एस.यू. कॉलेज हिलसा के शिक्षकेतर कर्मचारी 6-7 मई को रहेंगे हड़ताल पर

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एस.यू. कॉलेज, हिलसा के शिक्षकेतर कर्मचारी संघ ने 6 मई एवं 7 मई 2026 को सामूहिक धरना व कलमबंद हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन एवं सचिव शैलेश कुमार ने सोमवार को प्रभारी प्राचार्य को इस संबंध में पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पत्रांक 338-637/26 दिनांक 30.03.2026 एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पत्रांक ढ-276, दिनांक 02.05.2026 के आलोक में यह हड़ताल राज्यव्यापी स्तर पर आयोजित की जा रही है। हालांकि पत्र में विस्तृत मांगों का उल्लेख नहीं है, पर महासंघ का यह आंदोलन मुख्यतः सातवें वेतनमान की विसंगतियों, प्रोन्नति, पेंशन योजना एवं संविदा कर्मियों के नियमितीकरण जैसे मुद्दों को लेकर है।

# पिपरा बगाही गांव में नल-जल योजना अधूरी, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता।



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पिपरा बगाही गांव में नल-जल योजना पांच महीने से अधूरी पड़ी है, जिससे भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द जलापूर्ति शुरू करने की मांग की है। सरकार भले ही हर घर तक नल का जल पहुंचाने का दावा कर रही हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कुटुंबा प्रखंड के ग्राम पंचायत पिपरा बगाही के वार्ड सं-10 में भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। यहां नल-जल योजना पिछले पांच महीनों से अधूरी पड़ी है, जिससे लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वार्ड में पुरानी नल-जल योजना लंबे समय से बंद पड़ी है। पेयजल समस्या के समाधान के लिए करीब पांच महीने पहले नए बोरिंग का कार्य कराया गया था लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य ठप हो गया। अब तक न तो पानी टंकी के लिए लोहे का स्ट्रक्चर बनाया गया है और न ही मोटर पंप लगाया गया है। परिणामस्वरूप योजना शुरू होने से पहले ही अधर में लटक गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कनीय अभियंता पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कनीय अभियंता स्कूल परिसर के पास बोरिंग कराकर पानी की टंकी को विद्यालय की छत पर स्थापित करना चाहते थे।

# भोला बिगहा जाने वाली सड़क जर्जर, ग्रामीण परेशान

## सड़क पर गिरकर चोटिल होते हैं राहगीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता।



**औरंगाबाद।** राज्य सराकार के द्वारा भले ही विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हो परंतु प्रशासनिक उपेक्षा एवं जनप्रतिनिधियों में विकास की इच्छाशक्ति नहीं होने के चलते देव मोड़ से भोला बिगहा जाने वाली करीब आठ किमी की सड़क अपनी बदहाली पर इन दिनों आसू बहा रहा है। सड़क का निर्माण दो वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत कराई गई थी परंतु सड़क पर दिन रात हाइवां व ट्रैक्टर चलने से सड़क बनने के साथ ही टूटकर बिखर गई। बता दें इस सड़क से होकर भोला बिगहा, बीबीपुर, एरकीकला, भदवां, आशा बिगहा सहित कई गांवों को जोड़ने वाली सैकड़ों लोग सफर करते हैं। दिन भर वाहनों का आवाजाही लगी रहती है। फिर भी किसी को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। सड़क में जगह-जगह बने गढ्डे व उबड़-खाबड़ सड़क इसकी जर्जरता को खुद बयां करती है। सड़क जर्जर होने के कारण दोपहिया व छोटे वाहन चालकों को तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते इस मार्ग में अक्सर दुर्घटना भी होता रहता हैं। अभी बारिश के दिनों में सड़क की हालत और भी नारकीय हो गई है। जगह-जगह टूटी सड़क कई जगह तो पूरी तरह कीचड़मय हो जाती है। जिससे होकर निकलना राहगीरों को मुश्किल हो जाता है। अब तो हालत यह है कि भाड़े के वाहन भी इस मार्ग से जाने को कतराते हैं। अभिभावक अपने बच्चे को इस सड़क से होकर विद्यालय भेजने में भी डरते हैं। पता नहीं कब हादसा हो जाए। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग जोर शोर से नहीं उठाया परंतु उनकी आवाज सुनने वाला शायद कोई नहीं है। तभी तो इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह सड़क कोढ़ में खाज बना हुआ है। शिवगंज निवासी अरविंद सिंह, विशाला सिंह बताते हैं कि सड़क की निर्माण कराने की कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मांग की गई परंतु सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। अभी लग॥ के दिनों में जो रिश्तेदार गांव आते हैं उन्हें काफी परेशानी होती है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिले के सभी बैंक प्रबंधकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई 2026 के सफल आयोजन के उद्देश्य से आज जिले के सभी बैंकों के प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता श्री नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी द्वारा की गई। बैठक में बैंकिंग से संबंधित लंबित वादों के त्वरित एवं अधिकतम निष्पादन हेतु विस्तृत चर्चा की गई। सचिव महोदय ने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक मामलों में नोटिस तामिला (नोटिस सर्विस ) सुनिश्चित करें, ताकि संबंधित पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके और अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन लोक अदालत के माध्यम से किया जा सके। उन्होंने यह भी जोर दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक सार्थक एवं यादगार आयोजन बनाने के लिए सभी बैंक सक्रिय भूमिका निभाएं तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैंकिंग विवादों के निपटारे से न केवल न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी, बल्कि आम जनता को भी शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त होगा। बैठक के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों का भी निष्पादन किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को लंबित चालानों की समस्या से राहत मिलेगी। इससे लोगों को अनावश्यक परेशानी से मुक्ति मिलेगी और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। अंत में सचिव महोदय ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रबंधकों से अपील की कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें, ताकि न्याय सुलभ, सरल एवं त्वरित रूप में आम जनता तक पहुंच सके।

# संतोषजनक व गुणवत्तापूर्ण हो सभी शिकायतों का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित जनता दरबार में परिवादियों द्वारा प्राप्त आवेदन एवं उनके निष्पादन की स्थिति की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। गौरतलब है कि बिहार सरकार का मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के निर्देशानुसार सात निश्चय-3 अंतर्गत 'सबका सम्मान – जीवन आसान' पहल के तहत राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करने एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस, सोमवार और शुक्रवार, को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर सभी सरकारी कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख आम लोगों की शिकायतों के निष्पादन हेतु अपने निर्धारित कार्यस्थल एवं कार्यालय कक्ष में उपस्थित होकर जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा परिवादियों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की अद्यतन स्थिति की बिंदुआर एवं गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मामलों, निष्पादित परिवादों की गुणवत्ता, समयबद्धता तथा निस्तारण की प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक स्तर पर प्राप्त परिवादों का विधिवत पंजीकरण तथा प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं नियमित समीक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का समाधान संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण हो। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खा, अपार समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बंगाल समेत अन्य राज्यों में जीत पर हसपुरा में भाजपा कार्यकर्ताओं का जश्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** पश्चिम बंगाल, पुदुचेरी और असम सहित अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) को मिले अपार बहुमत के बाद हसपुरा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विजयी जुलूस निकालकर अपनी खुशी का इजहार किया और जमकर आतिशबाजी की। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा उत्तरी मंडल सह 20 सूत्री अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे बुलंद करते हुए बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया।इस मौके पर अनिल आर्य, सुरेश आर्य, मिंटू शर्मा, नंदन यादव, सुभाष वर्मा, कृष्णा सोनी, गनौरी राम, मनोज शर्मा और संतोष शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिकअप से 354 लीटर शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** पचरुखिया रोड मे उचित बिगहा डिजिटल धर्मकांटा के समीप से हसपुरा पुलिस ने पिकअप पर लदा 40 कार्टून में रखा 354 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की हसपुरा के उचित बिगहा में अंग्रेजी शराब का बड़ा खेप आना वाला है। पुलिस ने जाल बिछाया और जब पुलिस पहुंची तो धंधेबाज पिकअप छोड़ भाग निकला। पुलिस ने पिकअप वाहन का तलाशी लिया तो कार्टून में रखा अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पिकअप रोहतास जिला के बिक्रमगंज वार्ड 23 निवासी सुलेमान चौधरी के पुत्र सुलतान अहमद का है। बताया जाता कि धंधेबाज उचित विगहा निवासी देवेन्द्र सिंह के पुत्र धर्मेंद्र कुमार हैं। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शराब पीना व बिक्री करना दंडनीय अपराध है। उन्होने बताय कि दोनों के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि पुलिस रविवार कि रात कारवाई की है।

## दो बाइकों की टक्कर में कई घायल

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एनएच 120 दाउदनगर-गोह-गया जी रोड पर बुधन बिगहा के समीप दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में कई लोग युवक घायल हो गए। घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में किया गया। दो युवकों का इलाज अरविंद अस्पताल में किया गया। अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में घायल तरार निवासी मिथिलेश कुमार और रफीगंज निवासी अशफाकउल्लाह का इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों बाइकों पर सवार कुछ अन्य युवक भी चोटिल हुए हैं, जिन्होंने अपना इलाज कहीं और कराया होगा। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों बाइकों को जब्त कर लिया है। संवाद भेजे जाने तक किसी पक्ष के द्वारा कोई लिखित शिकायत थाना में नहीं की गई है।

## एक नजर

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । पुलिस ने भखरुआं तिवारी मुहल्ला से तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है। भखरुआं तिवारी मुहल्ला निवासी संजय तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। तिवारी मुहल्ला निवासी सुजीत तिवारी और चंदन तिवारी को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजेता बना अंकुश



**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नबिटा सं।** अंछा पंचायत के ठाकुर बिगहा निवासी और किड्स एडू के पूर्व विद्यार्थी अंकुश यादव ने राजस्थान में आयोजित बालक वर्ग बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया। गांव, विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। अंकुश, अनिल यादव के पुत्र हैं, जो वर्तमान में राजस्थान के जोधपुर में कार्यरत हैं। पिता के स्थानांतरण के कारण अंकुश को भी उनके साथ जाना पड़ा, लेकिन नई जगह पर भी उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया। गौरतलब है कि अंकुश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा किड्स एडू में प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा एक तक प्राप्त की। विद्यालय के साथ उनका जुड़ाव आज भी बना हुआ है, जो उनकी जड़ों से जुड़े रहने की भावना को दर्शाता है। उसकी इस उपलब्धि पर संस्था के निदेशक शम्भू कुमार व अन्य ने शुभकामनाएं दी है।

### बाइक सवार तीन युवक जख्मी

**औरंगाबाद/नबिटा सं।** रिसियप थाना क्षेत्र के दुमोहान-घेउरा गांव के समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक में ठोकर मार दी जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कुटुंबा के पिपरा निवासी गोपाल कुमार, रणधीर कुमार एवं संडा के पप्पू राजवंशी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तीनों एक ही बाइक से तिलक समारोह से घर लौट रहे थे। रास्ते में ओवरटेक कर रही कार ने संतुलन खो दिया और सीधे उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही एसीओ कवि कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था करवाई, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

### सरस्वती विद्या मंदिर में पूर्व आचार्या को दी विदाई




**औरंगाबाद/नबिटा सं।** सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व हिंदी आचार्या अनुपम के सम्मान में अभिनंदन सह विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नीरज कुमार कौशिक, उप-प्राचार्य संजय कुमार सिंह, प्राथमिक खंड प्रभारी प्राचार्य सुमन कुमार सिंह सहित सभी आचार्य उपस्थित रहे। मौके पर लोगों ने पूर्व प्राचार्य के कार्यकाल को याद करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही उनके योगदान की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि अनुपम एक अच्छी कुशल व दक्ष प्राचार्य रही है।

### सर्पदंश से महिला जख्मी, इलाजरत

**अंबा (औरंगाबाद) /नबिटा सं।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के सिकरिया टोले में रविवार देर रात सर्पदंश से 75 वर्षीय बुधनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। वह घर में भोजन कर रही थीं, तभी विषधर सर्प ने उनके दाहिने हाथ में डंस लिया। साहस दिखाते हुए उन्होंने सर्प को मार डाला। परिजन उन्हें रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले गए, जहां से सदर अस्पताल और फिर अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। प्रारंभ में हालत नाजुक थी, लेकिन अब सुधार हो रहा है। परिजनों के अनुसार महिला को होश आ गया है और धीरे-धीरे स्वस्थ हो रही हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न, निकाला विजय जुलूस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली शानदार सफलता की गूंज अब बिहार के गांवों तक पहुंचने लगी है। इसी कड़ी में कुटुंबा पूर्वी मंडल भाजपा द्वारा सोमवार को अंबा चौक पर विजय जुलूस का आयोजन किया गया। शाम पांच बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी और स्थानीय लोगों के बीच मिठाई बांटकर अपनी खुशी साझा की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की जनहित नीतियों पर जनता की मुहर है। इस विजय उत्सव की खास बात यह रही कि इसमें एनडीए गठबंधन के अन्य दलों के नेता भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री अभय पासवान, उपाध्यक्ष अजित सिंह, पंकज सिंह, लोजपा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, प्रेम चंद्रवंशी, कंचन गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, अजित गुप्ता, दिनेश पांडेय और जेडीयू नेता रमाकांत सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक इस ऐतिहासिक जीत का हिस्सा बने।

# तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर देव में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर सोमवार को देव प्रखंड में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और पटाखे फोड़े।

कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, पूर्व जिला मंत्री, जिला प्रवक्ता एवं पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार शर्मा, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुभाष कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री धीरेन्द्र कुमार रंजन तथा मंडल अध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष पिटू साहिल ने किया। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की नीति को इस सफलता का आधार बताया।

नेताओं ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की जनता पूर्ववर्ती सरकार की तुष्टिकरण नीति एवं घुसपैठ की समस्या से परेशान थी। साथ ही उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को भी एक प्रमुख मुद्दा बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए बदलाव के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन राज्यों में अब विकास को नई गति मिलेगी और आम जनता को बेहतर शासन का लाभ मिलेगा। नेताओं ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम बताते हुए कहा कि पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में काम करती रही है, जिसका सकारात्मक असर अब देशभर में दिखाई दे रहा है।

# भारत के गोल्ड बाजार को नई दिशाः नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने लॉन्च किए इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**भोपाल।** भारत के पारंपरिक गोल्ड बाजार को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) को नए सेगमेंट के रूप में लॉन्च किया है। 4 मई 2026 से शुरू हुई यह पहल फिजिकल गोल्ड और फाइनेंशियल मार्केट के बीच लंबे समय से मौजूद अंतर को पाटने की दिशा में मील का पत्थर मानी जा रही है। ईजीआर एक डिजिटल सिक्योरिटी है, जो फिजिकल सोने के स्वामित्व का प्रतिनिधित्व करती है। इसके तहत सोना भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा मान्यता प्राप्त वॉल्ट्स में सुरक्षित रखा जाता है और डिपॉजिटरी के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप में निवेशकों के पास होता है। प्रत्येक ईजीआर वास्तविक सोने से जुड़ा होता है, जिसे एक्सचेंज प्लेटफॉर्म पर आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है। एनएसई का उद्देश्य इस पहल के जरिए गोल्ड ट्रेडिंग को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और संगठित बनाना है। इससे न केवल सही मूल्य निर्धारण में मदद मिलेगी, बल्कि ज्वेलर्स, रिफाइनर्स, ट्रेडर्स और संस्थागत निवेशकों के बीच विश्वास भी मजबूत होगा। लॉन्च के दौरान एनएसई ने 1000 ग्राम के एक गोल्ड बार को सफलतापूर्वक डीमैटेरियलाइज कर उसे ईजीआर में परिवर्तित किया। यह दर्शाता है कि फिजिकल गोल्ड को आसानी से एक सुरक्षित और ट्रेडेबल डिजिटल इंस्ट्रूमेंट में बदला जा सकता है। एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा कि यह पहल भारत में सोने में निवेश के तरीके को बदलने वाली साबित होगी। उन्होंने बताया कि मजबूत तकनीक और बेहतर लिक्विडिटी के जरिए निवेशकों को अब अधिक भरोसेमंद और सुलभ प्लेटफॉर्म मिलेगा। ईजीआर के माध्यम से निवेशक छोटे-छोटे हिस्सों में भी सोने में निवेश कर सकेंगे, जिससे बाजार में लिक्विडिटी और लचीलापन बढ़ेगा। यह प्रणाली गोल्ड को एक आधुनिक, डिजिटल और व्यापक वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।


**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Surya Kumar Sharma,** S/O Vishwanath Sharma, Near Tripolia, Pathri Ghat, Chai Tola, Patna City, Pin-800007

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Bye election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly, 2026

*Name of Constituency: Bye election to the Legislative council 2026

I **Surya Kumar Sharma** a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास | नगर थाना नवादा कांड सं0–606 / 2015 Pending | 188 आईपीसी एवं 127 (2) आरपीएक्ट) आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | श्री अश्विनी कुमार एसीजीएम–4 | रजौली थाना कांड सं.–239 / 15 Pending | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास | मुफस्सिल कांड सं. 211 / 15 Pending | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Bye election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly, 2026

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | Bye election to the Legislative council 2026 | Sri Surya Kumar Sharma | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास नगर थाना नवादा कांड सं0–606 / 2015 | 188 आईपीसी एवं 127 (2) आरपीएक्ट) आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | Do | Do | श्री अश्विनी कुमार एसीजीएम–4 रजौली थाना कांड सं.–239 / 15 | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | Do | Do | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास मुफस्सिल कांड सं. 211 / 15 | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

# सभी लाभार्थियों को समय पर उपलब्ध कराएं खाद्यान्न : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्न उठाव, वितरण, राशन कार्ड सुधार और द्व-खड्डए की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि मई के लिए भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से अब तक 66.99 प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव किया जा चुका है। वहीं डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से राज्य खाद्य निगम गोदाम से 76.86 प्रतिशत उठाव दर्ज किया गया है. वितरण की बात करें तो अप्रैल माह में जिले के 6,12,314 राशन कार्डधारकों में से 5,60,282 लाभार्थियों तक अनाज पहुंचा, जो कुल 91.50 प्रतिशत है। मई माह में अब तक 15.95 प्रतिशत वितरण हो चुका है। जिले में e-KYC का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब तक 83.62 प्रतिशत लाभार्थियों का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। वीरपुर प्रखंड 94.85 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। वहीं छौड़ाही और खोदाबंदपुर प्रखंडों को तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। आधार सीडिंग लगभग पूर्ण है और यह आंकड़ा 99.46 प्रतिशत तक पहुंच चुका है. आरटीपीएस के माध्यम से राशन कार्ड से जुड़े 4,54,282 आवेदनों में से 4,52,841 का निष्पादन कर लिया गया है। अप्रैल माह में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा 490 जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 30 दुकानों में गड़बड़ी पाई गई। जिनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। इसके अलावा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 43 व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। जिले में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की 169 रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया जारी है। लोक शिकायत निवारण के तहत प्राप्त सभी 1,395 मामलों का शत-प्रतिशत निष्पादन कर दिया गया है। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने लंबित कार्यों, खासकर ई केवाईसी और एसआईओ प्रेषण को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और समय पर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित ई केवाईसी और एसआईओ प्रेषण कार्यों को तय समय सीमा में हर हाल में पूरा करें। साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हेल्प डेस्क को सक्रिय एवं जनोपयोगी बनाए रखने का डीएम ने दिया निर्देश

### जिला परिवहन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा सोमवार को जिला परिवहन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यालय में संचालित विभिन्न सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन निबंधन, कर संग्रहण, परमिट निर्गमन सहित



अन्य परिवहन सेवाओं से संबंधित काउंटरों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय में आने वाले आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं अनुभवों की जानकारी ली तथा सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने का निर्देश दिया। लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्हें शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी परिस्थिति में आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा कार्यों के निष्पादन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने ऑनलाइन सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं हेल्प डेस्क को सक्रिय एवं जनोपयोगी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी सेवाएं सरल, सुलभ एवं भ्रष्टाचारमुक्त वातावरण में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मकान सूचीकरण कार्य युद्ध स्तर पर जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य नावकोठी प्रखंड में युद्ध स्तर पर चल रहा है । प्रखंड में 199 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं। जिसमें 191 चिरागी एवं 8 बेचिरागी गणना ब्लॉक हैं। जनगणना कार्य हेतु 191 प्रगणक एवं 31 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जनगणना के तीसरे दिन पर्यवेक्षक एवं प्रगणक फील्ड भ्रमण कर मकान की नंबरिंग एवं नजरी नक्शा तैयार कर कल से जनगणना से संबंधित सभी 34 प्रश्नों का बिंदुवार प्रत्येक घर-घर जाकर एचएलओ मोबाइल एप से डेटा संग्रह करेंगे जो पूर्णतः डिजिटल होगा और इसे गोपनीय रखा जाएगा। इस बार किसी भी प्रकार का कोई भी डोक्युमेंट प्रगणक को नहीं देना है। वैसे परिवार जो 17 अप्रैल से एक मई के अंदर स्वगणना कर चुके हैं, वैसे परिवार के सदस्यों के द्वारा स्वगणना आईडी जो बारह डिजिट का होगा, उसकी मांग प्रगणक द्वारा की जायेगी। तभी स्वगणना का सत्यापन प्रगणक कर सकेंगे। यह जानकारी चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल रंजन ने दी। साथ ही श्री रंजन ने प्रखंड के सभी पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों से जनगणना कार्य में लगे प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को सहयोग करने की भी अपील की। मौके पर जनगणना कोषांग प्रभारी विभाकर कुमार, रवींद्र कुमार, धर्मशील कुमार, ऐहतेशामुल हक, डाटा आपरेटर सोनू कुमार, फील्ड ट्रेंनर कुमुद रंजन, गणेश झा, अरुण कुमार, अभय कुमार, विकास कुमार, संदीप कुमार उपस्थित थे।

## गृहरक्षक भर्ती की शारीरिक परीक्षा 6 को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले में गृहरक्षक भर्ती की शारीरिक परीक्षा में वंचित रहे वाले अभ्यर्थियों को 6 मई को आखिरी मौका दिया गया है। सुबह 7 बजे बीएसएपी-19 मैदान में परीक्षा होगी। जिसमे प्रवेश पत्र और पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। सरकार के द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत चल रही नामांकन प्रक्रिया के बीच अब उन अभ्यर्थियों को राहत दी गई है। जो तकनीकी कारणों से अपनी निर्धारित तिथि पर शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को एक अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया है। खासकर वे उम्मीदवार, जिनके प्रवेश पत्र में किसी तरह की त्रुटि या भिन्नता के कारण वे परीक्षा से वंचित रह गए थे। अब शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इस फैसले से कई अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। वरीय जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी ने बताया कि यह मौका जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, गृहरक्षक चयन समिति के निर्देश पर दिया गया है. हालांकि यह स्पष्ट कर दिया गया है कि दस्तावेज सत्यापन के दौरान यदि किसी अभ्यर्थी की जानकारी गलत पाई जाती है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी संबंधित अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे 6 मई को पूर्वाह्न 7 बजे बीएसएपी-19 मैदान, बेगूसराय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों. परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना पूर्व में जारी प्रवेश पत्र और एक वैध फोटो युक्त पहचान पत्र साथ लाना होगा। अब इस निर्णय के बाद अब उन अभ्यर्थियों के सपने पूरे हो सकते हैं जो पहले तकनीकी वजहों से परीक्षा से वंचित रह गए थे। प्रशासन ने साफ किया है कि यह अंतिम अवसर है। इसलिए सभी उम्मीदवार निर्धारित तिथि और समय पर पहुंचकर परीक्षा में भाग लेना सुनिश्चित करें।

### मारपीट में चार घायल

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के अब्बूपुर छतौना के वार्ड संख्या 12 में हुई मारपीट में चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में बुलबुल कुमार, राहुल कुमार, अरूण महतो तथा पप्पू महतो हैं। घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नावकोठी में किया गया। अयोध्या महतो के पुत्र आनंद कुमार ने थाने में लिखित एफआईआर दर्ज कराकर मारपीट करने का आरोप लगाकर पप्पू कुमार, बुलबुल, दामोदर महतो सहित 12 व्यक्तियों को नामजद किया है। उसने लिखित आवेदन में बताया है कि उसके पुत्र का पड़ोसी के पुत्री के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी को लेकर ग्रामीणों के द्वारा पंचायत हो रहा था।

## बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं में जश्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत की खबर मिलते ही नावकोठी प्रखंड क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर मिठाइयां बांटी, एक-दूसरे को गुलाल लगा कर बधाई दी और जीत की खुशी में जश्न मनाया। इस दौरान क्षेत्र में उत्सवी माहौल देखने को मिला। जश्न में शामिल कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी की नीतियों, संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास की जीत बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह परिणाम देशभर में भाजपा के बढ़ते जनाधार का प्रमाण है और आने वाले समय में पार्टी और भी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। इस मौके पर नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार, वरिष्ठ नेता विश्वनाथ दास, हरे राम सिंह, कपिल देव पोद्दार, मुकेश महतो, अजीत कुमार, मनोज पाठक, देवेंद्र दास, तरुण कुमार, नीतीश कुमार, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, बाबू साहेब कुंवर, मनीष पाठक, दीपक कानू, रानी गोस्वामी, अमरजीत गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। नेताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह जीत उसी का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी भाजपा जनहित के मुद्दों पर कार्य करते हुए देश और समाज के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाती रहेगी।

## सीएम के आगमन को लेकर चला सर्च अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** जिले में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जमालपुर स्टेशन पर आरपीएफ पूरी तरह अलर्ट मूड में दिखी। इंस्पेक्टर राजीव नयन मुख्यमंत्री के सुरक्षा को लेकर स्टेशन पर मुख्य टिकट निरीक्षक जावेद के साथ प्लेटफार्म नंबर 1, 2, 3, 4 के अलावा वेटिंग रूम, महिला पुरुष प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर में चेकिंग अभियान चलाकर यात्रियों के सामानों की जांच करते हुए पूछताछ किया। सर्च अभियान के दौरान प्लेटफार्म पर आने वाले कई ट्रेनों में भी चेकिंग करते हुए वे टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों का चलन भी किया। इंस्पेक्टर ने यह भी बताया कि जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्टेशन परिसर में सुरक्षा जांच करने के लिए विशेष चेकिंग अभियान



चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान आरपीएफ ने सरकुलेटिंग एरिया, पार्सल घर, आरएमएस कार्यालय, प्लेटफार्म, खानपान स्टाल एवं वाहन स्टैंडों की सघन जांच की। सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में अतिरिक्त जवानों की भी तैनाती की है। इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला कोचों एवं महिला यात्रियों के सामानों की जांच के लिए महिला पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। सघन चेकिंग अभियान के दौरान कई ट्रेनों को भी चेक किया गया।

### डीएम ने की सुनवाई

**मुंगेर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील समाधान के उद्देश्य से संचालित जन समाधान सह जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत आज जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने समाहरणालय में आयोजित जन संवाद में नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले में तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जन सुनवाई में कुल 18 फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। प्राप्त आवेदनों में अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित थे, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल एवं राजस्व पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान कई मानवीय संवेदनाओं से जुड़े मामले भी सामने आए।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** सोमवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बन्दवार ढाला के समीप हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगो की मौत एवम एक घायल हो गया।सोमवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एसएच-55 पर बंद्वार ढ़ाला के पास एक बाइक पर तीन युवक सवार थे। वह टाउनशिप से किसी शादी समारोह से मंझौल अपने घर लौट रहे थे। इस बीच किसी अज्ञात वाहन की वो चपेट में आ गए और उनके बाइक में ठोकर मार दिया। जिसके कारण इस दुर्घटना में जहां दो युवक की मौत हो गई। वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसका ईलाज अभी चल रहा है। दोनों मृतकों की पहचान मंझौल पंचायत-3 गांव निवासी पूर्व मुखिया नीलम देवी एवं सुबोध चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र अमन कुमार उर्फ करुआ के रूप में हुई है। वही दूसरे युवक की पहचान मंझौल 3 पंचायत के 11 वार्ड गांव निवासी धर्मेंद्र सहनी के 18 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार उर्फ सन्नी कुमार के रूप में हुई है, तीसरा लड़का जो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उसकी पहचान मंझौल पंचायत -3 के वार्ड 14 निवासी मुकेश सहनी के 18 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार के रुप में हुई है।जिसका ईलाज अभी मंझौल के अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। जहां उसकी भी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## एचपीवी वैक्सीन की सफलता को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

### 12 बीमारियों से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन लेना जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** एचपीवी वैक्सीन के प्रति जनता जनप्रतिनिधि को जागरूक करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम बाक पंचायत के जनता जनप्रतिनिधि के साथ बैठक कर जागरूक करने का काम किया। प्रखंड प्रमुख मंजू देवी एवं मुखिया डेज़ी कुमारी के उपस्थिति में पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं जनता को एचपीवी वैक्सीन के बारे में विस्तार से ब्लॉक कोर्डिनेटर मोहम्मद रज़ा बताते हुए जागरूक भी किय। वैक्सीन 11 टीका के बारे में बताते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण टिका 12 बीमारियों से बचाता है। कौन सा टीका कौन सी बीमारी से बचाव करता है इसके बारे में कोर्डिनेटर ने विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने जनता व जनप्रतिनिधि को विशेष रूप से इस महत्वपूर्ण वैक्सीन के बारे में घर समाज के लोगों को जागरूक करने की अपील भी किया। इधर प्रमुख एवं मुखिया ने पंचायत के प्रबुद्धजनों से इस वैक्सीन को अनिवार्य रूप से लेने के लिए सभी को प्रेरित करने की बात कही।मौके पर एएनएम शैलेंदरी कुमारी, पुष्पा कुमारी, विनीता कुमारी, आशा फसिलेटर डोली कुमारी रानी कुमारी संगीता कुमारी सहित स्कूली शिक्षक मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के रजाकपुर पंचायत अंतर्गत बेगमपुर गांव के निवासी एवं क्षेत्र के लोकप्रिय सेवानिवृत्त शिक्षक विन्देश्वरी ठाकुर (87) का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर पूर्व विधायक सह लोजपा नेता राम विनोद पासवान, साकेत ठाकुर, नावकोठी मुखिया राष्ट्रपति कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय, युवा लोजपा नेता दिवाकर पासवान, रजाकपुर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश पासवान, सरपंच प्रतिनिधि शिव नन्दन पासवान, राम कुमार सिंह, धूपेश्वर सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक महेश पासवान, भाजपा नेता त्रिभुवन पासवान सहित सैकड़ों लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि विन्देश्वरी ठाकुर का निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक था।

## काली पहाड़ी के सौंदर्य एवं स्वच्छता को ठेस पहुंचा रहे असामाजिक तत्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** पूर्व रेलवे जमालपुर रिटायर कर्मचारीगण एवं सामाजिक वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा लगातार काली पहाड़ी क्षेत्र को सौंदर्य एवं स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम लगातार चलाए जाते हैं। रिटायर कर्मचारी संघ के लगातार प्रयासों के द्वारा कारखाना के सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल के द्वारा पियाऊ जल की व्यवस्था की गई लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा बार-बार वहां नल को तोड़ तोड़कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। इसी शिकायत को



लेकर ईस्ट कॉलोनी थाना में दर्जनों की संख्या में रिटायरकर्मी एवं सामाजिकर्मी ने थाना परिसर में उपस्थित अधिकारी को आवेदन देकर इस दिशा में कार्रवाई करने की बात कही है। इधर दिए गए आवेदन पर पुलिस ने रिटायर कर्मचारी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया है कि काली पहाड़ी क्षेत्र में लगने वाले और असामाजिक तत्वों के जमावड़ा कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विष्णदेव प्रसाद यादव, सुबोध चौरसिया , राजेश यादव, विजय यादव, राजेंद्र विश्वकर्मा, नवल साह, आर एन सिंह, डॉ रविंद्र शर्मा कृष्ण कुमार उर्फ मामू, मोहित कुमार, गौतम सिंह, अंजनी चौरसिया, विनय दास, मोदी जी, अशोक मंडल, मेहता सहित का मौजूद थे।

## 7 मई तक वर्षा और आंधी-तूफान की संभावना

### किसानों के लिए लाभप्रद होगी बारिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खोदावन्दपुर।** मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आगामी सात मई 2026 तक वर्षा और आंधी-तूफान की स्थिति बनी रहने की संभावना है। यह जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र खोदावंदपुर के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. राम पाल ने दी। उन्होंने बताया कि सप्ताह के शुरुआती दिनों तीन से चार मई के बीच में हल्की से मध्यम वर्षा होगी, जो किसानों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस वर्षा से फलदार फसलें जैसे आम और लीची को फायदा होने की उम्मीद है, बशर्ते तेज तूफान न चले। मौसम विभाग के अनुसार



तीन और चार मई को गरज-चमक के साथ तेज हवा (25-40 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है, जिससे फलदार फसलों को नुकसान हो सकता है। इसलिए किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पांच मई को मौसम अपेक्षाकृत शांत रहेगा। हल्के बादल और कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। जबकि 6 और 7 मई को मौसम आंशिक रूप से साफ रहने तथा तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। गर्मी की सब्जियों तथा मूंग की फसल के लिए यह वर्षा लाभदायक होगी। वर्षा के बाद किसान खरीफ फसलों की तैयारी शुरू कर सकते हैं। जिसके तहत गर्मी की जुताई, ढैंचा की बुआई तथा बिचड़ा के लिए खेत की तैयारी की जा सकती है। यह वर्षा गन्ने की फसल के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगी। हालांकि तेज हवा और आंधी की संभावना को देखते हुए फलदार पौधों की सुरक्षा जरूरी है। किसानों को सलाह दी जाती है कि तैयार मक्का की फसल की तुड़ाई कर उसे सुरक्षित स्थान पर भंडारित कर लें।

## नशा के खिलाफ समन्वित कार्रवाई जारी रखने का दोहराया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के निर्देश के आलोक में आज दिनांक 04.05.2026 को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र बेगूसराय द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एक जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम की जानकारी विद्यार्थियों एवं आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जे0एल0ओ0 हाई स्कूल, नया गाँव, बलाहपुर, मटिहानी, बेगूसराय में कैंप लगाकर काउंसलिंग कार्य संपादित किया गया।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

कार्यक्रम में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, बेगूसराय के सहायक प्रबंधक (परियोजना एवं लेखा) ऋतुराज गुप्ता की देखरेख में यह गतिविधि सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

साथ ही छात्रों को योजनाओं के लाभ, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए इन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।

इस जागरूकता कार्यक्रम में कुल 39 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतिभागियों ने योजनाओं के प्रति गहरी रुचि दिखाई तथा कई छात्रों ने मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला प्रशासन, बेगूसराय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं उनके भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**नावकोठी।** नवसृजित स्वास्थ्य उपकेन्द्र नाथबागर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन सोमवार को किया गया। इसका उद्घाटन मुखिया विजय पासवान, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, सी एच ओ भारती कुमारी, राजा कुमार, शिव राज रजक, सुजीत कुमार आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मेले में कुल 66 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। श्री ईश्वर ने बताया कि अगस्त 2026 तक टीबी मुक्त हसनपुर बागर पंचायत को बनाने का लक्ष्य है। इस कड़ी में चिह्नित स्थानों पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर अधिकाधिक लोगों का स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त बदलते मौसम के प्रभाव में आने से सामान्य व्यक्ति भी बीमारी से ग्रसित हो रहें हैं। इनके स्वास्थ्य की भी जांच कर आवश्यक दवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

इसमें कुल 66 व्यक्तियों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया। साथ ही 7 गर्भवतियों का प्रसवपूर्व जांच कर आवश्यक दवा तथा परामर्श दिया गया। 45 व्यक्तियों का डायबिटीज जांच, 40 व्यक्तियों का हिमोग्लोबीन जांच, 32 व्यक्तियों का स्पुटम जाच संग्रह किया गया। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, एसटीएस सुजीत कुमार, एएनएम रूपम कुमारी, आशा करूणा, गीता, कपूर चंद, रामबली, प्रदीप, रामनाथ, मन्नू मियां, पंकज रजक सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया भागलपुर जिला का स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** कला एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय भागलपुर जिला स्थापना दिवस का भव्य आयोजन अंग संस्कृति भवन, भागलपुर संग्रहालय में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय आयोजन में दृश्य एवं प्रदर्श कला प्रतियोगिता, विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। 4 मई 1773 को एक जिला के रूप में प्रकाश में आया भागलपुर जिला का 253 वें स्थापना दिवस के प्रथम दिन प्रभात फ़ेरी का आयोजन किया गया, जिसमें कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ साथ स्काउट गाइड एवं कलाकारों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रभात फ़ेरी को हरी झंडी दिखाकर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने रवाना किया। प्रभात फ़ेरी का समापन भागलपुर संग्रहालय में किया गया जहां बच्चों के साथ जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने कला-संस्कृति एवं इतिहास पर विस्तार से चर्चा की। जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी डॉ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भागलपुर जिला अंग संस्कृति का केंद्र है, यहां की हवा, और पानी सदा स्वच्छ होती है, जिले में कई प्रकार की संस्कृति एक साथ पलती और बढ़ती है, इस उत्सव को हम सभी को सेलेब्रेट करना चाहिए। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि भागलपुर का विक्रमशिला, जर्दालू आम, यहां की कला यहां की रेशम व कई वस्तुएं आकर्षण का केंद्र है। यह कला संस्कृति की धरती रही है। स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा के लिए आज भी लोग दूर-दूर से भागलपुर आते हैं। भागलपुर के लोगों को उन्होंने इस अवसर पर शुभकामनाएं दी। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में सभी को बताया कि तीन दिवसीय जिला स्थापना दिवस में प्रभात फ़ेरी, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, मंजूषा प्रदर्शनी, महात्मा गांधी पर आधारित आर्टिस्ट कैंप, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक परस्तुति, अंग वंदन आदि कई प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है प्रदर्शन कला प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों ने पहले ऑडिशन दिया तदुपरांत चयनित प्रतिभागियों की प्रस्तुति मुख्य कार्यक्रम में की जा रही है। आज के प्रदर्श कला प्रतियोगिता में समूह लोक नृत्य की प्रस्तुति हुई, 5 मई को समूह लोक गायन की प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वाहन 11 बजे से अंग संस्कृति भवन में किया जाएगा। कलाकार कैंप और कला प्रदर्शनी दूसरे एवं तीसरे दिन भी दर्शकों के अवलोकन के लिए लगी रहेगी। सभी प्रतियोगिताओं के चयनी प्रतिभागियों को आयोजन के तीसरे दिन भागलपुर के प्रमुख एतिहासिक स्थल बटेश्वर स्थान एवं विक्रमशीला महाविहार के भ्रमण के लिए ले जाया जाएगा। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, जिला परिषद के उपाध्यक्ष प्रणव कुमार उर्फ पप्पू यादव, जिला पार्षद नंदिनी सरकार, वरीय उप समाहर्ता सुभाषिनी प्रसाद, सहायक निदेशक (जनसंपर्क) नागेन्द्र गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी राम जीवन शर्मा सहित कई जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## फौजी का शव पहुंचते ही गमगीन हुआ माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पीरो।** तिरंगे में लिपटा फौजी मंगल कुमार सिंह का पार्थिव शरीर सोमवार को उनके पैतृक गांव अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के कोथुआ लाया गया। शव के यहां पहुंचते ही पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। गांव की महिलाओं से लेकर बच्चे, बूढ़े, जवान सभी अपने लाडले सपूत की एक झलक पाने को बेताब थे। उमड़ी भीड़ में हर किसी की आंखें नम थी। लोगों ने गमगीन माहौल में मंगल कुमार सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ अंतिम विदाई दी। मौके पर सेना के अधिकारियों के अलावे स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार मौजूद थे। मंगल कुमार सिंह सेना के 222 आर्टिलरी में नायब सूबेदार के पद पर थे जो फिलवक्त पंजाब के भटिंडा में कार्यरत थे। परेड में भाग लेने जाते समय गिरने से उन्हें गहरी चोट आई थी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान 2 मई को उनकी मौत हो गई थी। दिवंगत फौजी के परिवार में पिता योगेंद्र सिंह, मां सीता देवी, पत्नी रानी देवी, पुत्र शिवम कुमार व पुत्री स्नेहा कुमारी के अलावे दो भाई लल्लू प्रसाद सिंह व भानू प्रताप सिंह हैं। मंगल कुमार सिंह के निधन के बाद से पूरा परिवार शोक मग्न है।

## गड़हनी स्टेडियम में असामाजिक तत्वों का उत्पात, बेंच व चापाकल तोड़े

**गड़हनी (भोजपुर)।** स्थानीय स्टेडियम परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ की घटना सामने आई हैं। रविवार की देर शाम या रात में अज्ञात मनचलों ने स्टेडियम में लगी कंक्रीट की बेंचों को तोड़ दिया। वहीं परिसर में लगा चापाकल भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे खिलाड़ियों और आम लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार की सुबह जब लोग स्टेडियम पहुंचे तो टूटे हुए बेंच और बिखरे मलबे को देखकर हैरान रह गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह स्थान सुबह-शाम टहलने और व्यायाम करने वालों के साथ-साथ युवाओं के खेलकूद का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में इस तरह की घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगो ने बताया कि स्टेडियम में हिरोइनचियों व असामाजिक तत्वो द्वारा पहले भी छोटी-मोटी शरारतें होती रही हैं, लेकिन इस तरह की बड़ी तोड़फोड़ पहली बार देखने को मिली है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए और स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## मौसम का बदला मिजाज : वैशाख में सावन जैसे बरसे मेघ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### गर्मी से राहत

**कोइलवर।** भोजपुर जिले के आरा शहर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार की शाम करीब 4 बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश ने कुछ ही देर में पूरे इलाके का तापमान गिरा दिया, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। दिनभर की तपती धूप और उमस के बाद हुई इस बारिश से मौसम सुहावना हो गया और लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं का आनंद लेते नजर आए। हालांकि, जहां एक ओर आम लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर इस अचानक मौसम परिवर्तन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय किसान संतोष कुमार ने बताया कि इस समय कई किसानों की सब्जी की फसल खेतों में लगी हुई है, जिस पर तेज हवा और बारिश का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। खासकर लौकी, परवल, टमाटर और अन्य नाजुक सब्जियों को नुकसान होने की आशंका है। इसके अलावा कई किसानों का गेहूं का थ्रेसिंग (मड़ाई) कार्य अभी भी पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में बारिश होने से फसल भीगने का खतरा बढ़ गया है, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम इसी तरह अनिश्चित बना रहा, तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मौसम के इस अचानक बदलाव ने जहां आम जनजीवन को राहत दी है, वहीं किसानों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय बन गई है। फिलहाल सभी की नजरें आने वाले दिनों के मौसम पर टिकी हुई हैं, ताकि आगे की स्थिति का आकलन किया जा सके।

## प्रशासन ने अतिक्रमण पर सख्ती और स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की बनाई कार्ययोजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमुई।** जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने सोमवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के दौरान जिले के समग्र विकास, जन-समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक सुधारों को लेकर विस्तृत कार्ययोजना साझा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय-3 के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान के लक्ष्य को जमीनी स्तर पर लागू करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अब पारंपरिक दफ्तरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकार आपके द्वार की अवधारणा को साकार करते हुए सीधे ग्रामीणों तक पहुंचेगा और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करेगा। उन्होंने मीडिया के माध्यम से आम जनता को आश्वस्त किया कि प्रशासनिक तंत्र पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। जिला पदाधिकारी ने 19 मई से प्रारंभ होने वाले सहयोग शिविर की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह पहल केवल शिकायत निवारण तक सीमित नहीं होगी, बल्कि इसे त्वरित न्याय के प्रभावी मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। शिविरों के आयोजन से 30 दिन पूर्व संबंधित पंचायतों में आवेदन आमंत्रित करने की व्यवस्था की गई है, हालांकि आगामी शिविर के लिए आवेदन प्रक्रिया पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का गहन परीक्षण कर अधिकतर मामलों का समाधान शिविर से पहले ही सुनिश्चित कर लिया जाएगा, ताकि शिविर के दिन लाभार्थियों को केवल समाधान की लिखित सूचना और कार्रवाई का विवरण प्रदान किया जा सके। राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों पर बोलते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिविर में अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता तथा अंचल अधिकारियों के न्यायालयों में लंबित और निष्पादित मामलों की अद्यतन सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। इससे ग्रामीणों को अपने ही क्षेत्र में भूमि विवादों की वास्तविक स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी और अनावश्यक भ्रम की स्थिति समाप्त होगी। प्रेस वार्ता में अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने साप्ताहिक कैलेंडर की घोषणा की। इसके तहत प्रत्येक बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को जिले के विभिन्न हिस्सों में सघन अभियान चलाया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अब ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी, अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ दोषियों पर सामान जब्ती और भारी आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उन्होंने एक महत्वाकांक्षी खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 1 जुलाई तक सभी जिला अस्पतालों को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे जमुई प्रशासन गंभीरता से लागू कर रहा है।

## बंगाल में भाजपा की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चांदन (बांका)।** पश्चिम बंगाल, आसाम व पांडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद चांदन बस स्टैंड में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। चांदन बस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान पूरे इलाके में जश्न का माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं ने जीत को ऐतिहासिक बताया। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह व जिला उपाध्यक्ष सह कटोरिया विधानसभा प्रभारी चंदन सिन्हा ने कहा कि यह जीत किसी एक नेता की नहीं बल्कि हर एक कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं ने लगातार मेहनत की, जिसका नतीजा आज इस बड़ी जीत के रूप में सामने आया है।
राजाराम टुडू व सुबोध यादव ने आगे कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के दौरान कुशासन और गुंडाराज काफी बढ़ गया था जिससे जनता परेशान हो चुकी थी। उन्होंने दावा किया कि अब जनता बदलाव चाहती थी और उसी का परिणाम भाजपा की इस जीत के रूप में सामने आया है।फिलहाल इस जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह चरम पर है। मौके पर तरूण कुमार दुबे, कपिल सिन्हा, जयराम सिंह, सुमन पोद्दार, रिंकू पोद्दार, विनय वर्णवाल, विवेक वर्णवाल, मनोज केशरी, राजू दूबे, मनोज केशरी, बमबम वर्णवाल, निरंजन वर्णवाल, रामानंद पोद्दार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीएचसी में दो सप्ताह से बंद पड़ी एक्स-रे मशीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी (भोजपुर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में विगत दो सप्ताह से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी है, जिससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर हड्डी एवं चोट से जुड़े मामलों में मरीजों को निजी क्लीनिक या दूसरे अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार की लापरवाही और मनमानी के कारण अब तक मशीन को ठीक नहीं कराया जा सका है। जबकि अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज जांच के लिए पहुंचते हैं। एक्स-रे सुविधा बंद रहने से इलाज की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। वहीं एक्स-रे संचालिका ने बताया कि स्वास्थ्य प्रबंधक द्वारा मशीन को ठीक कराने का आश्वासन दिया गया है और उम्मीद है कि आज शाम तक इसे दुरुस्त कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले सोमवार को किसी तरह चार-पांच एक्स-रे किए गए थे, लेकिन उसके बाद मशीन पूरी तरह से बंद हो गई। मरीजों और उनके परिजनों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मशीन को ठीक कराने की मांग की है, ताकि सरकारी अस्पताल में ही सस्ती और सुलभ जांच सुविधा मिल सके।

## विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिरनियां पंचायत के बिरनियां गांव स्थित प्रो०म०वि०बिरनियां में रविवार रात्रि अज्ञात चोरों ने विद्यालय की दरवाजा में लगे ताला तोड़कर हजारों रूपए की संपत्ति चोरी कर लेने की मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार चोरों ने विद्यालय में लगे 3 इलेक्ट्रिक पंखा, व 5 छाली चोरी कर लिया। घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नारेंद्र कुमार सिंह ने चांदन थाना में आवेदन देकर चोरी की समान को खोजबीन करने की मांग किया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

## बेमौसम आंधी व बारिश से आम व लीची को नुकसान

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आंधी, तूफान एवं भारी बरसात के कारण खेतों में लगी मक्का बगीचे में लगी आम, लीची झरने से हुई बर्बाद हो रहे हैं। जिससे किसानो को हो रही है काफी नुकसान। रुक रुक कर एक सप्ताह से हो रही आंधी तूफान के साथ भारी वर्षा के कारण किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इससे कुछ दिनों पूर्व गेहूं फसल की कटनी की समय आई तो उस समय आंधी तूफान एवं भारी वर्षा के कारण गेहूं की फसल खेतों में गिरने से बर्बाद हो गया था। बे मौसम प्राकृतिक की बेरुखी के कारण किसानों के खेतों में लगी फसल एवं खलिहान में रखी गई भूसा एवं मवेशी चरा बर्बाद हो रहे हैं।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएनजीजी-02/26-27 (खुली), दिनांक: 30.04.2026।** मुख्य कार्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24-परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए विगत दिनों में खास तौर पर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई या किसी भी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में समरूप प्रकृति के कार्य को सम्पादित करने का पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-04-26-27। कार्यों का विवरण:** कांचरापाड़ा वर्कशॉप में: लोको कॉम्प्लेक्स में बोगी ब्लास्टिंग प्लांट के लिए शॉप 6 के बगल में शेड के निर्माण का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,73,97,476.69। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति***: रु. 3,48,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय):** शून्य। **पीओ जारी किये जाने की तारीख से पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 22.05.2026। **रेलवे बोर्ड ने पत्र संख्या: 2020/सीई-1/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी, दिनांक 30.12.2020 के मार्फ़त 31.12.2021 तक किसी भी कार्य निविदा के लिए जमा बयाना राशि नहीं लेने का निर्देश दिया था। लेकिन, जैसा कि आज तक ऐसा कोई और निर्देश नहीं है, इसलिए जमा बयाना राशि प्रणाली को वापस ले लिया गया है।* कार्य का दायरा सांकेतिक मात्र है। तथापि, विवरण भारतीय रेल ई-निविदा साइट अर्थात **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **विज्ञापन की अवधि:** समय जिसके दौरान निविदा से सम्बंधित सभी जानकारियाँ उपलब्ध होंगी लेकिन प्रस्ताव जमा नहीं किये जा सकेंगे। निविदा **22.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे** बंद की जाएगी तथा खोलने वाले कार्मिक की उपलब्धता तथा नेट के एक्सेस होने के अनुसार निविदा **उसी दिन दोपहर 2.30 बजे** के बाद किसी भी समय खोली जाएगी।

(MISC-28/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


## कटाव पीड़ितों के पुनर्वास स्थल का डीडीसी ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** जवइनिया गांव के गंगा कटाव प्रभावित परिवारों के पुनर्वास कार्य को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। डीएम के निर्देश पर उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह ने बिलौटी गांव स्थित आवंटित पुनर्वास स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, जरूरतों और चिंताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी शत्रुंजय कुमार सिंह को निर्देश दिया कि सभी कटाव प्रभावित परिवारों को विशेष परिस्थिति में मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाए। साथ ही तत्काल चापाकल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पुनर्वास स्थल तक पहुंचने के लिए पीसीसी सड़क निर्माण कराने का भी निर्देश दिया ताकि विस्थापित परिवारों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष गंगा नदी के कटाव से प्रभावित जवइनिया गांव के 70 परिवारों को बिलौटी गांव के दक्षिणी हिस्से में पुनर्वास के लिए प्रति परिवार तीन डिसमिल जमीन आवंटित की गई थी। प्रशासन का प्रयास है कि बाढ़ से पूर्व सभी प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध करा दिया जाए। मौके पर सीओ राकेश कुमार, जेई अस्मित श्रीवास्तव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सब्जी गोला मंडी में चलाया गया अतिक्रमण उन्मूलन अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर सोमवार को शहर के सब्जी गोला मंडी में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, नगर निगम की टीम एवं पुलिस पदाधिकारियों के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया गया। अभियान के तहत सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण की मापी कर अवैध कब्जों को चिन्हित किया गया तथा उन्हें हटाने की कार्रवाई की गई, जिससे आवागमन सुचारू हो सके और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नही हो। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में पुनः अतिक्रमण करने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, प्रशासनिक पदाधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखने एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। इस कार्रवाई में प्रशासनिक टीम के साथ पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## ट्रेन से कटकर असम निवासी युवक की मौत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा-सासाराम रेल खंडपर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तिनडारा पुल के समीप रेलवे ट्रैक पर सोमवार की सुबह ट्रेन से कटकर असम निवासी युवक की मौत हो गई। हादसे में मृतक के कमर का ऊपर हिस्सा पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना को लेकर आसपास की इलाके में अफरा-तफरी मची रही। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक असम के चिरांग जिले के पनवारी थाना क्षेत्र के 22 पनवारी अबदागुरी नंबर-1 निवासी हैदर अली का 19 वर्षीय पुत्र हजरत बिलाल है। इधर, मृतक के ममेरे भाई अमीनुल इस्लाम ने बताया कि वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ काम करने के लिए दिल्ली जाने का बोलकर घर से निकला था। इसी बीच यह घटना घट गई। इसके बाद वहां के स्थानीय पुलिस द्वारा दूरभाष के माध्यम से उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व दो बहन में बड़ा था। उसने एक वर्ष पूर्व लव मैरेज की थी। लेकिन किसी कारण उसकी पत्नी पांच माह पहले ही उसे छोड़कर चली गई।

## मिट्टी से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की मौत

### सिन्हा थाना क्षेत्र के महुदही बांध पर सोमवार की दोपहर घटी घटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के महुदही बांध पर सोमवार की दोपहर मिट्टी से लदी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। इलाज के लिए बड़हरा के मनीछपरा स्थित पीएचसी ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की सनदिया गांव निवासी कमलेश यादव का 19 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार यादव उर्फ छोटू यादव है। इधर, मृतक के भाई संजय यादव ने बताया कि वह गांव के ही धनजी यादव के लड़के के साथ ट्रैक्टर पर मिट्टी लोड करने के लिए बड़हरा थाना क्षेत्र के नेकनाम टोला गया था। वहां से मिट्टी लोड कर ट्रैक्टर लेकर वापस लौट रहा था। तभी महुदही बांध पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तब स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए बड़हरा के मनीछपरा स्थित पीएचसी लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां गंगा देवी व चार भाई योगेश यादव, संजय यादव, बृजेश यादव, विकास यादव एवं एक बहन आशा देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया। उसकी मां गंगा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आपसी समन्वय के साथ शीघ्र पूर्ण करें परियोजना का कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना से संबंधित निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होकर गया जिले में प्रवेश करती है। यह एक महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना है, जिसके अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज-03 से पैकेज-11) सम्मिलित हैं। परियोजना की कुल



लंबाई 77.69 कि.मी. है, जिसमें लगभग 12 कि.मी. गया जिले में तथा शेष 61.69 कि.मी. औरंगाबाद जिले में अवस्थित है। समीक्षा के दौरान परियोजना की समग्र भौतिक प्रगति (कुल भौतिक प्रगति) 58.25% दर्ज की गई, जबकि पिछले 7 दिनों में 1.16% प्रगति हुई है। विभिन्न पैकेजों की प्रगति का अवलोकन करते हुए पाया गया कि पैकेज-04 में सर्वाधिक 87.60% प्रगति हुई है, जबकि पैकेज-03 में 77.93%, पैकेज-05 में 64.79%, पैकेज-06 में 65.58%, पैकेज-08 में 54.94% तथा पैकेज-11 में 60.32% प्रगति दर्ज की गई है। पैकेज-07 में कार्य प्रारंभिक अवस्था (1.49%) में है। बैठक में कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा नक्शा एवं पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा सभी एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा उपलब्ध संसाधनों (मैनपावर एवं मशीनरी) का समुचित उपयोग करने का सख्त निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में यह भी अवगत कराया गया कि विगत दिनों में हुई रुक-रुक कर वर्षा एवं निर्माण सामग्री की उपलब्धता में आई बाधाओं को जिला प्रशासन द्वारा ससमय निराकरण की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हे. भूमि अधिग्रहित की जानी है, जिसके विरुद्ध 38.4132 हे. भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। शेष भूमि में 2.400 हे० (81 रैयत) धारा 11(1) के अंतर्गत प्रक्रियाधीन है तथा 0.1763 हे. (15 रैयत) भूमि बिहार लैंड लीज पॉलिसी, 2014 के तहत निबंधन की प्रक्रिया में है। 0.2615 हे० भूमि अंतरण की प्रक्रिया में है। शेष सभी कार्यों को 25 मई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार गया जिले में कुल 96.749 हे० भूमि के विरुद्ध 88.045 हे० भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि बिहार लैंड लीज पॉलिसी, 2014 के अंतर्गत 70 रैयतों में से 55 रैयतों का निबंधन पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 15 रैयतों का निबंधन एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। वितरण प्रणाली से संबंधित निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है तथा संबंधित एजेंसियों को समयबद्ध निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है। नबीनगर, अंबा एवं औरंगाबाद डिवीजन के शेष कार्यों के लिए प्राक्कलन में प्राप्त आपत्तियों के अनुपालन की कार्रवाई जारी है। भूमि अर्जन मद में 30.00 करोड़ रूपये की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। अंत में मुख्य सचिव ने परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि परियोजना से क्षेत्र के किसानों को शीघ्र लाभ मिल सके।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर सुशील कुमार सिंह ने जताया हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर औरंगाबाद में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। पूर्व सांसद ने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और राज्यों के देवतुल्य मतदाताओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जनादेश देने के लिए जनता का विशेष आभार व्यक्त



किया। उन्होंने कहा कि केरल और तमिलनाडु में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है और आने वाले चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। सुशील कुमार सिंह ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनाने जा रही है, जो किसी राजनीतिक चमत्कार से कम नहीं है। इस अवसर पर भाजपा के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जाहिर की। इनमें सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह, पुरषोत्तम सिंह, मनोज शर्मा, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, अधिवक्ता आदित्य शेखर, युवा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री जुलेखा खातून, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह, अनिल सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, अनिता सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, बिनोद सिंह, राजेश सिंह, अमरीश सिंह, विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनीन्द्र राम, अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार उर्फ राजू, प्रवीण गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, विनय सिंह, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, उषा सिंह, सुमन अग्रवाल, सोनम सिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने जीत पर हर्ष व्यक्त किया।

# प्रथम चरण में मकान सूचीकरण के लिए घर-घर जा रहे प्रगणक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गौरतलब है की भारत की जनगणना 2027 का आयोजन दो चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण के अंतर्गत "मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण संकलन" का कार्य दिनांक 02 मई से 31 मई तक संचालित किया जा रहा है। इस दौरान प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर निर्धारित प्रपत्र के अनुसार आवश्यक जानकारी संकलित की जा रही है। जिलाधिकारी



द्वारा सभी चार्ज अधिकारियों से मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित सभी पदाधिकारी आज मकान सूचीकरण से संबंधित रिपोर्ट शत-प्रतिशत रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर समय पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनगणना कार्य के सुचारू संचालन हेतु पर्यवेक्षकों द्वारा प्रगणकों के कार्यों का नियमित अनुश्रवण किया जाए। साथ ही चार्ज अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि जनगणना कार्य में संलग्न सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक निर्धारित समयावधि के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर कार्य संपन्न करेंगे। इस दौरान आम नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करें तथा सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलावासियों से अपील की जाती है कि वे इस महत्वपूर्ण जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय दायित्व के सफल क्रियान्वयन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## आंधी पानी एवं वज्रपात के साथ मौसम में आया बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** मौसम विभाग ने औरंगाबाद सहित बिहार के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। 7 मई तक हल्के बारिश के साथ साथ आकाशीय बिजली गिरने एवं 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से तेज हवा चलने कि संभावना है। इस दौरान कभी तेज धुप तो कभी बादल छाए रह सकते है। मौसम खराब होने पर पशुओं को खुले में एबं पेड़ के निचे नहीं बाधे। 9 मई तक गर्मी और हिट वेब का अलर्ट नहीं है जिससे गर्मी से थोड़ा राहत मिलेगा।

# पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के 1.5 लाख रूपये कराए वापस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** साइबर पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड के जरिए खाते उड़ाए गए 1.5 लाख रूपये पीड़ित को वापस करा दिए। साइबर शातिरों ने बीते दिनों खाते से रूपये गायब कर दिए थे जिसकी पीड़ित सुजीत कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। जब इसकी जानकारी साइबर पुलिस उपाधीक्षक अनुराग कुमार को हुई तो वह पैसा वापस कराने में जुट गए। पैसा वापस आने की जानकारी जब युवक को मिली तो चेहरे पर मुस्कान आ गई और पुलिस की प्रशंसा की। साइबर पुलिस उपाधीक्षक अनुराग



कुमार ने बताया कि साईबर अपराधियों ने यूपीआई फ्रॉड कर सुजीत कुमार के बैंक खाता से 1.5 लाख रूपये उड़ा लिए थे। इस मामले में पीड़ित ने साइबर थाना में एफआइआर दर्ज कराई थी। इस कांड का सफल उद्भेदन के बाद फ्रॉड की गई राशि पीड़ित को वापस दिला दिया गया है। कहा कि पुलिस आम लोगों से अपील भी कर रही है कि इस तरह की ठगी से बचने के लिए अजनबियों से अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी पर नजदीक के थाने या साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करे।

# बंगाल की जीत मोदी-शाह के प्रति अटूट विश्वास का परिणाम : विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पश्चिम बंगाल के चुनाव में भाजपा की जीत को ओबरा से विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने भारतीय राजनीति के एक नए युग की शुरुआत बताया है। कहा कि पश्चिम बंगाल में एनडीए की यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति लगातार बढ़ रहे जनता के अटूट विश्वास की जीत है। बंगाल की जनता ने इस बार स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अब विकास और राष्ट्रवाद की मुख्यधारा से जुड़ना चाहती है, और इसी सकारात्मक सोच ने केंद्र सरकार की



नीतियों पर अपनी स्वीकृति की मुहर लगा दी है। विधायक ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बीते वर्षों में बंगाल जिस अराजकता, राजनीतिक हिंसा और भ्रष्टाचार के दौर से गुजर रहा था, उसके प्रति जनता के भीतर दबा हुआ आक्रोश इस बार ईवीएम मशीनों पर स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ा। कहा कि यह जीत दर्शाती है कि जनता अब खोखले वादों और डराने-धमकाने वाली राजनीति को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। देश में अब जातीय वहम और उन्माद फैलाने वाली ताकतों का समय समाप्त हो चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र में अब 'सबका विश्वास' भी पूरी तरह समाहित हो चुका है, जिसका प्रमाण बंगाल के हर वर्ग से एनडीए को मिला भारी समर्थन है।

# अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, शराब व निर्माण सामग्री बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। सदीपुर से हरिणा जाने वाली सड़क पर ग्राम कचहरी के समीप छापेमारी कर पुलिस ने देशी शराब के साथ शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाली भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की योजना बनाई गई। छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक कुणाल कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार, पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के गणेश कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

छापेमारी के दौरान सदीपुर से हरिणा जाने वाली सड़क पर करीब 200 मीटर आगे ग्राम कचहरी के



पास परती जमीन और एक गोदाम की दीवार के पास रखे पुआल की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में झारखंड उत्पाद अंकित 200 मिलीलीटर के 690 पाउच, कुल 138 लीटर देशी शराब बरामद की गई। इसके अलावा 50 लीटर क्षमता के सात नीले गैलन में कुल 350 लीटर स्प्रिट, शराब पैकिंग करने वाली लगभग दो हाथ ऊंची लोहे की मशीन, 1500 पीस बोतल के ढक्कन, झारखंड उत्पाद अंकित 2000 प्लास्टिक पन्नी, रॉयल क्लासिक लेमन वोदका और टनाका नामक ब्रांड के 800 स्टीकर, टोंटी लगा 60 लीटर का नीला खाली ड्रम, एक छोटा गैस सिलेंडर तथा हीरो कंपनी की दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।

हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही शराब कारोबारी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम को सख्ती से लागू कराने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस मामले में कांड संख्या 173/26 दर्ज कर शराब कारोबारियों की पहचान की जा रही है और आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से शराब तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है और उनमें भय का माहौल देखा जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों के बीच भी इस कार्रवाई की चर्चा है और इसे शराबबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में पुलिस की सराहनीय पहल बताया जा रहा है।

# अवैध तरीके से बालू डंप करने पर 1.45 लाख का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में अवैध बालू खनन और भंडारण के खिलाफ खनन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर में खनन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 1100 घनफुट अवैध बालू जब्त किया है। मामले को लेकर उपहारा थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार, खनन विभाग जिले भर में अवैध बालू भंडारण के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी अभियान के तहत उपहारा पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर हामिदनगर स्थित एक बालू भंडारण पर छापेमारी की गई, जहां भारी मात्रा में अवैध रूप से बालू डंप कर रखा गया था। इस कार्रवाई के बाद बालू माफिया में हड़कंप मच गया है। विदित हो कि बालू माफिया तमाम कायदे कानूनों को ताक पर रखकर बेधड़क पुनपुन नदी अवैध उत्खनन कर आसपास के खेतों में या फिर अपने सुविधा अनुसार अलग-अलग स्थान पर भंडारण किया गया है। इससे बिहार सरकार को लाखों रूपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। खनिज विकास पदाधिकारी हरेश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में खान निरीक्षक



कुमार प्रत्यूष एवं थानाध्यक्ष आकाश कुमार की अहम भूमिका रही। खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष ने बताया कि हामिदनगर में भोला यादव के द्वारा अवैध रूप से भंडारित 1100 घनफुट बालू को जब्त करते हुए 1 लाख 47 हज़ार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। जब्त किये गये बालू को उपहारा थाना को हवाले किया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ताकि अवैध रूप से बालू भंडारण करने वाले को चिह्नित किया जा सके। अवैध भंडारण में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुनपुन नदी से बालू के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को रोकने के लिए एक ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। खान निरीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध खनन अथवा खनिजों के अवैध परिवहन की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल संबंधित विभाग अथवा स्थानीय प्रशासन को सूचित करें। नागरिकों के सहयोग से ही इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन





DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) | MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।




डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

# अपराध में संलिप्त 26 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से नौ अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी में 1, हत्या प्रयास में 3, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 2 तथा अन्य मामलों में 20 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 249 लीटर देसी शराब, 350 लीटर स्प्रिट, 1100 सीएफटी बालू, 2 पैकिंग मशीन, 1 गैस सिलेंडर, 1 ड्रम, 1500 पीस ढक्कन, 2800 पीस स्टीकर, बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1200 वाहनों की जांच की गई जिसमें 85000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है।

Mount Energy 927947823
Empowering The World
सोलर लगाइए बिजली बिल और रिचार्ज मीटर से जीवन भर छुटकारा पाइए!
78000 तक की सरकारी सब्सिडी
सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक से आसान किस्तों में लोन
तो देर किस बात की अभी संपर्क करें
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
BREDA ऊर्जा विभाग
ROOF TOP SOLAR | SOLAR ATTA CHAKKI | SOLAR PUMP | SOLAR STREET LIGHT





Address- Plot No-334, Club Road, Auranagabad ( Bihar), PH No- 9279478232